राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, मंगलवार ,08 अप्रैल 2025
वर्ष 06,अंक 189, पृष्ट 12,मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

सपा नेता के ठिकानों पर ED की बड़ी कार्रवाई ......02

खून से लथपथ मिला युवक का शव इलाके में सनसनी.......12

# बरेली में साल भर चला एक नकली थाना

बरेली। उत्तरप्रदेश, जहां के बारे में बहुत शोर सुनाई देता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने और कुछ किया न किया हो, पर देश के इस सबसे बड़े राज्य के गुंडे-माफियाओं को खत्म कर कानून-व्यवस्था की स्थिति सुधार दी है । खुद योगी भी दावा करते रहे हैं कि उनकी सरकार ने गुंडों-माफियाओं को यूपी से साफ कर दिया है. लेकिन, यूपी के बड़े शहर से आई यह खबर बताती है कि असलियत में चल क्या रहा है । द टेलीग्राफ में रिपोर्ट है कि तीन पुलिसकर्मियों ने बरेली शहर में एक साल तक एक 'नकली' पुलिस स्टेशन चलाया, जहां उन्होंने लोगों को झूठे आरोपों में बंद कर दिया और फिरौती की मांग की । उनके लालच का अंत शुक्रवार को हुआ, जब उनके नवीनतम शिकार के बेटे ने पहली फिरौती चुकाने के तुरंत बाद दूसरी मांग मिलने पर वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया । कस्बा चौकी पर तैनात आरोपी पुलिसकर्मियों ने इलाके में एक रबर फैक्ट्री के हिस्से पर कब्जा कर उसे पुलिस स्टेशन जैसा रूप दे दिया था, जिसमें नकली लॉकअप भी शामिल था । सूत्रों के अनुसार उन्होंने एक साल तक अपहरण और फिरौती का रैकेट चलाया. पड़ोसी उत्तराखंड (योगी के गृह राज्य) की पुलिस ने इस बारे में उत्तरप्रदेश के अधिकारियों को खबर की थी, लेकिन कुछ हुआ नहीं। नाम न बताने की शर्त पर एक पुलिसकर्मी ने बताया कि उत्तराखंड पुलिस ने कुछ महीने पहले उत्तर प्रदेश के अपने समकक्षों को बताया था कि सब-इंस्पेक्टर सिंह दोनों राज्यों के बीच हेरोइन की तस्करी कर रहा हैतीन पुलिसकर्मियों ने पूरे एक साल तक बरेली शहर में फर्जी पुलिस



स्टेशन चलाया, जिसमें लोगों को झूठे आरोपों में फंसाकर फिरौती मांगी गई। शुक्रवार को लालच के कारण उनका पतन हो गया, जब उनके नवीनतम शिकार के बेटे ने पहली बार फिरौती मांगने के तुरंत बाद फिरौती की दूसरी मांग की, और वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया।उत्तर प्रदेश पुलिस के सूत्रों ने बताया कि कस्बा चौकी पर तैनात आरोपी पुलिसकर्मियों ने इलाके में एक रबर फैक्ट्री के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया था और उसे नकली लॉकअप के साथ पुलिस स्टेशन का रूप दे दिया था। सूत्रों ने बताया कि वे एक साल तक अपहरण और फिरौती का धंधा करते रहे। शुक्रवार को तीनों - सब-इंस्पेक्टर बलबीर सिंह और कांस्टेबल हिमांशु तोमर और मोहित कुमार - कथित तौर पर भिटौरा गांव में एक किसान के घर में घुस गए और उन पर ड्रग्स और अवैध आग्नेयास्त्र रखने का आरोप लगाया।उन्होंने किसान के बेटे के बगल में एक कुर्सी पर एक अवैध पिस्तौल रखी और अपने आरोपों को साबित करने के लिए एक वीडियो शूट किया, किसान ने शनिवार को स्थानीय पत्रकारों को नाम न बताने की शर्त पर बताया। किसान ने कहा उन्होंने घर में तोड़फोड़ की, मुझे रबर फैक्ट्री में ले गए और मुझे लॉकअप में डाल दिया। हमें एहसास नहीं हुआ कि यह असली पुलिस स्टेशन नहीं था ।उन्होंने मेरे परिवार से ?2 लाख मांगे, जो उन्हें कुछ ही घंटों में दे दिए गए। लेकिन उन्होंने मुझे नहीं छोड़ा और और मांगे। तब मेरे बेटे ने वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क करने का साहस जुटाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य बताया कि हमें कल (शुक्रवार) शाम को सूचना मिली कि फतेहगंज थाने के अंतर्गत कस्बा चौकी के प्रभारी ने किसी व्यक्ति को हिरासत में लिया है और उससे पैसे की मांग कर रहे हैं। मैंने इस बारे में पूछताछ करने के लिए एक सर्किल अधिकारी को भेजा। सर्किल अधिकारी ने हिरासत में लिए गए व्यक्ति से मुलाकात की और उसका बयान लिया। हमने चौकी प्रभारी और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया, जब यह पुष्टि हो गई कि वे अपराध में शामिल थे। आर्य ने कहा कि तीनों को निलंबित कर दिया गया है और उन पर कई आपराधिक अपराधों के लिए मामला दर्ज किया गया है, जिसमें अनधिकार प्रवेश, अपहरण, गलत तरीके से बंधक बनाना, धमकाने और कीमती सामान की मांग करना, स्वेच्छा से चोट पहुंचाना, आपराधिक धमकी और जानबूझकर अपमान करना शामिल है। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में पुलिस विभाग पर बड़ी कार्रवाई की गई है । एसएसपी बरेली ने सात सिपाहियों को निलंबित कर दिया है । विभागीय जांच के बाद एसएसपी ने यह आदेश जारी किया है । सिपाही रजत और हेड मुहर्रिर मनोज ने एसएसपी बरेली को धोखा दिया था । किसान के अपहरण और फिरौती व वसूली के आरोपी सब इंस्पेक्टर का दोनों ने साथ दिया था. आरोपी सब इंस्पेक्टर बलवीर सिंह की सरकारी पिस्टल सिपाही रजत और सिर मोहर्रम मनोज ने थाने में जमा की. आरोपी सब इंस्पेक्टर बलवीर सिंह फरार है । फरार आरोपी एसआई बलवीर सिंह से पिस्टल लेकर नियम विरुद्ध तरीके से थाने में जमा करवाई । इसके अलावा चार और पुलिसकर्मियों पर भी गाज गिरी है. इन चारों पर नौकरी में लापरवाही और अनुशासनहीनता के चलते एक्शन लिया गया है । महिला सिपाही मायावती सहित पांच को निलंबित किया गया है. मायावती, अहमद सुरजीत और सिपाही बॉबी कुमार को निलंबित किया गया । इसके अलावा आईजी की मेस में तैनात फॉलोअर विक्की कश्यप को भी निलंबित किया गया है । अनुशासनहीनता और ड्यूटी में लापरवाही का बड़ा आरोप है । विभागीय जांच का आदेश दिया गया है ।

# गुंडा टैक्स न देने पर बस चालक से मारपीट, 20 हजार की लूट

## थानाध्यक्ष पर विपक्षी से सांठगांठ कर FIR बदलवाने का आरोप



### पीड़ित ने कहा- अगर न्याय न मिला तो डीएम और एसपी कार्यालय पर करूंगा आमरण अनशन

स्वतंत्र प्रभात

**अहिरौली (संवाददाता)।** अंबेडकरनगर के अहिरौली थाना क्षेत्र में एक बस चालक व परिचालक के साथ मारपीट, अभद्रता और लूट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने स्थानीय थानाध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि विपक्षियों से सांठगांठ के चलते उनके द्वारा दर्ज शिकायत को बदलवाया गया और लूट की बात को तहरीर से हटवाकर मामूली धाराओं में कार्यवाही की गई।

**क्या है मामला?**

ग्राम हीड़ी पकड़िया निवासी रमेश यादव लखनऊ से जलालपुर के बीच एक प्राइवेट बस के परिचालक हैं। रमेश ने बताया कि बीते 6 अप्रैल को वे रोज़ की तरह सवारियों को लेकर लखनऊ से जलालपुर जा रहे थे। जैसे ही वे खेमापुर नहर के पास पहुंचे, तभी उमेश नामक व्यक्ति ने उन्हें रोक लिया और गुंडा टैक्स की मांग करने लगा। रमेश के अनुसार, जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उमेश और उसके साथियों ने उन्हें लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा। बस में मौजूद यात्रियों से भी बदसलूकी और मारपीट की गई। मारपीट के दौरान रमेश की जेब में रखे 20,000 नकद भी छीन लिए गए, जो बस की कमाई का और कुछ उनका अपनी कमाई का पैसा था। बस में बैठे यात्री ने घटना का वीडियो बना लिया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

**पीड़ित का बयान**

मैंने जब अहिरौली थाने में तहरीर दी तो थानाध्यक्ष ने साफ कहा कि लूट का मामला हटा दो, नहीं तो केस ही दर्ज नहीं होगा। उन्होंने विपक्षियों को बचाने के लिए मेरी लिखित शिकायत को फाड़ कर फिंकवा दिया।जब मैंने विरोध किया तो उन्होंने मुझे ही डांटकर भगा दिया। मुझे इंसाफ चाहिए। अगर जल्द ही निष्पक्ष कार्यवाही नहीं हुई तो मैं जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर आमरण अनशन करूंगा। **रमेश यादव, पीड़ित बस चालक**

**थाने पर उठे सवाल**

इस पूरे मामले में अहिरौली थानाध्यक्ष की भूमिका संदेह के घेरे में है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, थानाध्यक्ष की विपक्षी उमेश से पहले से सांठ -गांठ थी। यही कारण है कि उन्होंने पीड़ित की गंभीर शिकायत को हल्के में लेते हुए उचित धाराएं लगाने से इनकार कर दिया।

**स्थानीय लोगों में आक्रोश**

घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों और बस चालकों में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि अगर पुलिस गरीबों की सुनवाई नहीं करेगी और दबंगों को संरक्षण देती रहेगी, तो आम आदमी कैसे सुरक्षित रहेगा?

**प्रशासन से मांग**

जनपद के कई सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक अंबेडकरनगर और प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की जा रही है कि थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से हटाकर विभागीय जांच की जाए।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बरेठी बाला जी मंदिर के पुजारी हुए ब्रम्हलीन ।

मिश्रिख (सीतापुर)महर्षि दधीचि की पावन धर्म धरती पर 84 कोशीय परिक्रमा क्षेत्र के पड़ने वाली ग्राम पंचायत बरेठी में स्थित बालाजी आश्रम के पुजारी मूलचंद दास उर्फ मौनी बाबा उम्र लग भग 70 वर्ष दिनांक 6 अप्रैल को अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण सुबह ब्रह्मलीन हो गए थे। ग्राम प्रधान देशराज सिंह ने बताया हैं। कि मूलचंद दास उर्फ मौनी बाबा महोबा चित्रकूट के रहने वाले थे। वह हमेशा मौन धारण किए रहते थे। अगर कुछ कहना होता था । तो इशारों में बाते करते थे। वह यहां का चौरासी कोसीय धार्मिक परिक्रमा करने आया करते थे । बीते 15 वर्षों से वह बरेठी के बालाजी मंदिर पर रहकर बाला जी की पूजा अर्चना सेवादार का कार्य किया करते थे । परंतु बीते दिवस अचानक स्वास्थ्य बिगड़ जाने के कारण वह ब्रह्मलीन हो गए थे। उनके परिवारीजनों के आने के बाद आज सुबह उनका अंतिम संस्कार किया गया है।

### जमीन के विवाद में हत्या करने वाला एक अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना अन्तू पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र अन्तू के एआरटीओ आफिस के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। 06 अप्रैल को थाना अन्तू क्षेत्रांतर्गत ग्राम डंगरी में वादिनी के परिजनों के साथ आरोपीगणों द्वारा गाली गलौज, मारपीट, धमकी व लोहे की राड, लाठी डण्डों से हमला करने के प्रकरण में वादिनी की प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अन्तू पर नामजद दो अभियुक्त व एक अभियुक्ता के विरुद्ध अभियोग दर्ज किया गया था।थाना अन्तू प्रभारी निरीक्षक आनन्द पाल सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक विनोद कुमार यादव मय हमराह द्वारा मुखबिर से मिली सूचना पर थाना अन्तू के संबंधित मुकदमे में वांछित एक अभियुक्त धर्मेन्द्र उर्फ बबलू पुत्र राम निहोर निवासी ग्राम डंगरी थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र अन्तू के एआरटीओ आफिस के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की निशा देही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक रॉड भी बरामद किया गया।

# बस्ती महासंघ के सदस्यों के कल्याणार्थ पीतांबरा का दर्शन पूजन, मांगा मां से आशीर्वाद

## प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा और छत्तीसगढ़ मे होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी पर की गहन चर्चा

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय और प्रांतीय मुख्य महासचिव उत्तरप्रदेश मधुसूदन सिंह ने महासंघ के सभी सदस्यों के कल्याण और महासंघ की उत्तरोत्तर प्रगति के लिये अष्टमी तिथि दिन शनिवार को शक्तिपीठ मां पीतांबरा धाम मे दिन भर पूजन अर्चन किया। महासंघ के दोनों पदाधिकारियों ने मां पीतांबरा से जहां सभी सदस्यों के लिये सुख संपत्ति की याचना की, तो वही माता के दूसरे स्वरुप मां बगलामुखी से महासंघ से ईर्ष्या रखने वाले और क्षति पहुंचाने की कोशिश करने वालों को सद्बुद्धि देने की भी प्रार्थना की बता दे कि भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ देश के 14 से अधिक राज्यों मे



सक्रियता के साथ पत्रकारों की आवाज व संबल बन गया है। देश मे कही भी पत्रकारों के उत्पीड़न पर महासंघ बिना सदस्यता का विचार किये तुरंत पीड़ित पत्रकार के साथ खड़ा होने का काम करता है। दोनों पदाधिकारियों ने उत्तरप्रदेश की कार्यकारिणी की घोषणा पर भी गहनता के साथ विचार किया। साथ ही यह निर्णय किया कि इस बार प्रदेश कार्यकारिणी मे मात्र पद लेने वालों को दरकिनार कर सक्रिय रूप से संगठन को गतिशील बनाने वालों को ही पदाधिकारी बनाने के लिये केंद्रीय चयन समिति के पास प्रस्ताव भेजा जायेगा। इससे एक तरफ जहां सक्रिय सदस्यों का मनोबल बढ़ेगा, तो वही पद मिलने के बाद से निष्क्रिय हो चुके सदस्यों मे भी सक्रियता आ सकती है। साथ ही यह भी विचार केंद्रीय कार्यकारिणी को भेजनें का निर्णय किया गया कि इस वर्ष से सभी पदाधिकारियों पर अपने गृह जनपद से दूर कम से कम चार कार्यक्रमों मे भाग लेना अनिवार्य किया जाय। साथ ही यह भी विचार किया गया कि किसी भी प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष व मुख्य महासचिव का कम से कम एक बार प्रदेश के बाहर के आयोजनों हिस्सेदारी जरुरी की जाय। डॉ उपाध्याय और मधुसूदन सिंह ने आगामी 14 मई 2025 को रायपुर छत्तीसगढ़ मे होने वाली राष्ट्रीय संगोष्ठी मे उत्तरप्रदेश से अधिकाधिक संख्या मे भाग लेने के लिये अपील की है। मधुसूदन सिंह ने रायपुर राष्ट्रीय संगोष्ठी मे भाग लेने वालों को केंद्रीय कार्यालय के नंबर या डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय के नंबर पर पूर्व मे सूचना देने की अपील की है।

# मंदिर दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से मारपीट

स्वतंत्र प्रभात

**बीकेटी लखनऊ।** लखनऊ के मां चंद्रिका देवी मंदिर में दर्शन करने आए श्रद्धालुओं से मंदिर परिसर में प्रसाद की दुकान लगाने दुकानदारों ने कई लोगों के साथ मिल कर पिटाई कर दी मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने ने बाद पुलिस हरकत में आई और पीड़ित की शिकायत पर मारपीट करने वाले आरोपियों में 11 नामजद और 3 से 4 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की ।मामला बीकेटी थाना के कठवारा चौकी अंतर्गत के मां चंद्रिका देवी मंदिर परिसर का है जहां पीयूष शर्मा निवासी थाना अलीगंज जो कि अपनी बहन व भाइयों के साथ चंद्रिका देवी मंदिर दर्शन करने आए थे तभी मंदिर परिसर में लगे टीन सेट के नीचे प्रसाद की दुकान लगाने वाले अंकित ने पीड़ित परिवार पर जबरदस्ती प्रसाद लेने का दबाव बनाने लगा और अपनी दुकान की तरफ खींचने लगा पीड़ित के मना करने पर अंकित ने अन्य दुकानदार साथियों विकास



सिंह ,दीपू सिंह ,प्रियांशु, दिलीप ,कुलदीप, फुरे उर्फ कुलदीप,अंकुल ,अरुण, हरि ओम, गणेश तथा तीन चार अन्य लोगों के साथ मिलकर पीयूष शर्मा व उनके साथ आए भाई बहन व दोस्तों को बेल्ट व लाठी डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी पीड़ित परिवार किसी तरह जान बचा कर भागे मारपीट में भाई बहन और दोस्त को चोटें भी आई घटना का वीडियो मंदिर परिसर में लगे सी सी टीवी में कैद हो गई । एसीपी बीकेटी अमोल मुरकुट ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है बाकी की तलाश की जा रही है और भविष्य में मंदिर परिसर में ऐसी घटना न हो इसके लिए मेला कमेटी से भी वार्ता की गई है ।

**कार्यवाही** — कब्जे से 10 स्वचालित अवैध पिस्टल, चार अवैध तमंचा, आठ पिस्टल की खाली मैगजीन व सात सौ रूपया बरामद किया गया

# पुलिस व एसओजी के हत्थे चढ़े तीन असलहा तस्कर

स्वतंत्र प्रभात


**प्रयागराज ।** थाना नैनी पुलिस टीम एवं एसओजी यमुनानगर जोन टीम की संयुक्त कार्यवाही में तीन अन्तर्जनपदीय असलहा तस्कर गिरफ्तार किए गए, कब्जे से 10 स्वचालित अवैध पिस्टल, चार अवैध तमंचा, आठ पिस्टल की खाली मैगजीन व सात सौ रूपया बरामद किया गया। रविवार को वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविन्द कुशवाहा, दरोगा सुनील कुमार यादव, दरोगा धर्मेन्द्र कुमार यादव, दरोगा नवीन कुमार सिंह (प्रभारी) एसओजी यमुनानगर, हेड कांस्टेबल चालक दिनेश सिंह, कांस्टेबल रंजीत यादव, कांस्टेबल आकाश दीप, कांस्टेबल जसवीर सिंह, कांस्टेबल सिद्धेश्वर पाण्डेय, कांस्टेबल मनोज कुमार, दरोगा प्रमोद यादव (प्रभारी) सर्विलांस सेल संयुक्त टीम द्वारा 03 अन्तर्जनपदीय असलहा तस्कर नीरज मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा निवासी मदरा मुकुन्दपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज, सुनील दुबे पुत्र राम शिरोमणि दुबे उर्फ अमित दुबे निवासी हरसड़ थाना हलिया जनपद



मिर्जापुर व सत्य प्रकाश यादव पुत्र विजय नाथ यादव निवासी डोहरिया थाना मेजा जनपद प्रयागराज को सोमवार को पुराना टोल प्लाजा नैनी अंडर पास पुलिया के पास से गिरफ्तार करते हुये उनके कब्जे से अवैध पिस्टल, तमंचा व रूपया बरामद करने सफलता प्राप्त हुई।डीसीपी यमुनानगर विवेक चंद्र यादव ने बताया कि सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थाना नैनी पुलिस व एसओजी यमुनानगर प्रयागराज की संयुक्त टीम द्वारा पुराना टोल प्लाजा नैनी अंडर पास पुलिया के पास से अवैध असलहा तस्करी व विक्रय की सूचना पर घेराबंदी करके अभियुक्तगण नीरज मिश्रा, सुनील दुबे, सत्य प्रकाश यादव उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त नीरज मिश्रा उपरोक्त के कब्जे से बैग में छः अवैध स्वचालित पिस्टल, चार अवैध तमंचा एवं आठ पिस्टल की खाली मैगजीन तथा बैंग के ऊपरी पाकेट से सात सौ रूपये व अभियुक्त सुनील दुबे उपरोक्त के कब्जे से दो अवैध स्वचालित पिस्टल तथा अभियुक्त सत्य प्रकाश यादव उपरोक्त के कब्जे से दो अवैध स्वचालित पिस्टल बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि विपिन दूबे निवासी खानपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज की तलाश की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया कि हम लोग विपिन दुबे निवासी खानपुर थाना मेजा जनपद प्रयागराज से पिस्टल 26,000/ रुपये व तमंचा 3500/ रुपये के रेट में लेते थे। इसके पूर्व में भी हम लोगों के द्वारा अन्य जनपदों में विपिन के द्वारा बताये गये लोगों को पिस्टल व तमंचा सप्लाई करते रहे है। हम लोग पिस्टल 30,000/ रुपये व तमंचा 4500/- रूपये के रेट में बेचते थे। अपना कमीशन काटकर शेष रुपये विपिन को दे देते थे। वहीं पुलिस उपायुक्त यमुनानगर विवेक चंद्र यादव द्वारा थाना नैनी पुलिस एवं एसओजी यमुनानगर की संयुक्त टीम के द्वारा किये गये उक्त सराहनीय कार्य के फलस्वरूप टीम को उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

# ग्राम पंचायत करमैती में लगी कई बीघा फसल हुआ जलकर राख

हरैया सतधरवा बलरामपुर जी हां आपको बताते चलें यह पूरा मामला जनपद बलरामपुर के हरैया सतधरवा ग्राम पंचायत करमैती का जहां पर कुछ अज्ञात कारणों से आग लग गई देखते ही देखते मौके पर आग ने अपना



विकराल रूप धारण कर लिया जिससे कयी किसानों का 15 से 20 बीघा गन्ना एवं गेहूं जलकर राख हो गया जिसमें रामशरण यादव का 5 बीघा गेहूं, रामसागर यादव का 5 बीघा गेहूं ,मंगली प्रसाद जायसवाल का 4 बीघा गन्ना, तथा मालिक राम जयसवाल का 3 बीघा गन्ना ,रामदयाल यादव का 2 बीघा गन्ना, जलकर राख हो गया है कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया और अगल-बगल के किसानों को भारी नुकसान से बचाया गया। हल्का लेखपाल से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर बताया गया की जानकारी हुई है मौके पर सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिलाया जाएगा।

# संक्षिप्त खबरें

## राम जन्मोत्सव की 25वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन



### आकाशवाणी और दूरदर्शन के लोक कलाकारों ने देर रात तक सोहर और बधाई लोकगीत पर श्रोता न्योछावर लुटाए

**खजनी गोरखपुर-** ब्लॉक खजनी क्षेत्र के रुद्रपुर गांव के प्राचीन काली मंदिर परिसर में राम जन्मोत्सव के आयोजन के 25वें वर्ष रजत जयंती के अवसर पर भव्य आयोजन किया गया. राम नवमी को दिन में 12 बजते ही पूरा परिसर "भय प्रकट कृपाला दीनदयाला" की स्वर लहरियों से गूंज उठा, भगवान श्रीराम की सुंदर मनमोहक झांकी सजाई गई. आकाशवाणी और दूरदर्शन के लोक कलाकारों ने मधुर संगीतमय् भजन प्रस्तुत किए. सोहर और बधाई लोकगीतों पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने न्योछावर लुटाए. वासंतिक नवरात्र पर प्रतिवर्ष की भांति 9 दिनों तक प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ,रामचरित मानस नव्हान्न पारायण पाठ तथा सायंकाल भजन संध्या और रामलीला का आयोजन किया गया।भक्त श्रद्धालुओं और ग्रामवासियों के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में लोग श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। मुख्य रूप से बृज किशोर उर्फ गुलाब त्रिपाठी राहुल त्रिपाठी आदर्श त्रिपाठी जीतन त्रिपाठी सच्चीता पांडेय सहित सैकडो भक्त उपस्थिति रहे।

## खेलो जे०एस०एस० 2025 का हुआ भव्य शुभारंभ

सीतापुर जे0 एस0 सिंह इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी ग्राम पारा सराय पोस्ट धोधी तहसील लहरपुर जिला सीतापुर में खेलो छ्स्स् 3.0 का आगाज हुआ और इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक अरुण कुमार सिंह



द्वारा रिबन काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संस्थान की डायरेक्टर डॉ0 भूमिका योगी एवं डॉ0 सुजीत गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलित कर संस्थान के प्रबंधक अरुण कुमार सिंह एवं लेखा अधिकारी अशोक सिंह द्वारा शांति के प्रतीक कबूतरों को उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा कि खेलो छ्स्स् का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है।कार्यक्रम में जे0 एस0 सिंह इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे । खेलो जेश्एसश्एसश 3.0 के इस नए सत्र में कई नए खेलों को भी शामिल किया गया है जैसे- जैवलिन थ्रो, डिस्क थ्रो ,टग आफ वार, शाट पुल , 100 मीटर रेस, लेमन रेस, सैक रेस, रिले रेस, बैडमिंटन, कार्यक्रम के अंत में संस्थान की डायरेक्टर डॉ0 भूमिका योगी ने सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि खेलो जे0 एस0 एस0 की इस पहल से निश्चित ही युवाओं को लाभ होगा और वे अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगे। इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य सूरज मिश्रा,अभिषेक मिश्रा, संजीव त्रिपाठी, रामनिवास, लतीफ खान, लवली प्रभा, अमन सिंह, प्रांजुल वर्मा, रजनीश कुमार, रामसेवक वर्मा, युगल किशोर वर्मा, शिवम जायसवाल, हरिओम मिश्रा, सौरभ मिश्रा, अंकित द्विवेदी, आयुष पांडे, आकाश मिश्रा, शिवेंद्र सिंह, नितिन मिश्रा, दीपांशु भार्गव, शिवम सिंह, लेखा अधिकारी अशोक सिंह, सनी सिंह, सूर्य प्रकाश सिंह, विवेक गुप्ता, सूरज सिंह, पिंकी गुप्ता, प्राची कश्यप एवं संस्थान के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहेद्य

## आखिरी दिन पूजन में उमड़े लोग, सांसद एवं पार्षद किया कन्या पूजन

**कानपुर।** बर्रा वार्ड 77 भारतीय जनता पार्टी पार्षद अखिलेश बाजपेई के द्वारा बर्रा विश्व बैंक सी सेक्टर में पार्क सुंदरीकरण स्मार्ट टीन शेड चबूतरे सहित अन्य कार्य का भूमि पूजन मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी के द्वारा कन्याओं का विधिवत पूजन कर किया गया इस मौके पर पार्षद अखिलेश बाजपेई ने मुख्य अतिथि सांसद रमेश अवस्थी को माल्यार्पण कर अंग वस्त्र पहनाया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने पार्षद अखिलेश बाजपेई के द्वारा चलाई जा रही नौ देवी नौ उद्घाटन मुहिम की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्पूर्ण वार्ड के विकास के लिए बधाई दी गई। पूजन के पश्चात पार्षद ने वरिष्ठ नागरिकों एवं सहयोगियों से बैठक कर केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कराए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

# सपा नेता के ठिकानों पर E D की बड़ी कार्रवाई

## 754 करोड़ की मनी लॉन्ड्रिंग केस में छापेमारी

स्वतंत्र प्रभात



**गोरखपुर-** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (E D) ने बड़ी कार्रवाई की है। सोमवार सुबह से गोरखपुर, लखनऊ, नोएडा, मुंबई और दिल्ली में स्थित उनके 8 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। यह कार्रवाई बैंकों से 754 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में की गई है। पिछले 14 महीनों में यह दूसरी बार है जब श्व्ठ ने उनके ठिकानों पर छापा मारा है। विनय शंकर तिवारी पूर्वांचल के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री रहे स्व. हरिशंकर तिवारी के बेटे हैं। श्व्ठ ने उनकी कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेज के खिलाफ जांच के तहत यह छापेमारी की है। इसके अलावा महाराजगंज जिले के कोल्हुई क्षेत्र में उनके रिश्तेदार और जिला पंचायत सदस्य दीपक पांडेय के घर भी सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

**मनी लॉन्ड्रिंग में गंगोत्री इंटरप्राइजेज पर आरोप**

प्रवर्तन निदेशालय के अनुसार, गंगोत्री इंटरप्राइजेज ने बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले 7 बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ रुपये की कैश क्रेडिट लिमिट ली थी, जिसे फर्जीवाड़ा कर निजी संपत्तियों में निवेश किया गया। जांच में सामने आया कि विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और सहयोगी अजीत कुमार पांडेय ने इस फर्जीवाड़े में अहम भूमिका निभाई। इससे पहले फरवरी 2024 में श्व्ठ ने 103 करोड़ रुपये की संपत्तियां जब्त की थीं, जबकि मार्च 2024 में 30.86 करोड़ की 12 प्रॉपर्टी अटैच की गई थी।

**राजनीतिक सफर और विवाद**

विनय शंकर तिवारी ने 2007 में राजनीति में कदम रखा। 2017 में उन्होंने बसपा के टिकट पर चिल्लूपार से पहली बार विधानसभा चुनाव जीता था, लेकिन 2022 में सपा में शामिल होने के बाद वह चुनाव हार गए। वह गोरखपुर लोकसभा सीट से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके हैं।

श्व्ठ की ताजा कार्रवाई से पूर्वांचल की राजनीति में हलचल मच गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस केस में और भी नाम सामने आ सकते हैं।

## मेडल और अंकपत्र पाकर खिले बच्चों के चेहरे



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार क्षेत्र के सिद्धार्थ हायर सेकंडरी स्कूल भठिया बाजार सेमरहना उसका बाजार में वर्ष 2024-25 के बच्चों को अंकपत्र सोमवार को प्रधानाचार्य रामनिधि यादव द्वारा वितरित किया गया। अंकपत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। स्कूल के संचालक सिद्धार्थ मिश्र ने बताया कि स्कूल अपने स्थापना काल से ही शिक्षा के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहा है। मार्च में सम्पन्न वार्षिक परीक्षा के अंकपत्र का वितरण सोमवार को समारोह पूर्वक किया गया। अंश मिश्र, साक्षी मौर्या, काजल साहनी, निगम, अमित यादव, अंकित प्रजापति, नियाज अहमद, मिथुन, निकहत अंजुम नेअपने क्लास में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन बच्चों को मेडल एवं अंक पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुषमा मिश्रा सहित अनेक शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरपार में वार्षिकोत्स्व कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



स्वतंत्र प्रभात

**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला ब्लॉक अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरपार में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम सोमवार को धूम धाम के साथ मनाया गया। जिसमे शिक्षक अभिभावक गोष्ठी एवं अंकपत्र का वितरण किया गया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत विज्ञान क्विज की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता की टापर रौशनी गौड़ क़ो विभाग द्वारा भेजी गयी 3000 रूपये की धनराशि ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्राम प्रधान द्वारा दी गयी। ग्राम प्रधान द्वारा अपने पास से भी और अभिभावक अंसार अहमद द्वारा भी अपने पास से नगद धनराशि देकर रौशनी क़ो सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों और अभिभावकों को शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रतियोगिता जैसे राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित प्रतियोगिता, नवोदय प्रवेश परीक्षा,अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा, साइंस इनोवेशन मॉडल प्रिपरेशन आदि के बारे में शिक्षक हरिकेश सिंह द्वारा बताया गया।प्रधान प्रतिनिधि मो इरफान, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष फूल चंद, प्रधानाध्यापक उपेन्द्र कुमार मिश्रा, शिक्षक दुर्गेश, सत्येंद्र, हरिकेश सिंह, सनोज, शिक्षिका संध्या राय, अर्पणा,रचना, अभिभावक रामकुमार, सत्यनारायण, मोश्अंसार, संजय, प्रमोद दुबे, गंगा सागर, धर्मदेव, रानी, आदि उपस्थित थे।

# विदाई समारोह एवं परीक्षाफल वितरण का आयोजन

**● विद्यालय में अर्जित ज्ञान ही बच्चों को जीवन की ऊंचाई तक पहुंचाता है**

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर-** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय, नगर पंचायत कस्बा संग्रामपुर उर्फ उनवल प्रथम,में कक्षा 8 के विद्यार्थियों हेतु भावपूर्ण विदाई समारोह एवं समस्त कक्षाओं के विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोरखपुर के पूर्व अध्यक्ष भक्तराज राम त्रिपाठी उपस्थित रहे । विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक अध्यक्ष युगेश कुमार शुक्ल, ब्लॉक मंत्री संग्राम सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक कृष्ण केशव मिश्र, सुनील कुमार उपाध्याय,अतुल प्रताप सिंह, अखिलेश त्रिपाठी, आशुतोष शुक्ल, अनीश सिंह, राम ललित, राम दुलारे, राजीव रंजन तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश गौड़ की गरिमा मयी उपस्थिति रही । विद्यालय परिवार की ओर से सभी आगंतुकों का माल्यार्पण एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर हृदय तल से स्वागत एवं सम्मान किया गया । इस अवसर पर सुमन देवी, बृजेश त्रिपाठी, सूरज सिंह, राजेंद्र यादव, सीमा पाण्डेय, विकास, समस्त रसोइया एवं विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे । मुख्य अतिथि भक्तराज राम त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को जीवन में अनुशासन, परिश्रम तथा संस्कारों को आत्मसात करने की प्रेरणा दी । उन्होंने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि विद्यालय में अर्जित ज्ञान ही बच्चों को जीवन की ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक होता है । ब्लॉक अध्यक्ष युगेश कुमार शुक्ल ने शिक्षकों को समाज का निर्माता बताते हुए विद्यालय की सतत सक्रियता और प्रयासों की सराहना की । वहीं ब्लॉक मंत्री संग्राम सिंह ने विद्यार्थियों को आगे की शिक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं तथा शिक्षकों की मेहनत की प्रशंसा की । सेवानिवृत्ति शिक्षक कृष्ण केशव मिश्र ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला एवं इस तरह के आयोजन के लिए विद्यालय परिवार की सराहना की। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों द्वारा भावुक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई और विद्यालय के प्रति अपने स्नेह व आभार को अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाध्यापक नवीन त्रिपाठी ने सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं एवं आशीर्वचन प्रदान किए । साथ ही, सभी अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए विद्यालय की उपलब्धियों और आगामी योजनाओं की जानकारी साझा की ।

# ख़जनी में सब्जी विक्रेता के साथ अभद्रता और धमकी पर स्तानीय पुलिस नही सुनी फरियाद तो एसएसपी से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात




**गोरखपुर-** जिले के खजनी थाना क्षेत्र के छताई चौराहे पर एक सब्जी विक्रेता के साथ कथित तौर पर अभद्रता, जातिसूचक टिप्पणी और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित सूर्यकश पुत्र धर्मदेव कन्नौजिया, ग्राम ध्रुवहा, पोस्ट छताई, तहसील खजनी, ने इस संबंध में स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।सूर्यकश ने बताया कि वह छताई चौराहे पर सब्जी की दुकान लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना दिनांक 04 अप्रैल 2025 की शाम 8︰30 बजे की है, जब ग्राम विनैयका निवासी अजय सिंह पुत्र रामजतन और शैलेश यादव पुत्र दिनानाथ यादव उनकी दुकान पर आए। दोनों ने खीरा लिया और खाने के बाद जब सूर्यकश ने पैसे मांगे तो आरोपियों ने न केवल पैसे देने से इनकार कर दिया, बल्कि माँ-बहन की गालियाँ दीं और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। इसके बाद उन्होंने सब्जियों को फेंकना शुरू कर दिया। सूर्यकश के मना करने पर आरोपियों ने कहा, "धोबी की जाति तुम्हारी, ये औकात है कि हमसे पैसा माँगो?÷सूर्यकश ने उसी दिन स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज की, लेकिन उनकी शिकायत पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद से दोनों आरोपी लगातार उन्हें धमकी दे रहे हैं कि ÷शिकायत वापस लो, वरना तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मरवा देंगे।"इस धमकी से सूर्यकश और उनका परिवार डर के साये में जी रहा है।पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि अजय सिंह और शैलेश यादव के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें और उनके परिवार को न्याय मिल सके। इस मामले में स्थानीय पुलिस की चुप्पी पर सवाल उठ रहे हैं। अभी तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएँ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए खतरा बन रही हैं। सूर्यकश ने अपनी याचना में कहा, "हम गरीब लोग मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का पेट पालते हैं। ऐसे में इस तरह की गुंडागर्दी हमें और डरा रही है। हम सिर्फ़ न्याय चाहते हैं।"



## कार्यालय ग्राम पंचायत गद्दौपुर वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गद्दौपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

बुधराम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गद्दौपुर
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत गद्दौपुर
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत टडवा गुलाम वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत टडवा गुलाम में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 1:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

महेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत टडवा गुलाम
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

राधेरमन प्रजापति
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत टडवा गुलाम
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरसहा वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुरसहा में वर्ष 2025 – 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

मालती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुरसहा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

राधेरमन प्रजापति
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत कुरसहा
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत पण्डरी पारासराय वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पण्डरी पारासराय में वर्ष 2025 – 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 12:30 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईट 3. ईट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

पूर्णिमा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पण्डरी पारासराय
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

राधेरमन प्रजापति
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत पण्डरी पारासराय
वि0 ख0 रुपईडीह जिला गोंडा

## संक्षिप्त खबरें

### बिजनौर में गला काटकर बजरंग दल के नेता की हत्या पिता और सौतेली मां घर में बेहोश मिले।

बिजनौर। गला काटकर जिला बिजनौर बजरंग दल के गौ सेवा जिला संयोजक की हत्या कर दी गई। घर में पिता और सौतेली मां बेहोश मिले. दोनों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. वारदात सोमवार की सुबह की बताई जा रही है. हत्या के पीछे का कारण संपत्ति विवाद बताया जा रहा है. घटना के बाद गांव में दहशत है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की. इसी बीच भारी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता और ग्रामीण भी जुट गए. वे वारदात के जल्द खुलासे और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा करने लगे. पुलिस के सामने ही परिजनों ने कुछ मीडियाकर्मियों से अभद्रता भी कर दी. एहतियातन गांव में फोर्स की तैनाती कर दी गई है। थाना किरतपुर के गांव गोविंदपुर के रहने वाले सतेंद्र (25) की सोमवार की सुबह धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई. घर में उसकी खून से सनी लाश पड़ी मिली. इससे कुछ ही दूरी पर सतेंद्र के पिता बलराम सिंह उर्फ बल्ले पहलवान और सौतेली मां मधुबाला बेहोश पड़े थे. गांव का एक व्यक्ति दूध देने के लिए घर पहुंचा. बार-बार आवाज देने पर भी जब कोई जवाब नहीं मिला तो उसने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। सतेंद्र बजरंग दल का गौ सेवा जिला संयोजक था. घटना की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी समेत किरतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई. पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल की. वहीं काफी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता भी जुट गए. उन्होंने घटना के विरोध में हंगामा करना शुरू कर दिया. पुलिस ने आश्वासन देकर सभी को शांत कराया. पुलिस ने पिता और सौतेली मां को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. एसपी सिटी संजीव बाजपेई ने बताया कि घटनास्थल की बारीकी से जांच की जा रही है. परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है. परिजनों ने सौतेली मां, पिता और सौतेले भाई पर हत्या का आरोप लगाया है. मामले की छानबीन की जा रही है. जल्द ही वारदात का खुलासा किया जाएगा।

### डायट प्रवक्ता अमित कुमार ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

सीतापुर परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज द्वारा आयोजित डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) की चतुर्थ सेमेस्टर परीक्षा का सफल संचालन जनपद सीतापुर में किया गया। जिला मुख्यालय



स्थित आरएमपी इंटर कॉलेज में परीक्षा केंद्र का निरीक्षण डायट सीतापुर के प्रवक्ता अमित कुमार एवं प्रवक्ता मोनिका गौतम द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक एवं समस्त संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा परीक्षा को पूर्णतः नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष बल दिया। डायट सीतापुर के प्राचार्य / उप शिक्षा निदेशक अतुल कुमार सिंह के कुशल निर्देशन एवं सतत निगरानी में परीक्षा का प्रथम दिवस सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की नकल अथवा अनुचित गतिविधि की कोई भी घटना प्रकाश में नहीं आई, जो कि प्रशासन एवं समस्त परीक्षा संचालन टीम की सजगता एवं तत्परता को दर्शाता है। डीएलएड परीक्षाओं की पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने हेतु जिला प्रशासन तथा डायट की टीम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।

## आवश्यकता है

काइनेटिक दिव्यांग रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर गला मऊ बाराबंकी में पीएम विश्वकर्मा योजना संचालित करने हेतु निम्न ट्रेनर की आवश्यकता है--

1- वॉशरमैन

2- डाल & टॉयज मेकिंग

**योग्यता-**

1-5 वर्ष का अनुभव(सर्टिफिकेट के साथ)

2- इंटरमीडिएट पास

दिनांक 10 अप्रैल को सुबह 10:00 गलामऊ सेंटर पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें**

+917881138416

## आवश्यकता है

कायनाटिक दिव्याअंग रिसर्च एवं रिहाइबिलीटेंशन सेंटर, गलामऊ, बाराबंकी पर पीएम विश्वकर्मा योजना हेतु एक डाटा एंट्री ओपरैंटर ( कम्प्यूटर) की आवश्यकता है, सैलरी 8000 प्रति माह होगी।

**इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें**

+917881138416

## कार्यालय ग्राम पंचायत कस्तूरी वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कस्तूरी में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 11:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

सुमन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कस्तूरी
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत कस्तूरी
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत गौरवाखुर्द वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गौरवाखुर्द में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

रामावती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गौरवाखुर्द
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत गौरवाखुर्द
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत कोचाकासिमपुर वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कोचाकासिमपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 12:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 3:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

दुर्गेश गौतम
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कोचाकासिमपुर
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत कोचाकासिमपुर
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत कमालपुर वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कमालपुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 2:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

शीला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कमालपुर
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत कमालपुर
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत गोनवा वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गोनवा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 2:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 4:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

राकेश मिश्रा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत गोनवा
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत गोनवा
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत कुँवरपुरअमरहा वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुँवरपुरअमरहा में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

जगदम्बिका प्रसाद
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कुँवरपुरअमरहा
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत कुँवरपुरअमरहा
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत धोबहाराय वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत धोबहाराय में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 16/04/2025 को दिन के 10:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 12:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

गीता सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत धोबहाराय
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत धोबहाराय
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

## कार्यालय ग्राम पंचायत उमरिया वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

पत्रांक-मेमो/टेंडर/विविध/2025-26 दिनांक .07/04/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत उमरिया में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 12ः00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2ः00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

बंदना सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उमरिया
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

विवेकानंद
ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी
ग्राम पंचायत उमरिया
वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

# संक्षिप्त खबरें

## मिशन शक्ति दीदी अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम के द्वारा किया गया जागरूक।

**मनकापुर (गोंडा)**– मिशन शक्ति दीदी अभियान के फेज पांच के तहत थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार एंटीरोमियो टीम उपनिरीक्षक ज्ञानेन्द्र शुक्ला,का॰ आदर्श वर्मा , व महिला आरक्षी शिखा चौधरी द्वारा महिलाओं की सुरक्षा सम्मान स्वाबलंबन के विषय में सोमवार को दीन दयाल इंटर कॉलेज निपनिया में सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं जैसे- विधवा पेंशन योजना वृद्धा पेंशन योजना सुकन्या समृद्धि योजना प्रधानमंत्री आवास योजना उज्वला योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, प्रधानमंत्री जन अरोग्य योजना,नशा मुक्ति भारत अभियान आदि से अवगत कराते हुए महिलाओं को उनकी सुरक्षा सम्मान के प्रति जागरूक करते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर जैसे-वूमेन पावर लाइन-1090 महिला हेल्पलाइन नंबर 181पुलिस आपातकालीन सेवा 112स्वास्थ्य सेवा-102,108 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 चाइल्ड लाइन 1098 1930 साइबर क्राइम हेल्प लाइन के बारे में जानकारी दिया गया।

## मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 110 ग्राम मारफीन अनुमानित कीमत 11 लाख रुपये के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात जो लिखेगा, वही टिकेगा
पुलिस 112 आपात सेवाएं

**मुसाफिरखाना अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान कार सं0 यूपी 70 एएक्स 7323 में सवार अभियुक्त महेश गिरी पुत्र श्याम गिरी निवासी पिण्डारा करनाई थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष को लखनऊ सुलतानपुर हाइवे शारदा नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया । कार के कागज मांगने पर दिखा न सका । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 110 ग्राम मारफीन बरामद हुई । गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

## म्योरपुर पुलिस ने अपहरण पीड़िता को सकुशल बरामद किया, एक अभियुक्त गिरफ्तार



**म्योरपुर सोनभद्र।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, म्योरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। प्रभारी निरीक्षक म्योरपुर के नेतृत्व में स्थानीय थाने में दर्ज धारा 363 भादवि (अब धारा 137(2) बीएनएस से संबंधित) के अपहरण के एक मामले में अपहृत युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया है और एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।पुलिस टीम ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर हनुमान मंदिर लिलासी मोड़ के पास से अपहृत पीड़िता को बरामद किया। साथ ही, अभियुक्त संतोष कुमार उर्फ सक्सेना पुत्र रामबली, निवासी झिल्ली महुआ नघिरा, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया।पुलिस ने बताया कि पीड़िता के धारा 164 सीआरपीसी (अब धारा 180 बीएनएसएस) के तहत दर्ज बयान के आधार पर पूर्व में दर्ज अभियोग में धारा 366 भादवि (अब धारा 87 बीएनएस) का अपराध पाए जाने पर धारा की बढ़ोत्तरी की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त संतोष कुमार को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। इस सफल गिरफ्तारी और बरामदगी में शामिल पुलिस टीम में उप निरीक्षक कृष्णानंद सिंह, हेड कांस्टेबल योगेंद्र प्रताप यादव, कांस्टेबल सचिन सरोज और महिला हेड कांस्टेबल किरन निषाद, थाना म्योरपुर, जनपद सोनभद्र शामिल रहे। यह जानकारी सोमवार शाम 4 बजे प्राप्त हुई।

# भाजपा सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर कटरा बाजार विधायक बावन सिंह के दिशा निर्देश में निकाली गई रैली

**●रैली का शुभारंभ डा गौरव सिंह गर्ल्स डिग्री कालेज चौरी चौराहा से होते हुए मैजापुर चीनी मिल से निकलते हुए हलधरमऊ ब्लाक के मुख्य गेट तक रैली निकाली गई।**



स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा।** भाजपा के आठ वर्ष पूर्ण होने पर निकाली रैली, लोगों को दी जानकारी दी गई कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। इस रैली के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ताओं ने सरकार की उपलब्धियों गिनाई तथा विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाई। रैली का शुभारंभ डा गौरव सिंह गर्ल्स डिग्री कालेज चौरी चौराहा से होते हुए मैजापुर चीनी मिल से निकलते हुए हलधरमऊ ब्लाक के मुख्य गेट तक रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष युवामोर्चा अध्ययन द्विवेदी ने बड़ी संख्या में लोगों को शामिल कर हुए लोगों को भाजपा के नीतियो ,सुशासन , और जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज सिंह,वीरेंद्र सिंह प्रधान,कमल जीत सिंह,दीपक तिवारी, नीरज सिंह,संदीप ओझा रेरूवा,संदीप तिवारी ,अरुण कुमार तिवारी बराव, सौरभ तिवारी सहित कई भाजपा समर्थक व पदाधिकारियों ने भाग लिया।कटरा विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह के दिशा-निर्देश पर द्वारा भाजपा के आठ वर्ष सरकार के पूर्ण होने पर डॉक्टर गौरव सिंह गर्ल्स डिग्री कॉलेज प्रांगण में लोगों को



शासन, सुशासन एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी ।श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ ,सबका विकास के साथ कार्य कर रही है जहां पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है।

# बाबू लाल कमला पूरी इंटर कालेज को सीबी एस सी से मिली मान्यता

स्वतंत्र प्रभात

**मनकापुर गोण्डा** – क्षेत्र मे स्थित कई वर्षो से शिक्षा की अलख जगाने का प्रयास मे जुटी मशहूर ग्लोरियस पब्लिक स्कुल /बाबू लाल कमला पूरी इटर कालेज बभनजोत मे बच्चो को उत्तम शिक्षा देने के साथ बच्चे के अंदर व्यक्तित्व के विकास के साथ साथ अच्छे संस्कारिक शिक्षा देने का कार्य कर रही हैं। जिससे यहां के बच्चे शिक्षा को प्राप्त कर अच्छे पदों पर चयनित होकर देश प्रदेश सहित विद्यालय का नाम रोशन करने मे लगे हैं प्रधानाचार्या एकता गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि आप लोगो को बताते हुए हर्ष हो रहा हैं कि हमारे विद्यालय मे एल के जी से लेकर हाई स्कुल इंटर मीडियट मे सीबी एस सी बोर्ड से मान्यता प्राप्त हो गया है अब क्षेत्र मे इकलौता विद्यालय को सीबी एस सी बोर्ड से मान्यता



होने से बच्चो का अपने विद्यालय मे पंजीकृत होने से बच्चो सहित अभिभावक को सूविधा मिलेगी साथ ही साथ सीबी एस सी बोर्ड के नियमानुसार बच्चो को उत्तम कोटि की शिक्षा मिलेगी जो बच्चो के लिए बहुत ही फायदा मिलेगा और हमारे विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर कई बच्चे नीट, आई टी, सहित कई क्षेत्रो मे सलेक्ट होकर कार्यरत है।हमारे यहां बच्चो को



लाइब्रेरी, प्रेक्टिकल रूम कम्प्यूटर लैब सभी प्रकार की समुचित सुविधाएं मुहय्या कराने का प्रयास करेगी जिसका श्रेय विद्यालय के प्रबंधक पवन कुमार कमला पूरी , डायरेक्टर शिव कुमार मित्तल, संरक्षक बी एम उपाध्याय, रिंकू गुप्ता सहित सभी स्टॉफ के अथक सहयोग रहा।अब यह केवल विद्यालय बाबू लाल कमला पूरी इंटर कालेज के नाम से रहेगा।

# कंपोजिट विद्यालय भटगवां का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**●बच्चों से पठन-पाठन, मिड डे मील सहित अन्य सुविधाओं की ली जानकारी एवं दिए आवश्यक दिशा-निर्देश**



स्वतंत्र प्रभात

**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने विकास खण्ड गौरीगंज के कंपोजिंट विद्यालय भटगवां का स्थलीय निरीक्षण कर अध्यनरत छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन, मिड डे मील सहित अन्य सुविधाओं की जानकारी ली एवं संबंधित शिक्षकगणों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपने निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम विद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किए जा रहे 03 दिवसीय बाल स्वास्थ्य परीक्षण सत्र का अवलोकन किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही टीम से परीक्षण संबंधी जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने परीक्षण टीम को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त छात्र - छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका हेल्थ कार्ड अनिवार्य रूप से बनाया जाय, एवं उन्हें दी जाने वाली परामर्श, दवाओं इत्यादि का अंकन सही से किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने अध्यनरत बच्चों से वार्ता की, उनका हाल चाल जाना तथा उनसे किताबें पढ़वाई, सवाल जवाब कर पढ़ाई का स्तर जाना, जो बच्चे ड्रेस में उपस्थित नहीं थे उनसे प्रतिदिन ड्रेस पहन कर विद्यालय में आने को कहा। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, वहीं निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मध्यान्ह भोजन, शौचालय, पानी व विद्युत आपूर्ति की जानकारी ली एवं सम्बन्धित को निर्देश दिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने छात्र उपस्थिति रजिस्टर, अध्यापक उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया साथ ही विद्यालय परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश प्रधानाचार्य को दिए। इस दौरान एसीएमओ डॉ नवीन अग्रवाल, आरबीएसके टीम, प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक, अनुदेशक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दुद्धी में महावीरी झंडा जुलूस धूमधाम से निकला, दिखा अद्भुत शौर्य और भाईचारा

स्वतंत्र प्रभात

**दुद्धी ,सोनभद्र।** विंढमगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुली में स्थित प्राचीन शिव मंदिर बरगद के पेड़ के पास से आज महावीरी झंडा के साथ एक भव्य जुलूस निकाला गया। जय बजरंगी शिव के संगी, जय श्री राम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। जुलूस महुली से प्रारंभ होकर रेलवे स्टेशन चौराहा तक पहुंचा, जहां एकत्रित सभी राम भक्तों ने अपने हैरतअंगेज करतब और शौर्य का प्रदर्शन किया। इसके बाद जुलूस धीरे-धीरे महुली के मुख्य मार्ग की ओर बढ़ा, जहां विभिन्न अखाड़ों के पहलवान एक स्थान पर मिले और अपनी कला का प्रदर्शन किया। युवा शक्ति संगठन



द्वारा इस अवसर पर पंडाल लगाकर श्रद्धालुओं के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई थी। मंडल अध्यक्ष विंढमगंज श्री वीरेंद्र चौधरी ने सभी सम्मानित लोगों को भगवा गमछा भेंटकर सम्मानित किया। तत्पश्चात, श्री जय बजरंग अखाड़ा समिति के अध्यक्ष श्री राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में जुलूस दुद्धी की ओर रवाना हो गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समाजसेवी श्री राम लखन कनौजिया, भगवान दास कनौजिया, जोगेंद्र सिंह, राजकुमार शर्मा, अवधेश कुमार शर्मा और महेद्र पुरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री जय बजरंग अखाड़ा समिति ने भी राम भक्तों को भगवा गमछा देकर सम्मानित किया।रेलवे स्टेशन चौराहा पर गंगा-जमुनी तहजीब की एक सुंदर मिसाल देखने को मिली, जहां समाजसेवी डॉक्टर बदरे आलम और डॉक्टर अब्दुल कलाम द्वारा श्रद्धालुओं के लिए शरबत की व्यवस्था की गई थी। युवा शक्ति संगठन के विकास कुमार कनौजिया, संजय कुमार कनौजिया और विरेन्द्र कुमार कनौजिया कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय रूप से जुटे रहे। यह जुलूस क्षेत्र में उत्साह और धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बना रहा।

# जंगली सुअर से टकराई बाइक, ग्राम प्रधान घायल

स्वतंत्र प्रभात

**दुद्धी सोनभद्र।** दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के गौरसिंहा गांव के दुशमानी टोला के पास एक दुखद घटना घटी, जब एक जंगली सुअर से एक मोटरसाइकिल टकरा गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार, तुर्रीडीह ग्राम पंचायत के प्रधान विध्वन्त घसिया गंभीर रूप से घायल हो गए।जानकारी के अनुसार, ग्राम प्रधान विध्वन्त घसिया गांव के परसाहि टोला में पंचायत



संबंधी कार्य निपटाकर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में, दुशमानी टोला के समीप अचानक एक जंगली सुअर सड़क पर आ गया और उनकी मोटरसाइकिल से टकरा गया। इस टक्कर के कारण विध्वन्त घसिया गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना के बाद, परिजनों ने तत्काल उन्हें घायल अवस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में चिंता का माहौल है और लोग ग्राम प्रधान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

# बेटी की सीख ने बदला परिवार, ओबरा में यातायात नियमों पर जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**ओबरा सोनभद्र।** प्लीज, पापा हेलमेट लगा लीजिए। यह मासूमियत भरी आग्रह भरी बात एक सयानी बेटी ने अपने पिता से तब कही जब वह घर से बाहर बाइक निकालने जा रहे थे। बेटी के इस स्नेहपूर्ण आग्रह को पिता ने तुरंत स्वीकार किया और हेलमेट अपने हाथों में ले लिया। साथ में खड़ा बड़ा भाई, जो पिता के साथ जाने वाला था, उसने भी अपना हेलमेट उठाकर पहन लिया।घर के अंदर से यह दृश्य देख रही मां भी मुस्कुरा उठीं। पिता भी अपनी बेटी की इस चिंता को अनदेखा नहीं कर सके, क्योंकि वह जानते थे कि हेलमेट या सीट बेल्ट केवल यातायात के नियम ही नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए भी अनिवार्य हैं। बेटी के इस व्यवहार का ऐसा प्रभाव पड़ा कि अब उस घर में पिता और भाई ही नहीं, बल्कि मां और बहन भी जब कभी घर से बाहर निकलते हैं तो हेलमेट का प्रयोग अवश्य करते हैं। इसी बीच, साथ में खड़े बेटे ने भी अपनी बात रखी कि जब भी वे कार से बाहर निकलें तो सीट बेल्ट जरूर लगाएं। परिवार में आए इस सकारात्मक बदलाव की जड़ में बेटी की एक छोटी सी, लेकिन महत्वपूर्ण सीख छिपी है।इसी तरह की यातायात जागरूकता का एक सराहनीय प्रयास सोमवार को सोनभद्र पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नेता जी सुभाष चंद्र बोस चौक पर देखने को मिला। प्रवक्ता आचार्य प्रमोद चौबे की निगरानी में शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को सब इंस्पेक्टर तीरथ लाल ने यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी।सब इंस्पेक्टर तीरथ लाल ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक सिग्नल के रंगों का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि लाल बत्ती पर रुकना है, पीली बत्ती चलने के लिए तैयार रहने का संकेत देती है और हरी बत्ती पर चलना है। इतना ही नहीं, विद्यार्थियों को नेता जी चौक पर खड़ा कर यातायात नियमों का व्यवहारिक ज्ञान भी दिया गया।विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति और अधिक जागरूक करने के लिए सब इंस्पेक्टर ने नेता जी चौक पर लगे कैमरों की ओर इशारा करते हुए बताया कि इन कैमरों की मदद से नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाती है, जिसमें जुर्माना या दोनों शामिल हो सकते हैं। उन्होंने छात्रों को गति की निर्धारित सीमा का पालन करने और बाइक पर दो से अधिक व्यक्तियों को न बैठाने की सख्त हिदायत दी।इस यातायात जागरूकता और संचालन कार्यक्रम में शिक्षक मुन्ना लाल जायसवाल, हेड कांस्टेबल अशोक कनौजिया, संतोष कुमार, चौरसिया, सुरेंद्र यादव सहित कई विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को फल वितरित किए गए, जिससे उनमें उत्साह और जागरूकता का संदेश और भी गहरा हुआ। यह प्रयास निश्चित रूप से युवा पीढ़ी को यातायात नियमों के महत्व को समझने और उनका पालन करने के लिए प्रेरित करेगा।

# पिपरी नगर पंचायत में भ्रष्टाचार के आरोप, निविदा प्रक्रिया पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात




**रेनूकूट सोनभद्र।** पिपरी नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी भोला नाथ सिंह कुशवाह पर आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कुछ शिकायतों के निस्तारण में अनियमितता बरतने का आरोप लगा है। शिकायतकर्ता द्वारा बिंदुवार निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिसके जवाब को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं।शिकायत में सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित करते हुए पिपरी नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और टेंडर प्रक्रिया में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया गया है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि अधिशाषी अधिकारी और अन्य जिम्मेदार लोग बिना किसी लीगल टीम से जांच कराए और निविदाकर्ता द्वारा लगाए गए अनुभव प्रमाण पत्र समेत कई दस्तावेजों की पड़ताल किए बिना अपने चहेतों को टेंडर दे रहे हैं।शिकायत में मुख्य रूप से आदर्श कुमार शाही नामक व्यक्ति की एक पार्टनरशिप फर्म 'यूपी. इलेक्ट्रिक एंड सिविल कंस्ट्रक्शन 'को दिए गए टेंडर पर सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने निम्नलिखित अनुभव प्रमाण पत्र की वैधता- आदर्श कुमार शाही 28 अगस्त 2020 को फर्म में पार्टनर बने, जबकि उनके द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र 2017 का है। शिकायतकर्ता का कहना है कि भविष्य में बने पार्टनर को भूतकाल के अनुभव का लाभ कैसे दिया जा सकता है। उन्होंने मांग की है कि अधिशाषी अधिकारी फर्म के पुराने पार्टनरशिप डीड की जांच कराएं और लीगल टीम से इसकी समीक्षा कराएं।शिकायतकर्ता की अपनी साझेदारी फर्म 2006 से चल रही थी, लेकिन एक साझेदार की मृत्यु के बाद 2020 में नए साझेदार बनाए गए। शिकायतकर्ता का तर्क है कि एक साझेदार की मृत्यु के बाद पुरानी फर्म स्वतः ही समाप्त हो जाती है, और यदि नए साझेदारों को शामिल कर फर्म को चलाया जा रहा है, तो इसके लिए 2006 में बने बाइलॉज की लीगल टीम द्वारा जांच होनी चाहिए। आदर्श कुमार शाही द्वारा छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल में विगत 10 वर्षो से ठेकेदारी करने और ए क्लास वेंडर कोड प्राप्त होने का हवाला दिया गया है। शिकायतकर्ता का मानना है कि इस अनुभव का लाभ आदर्श शाही को 28 अगस्त 2020 के बाद हुए कार्यो के लिए ही मिलना चाहिए, न कि उससे पहले के कार्यो के लिए। इसकी भी जांच की मांग की गई है।शिकायत में कहा गया है कि आदर्श कुमार शाही ने 7 सितंबर 2022 को एक सिस्टर कंसर्न कंपनी के नाम पर अलग से दस्तावेज निष्पादित किया है। शिकायतकर्ता का तर्क है कि नए जीएसटी नंबर के लिए सिस्टर कंपनी बनाना सामान्य है, लेकिन इसका लाभ पार्टनरशिप डीड में उल्लिखित नियमों के आधार पर ही मिलना चाहिए, जिसकी लीगल टीम द्वारा जांच आवश्यक है।शिकायतकर्ता ने नगर पंचायत पिपरी में ई-निविदा पत्रांक क्रमांक 130/न.पा.पी/2023-24 के तहत लाट संख्या 8 के कार्य 'यूपी. इलेक्ट्रिक एंड सिविल कंस्ट्रक्शन 'द्वारा किए जाने पर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि आदर्श शाही उक्त पार्टनर फर्म का लाभ ले सकते हैं या नहीं, यह लीगल टीम और अन्य जांचों के बाद ही साबित हो सकता है।शिकायतकर्ता का आरोप है कि अधिशाषी अधिकारी ने इन सभी आपत्तियों पर केवल 2017 का अनुभव प्रमाण पत्र देकर आख्या लगा दी, जबकि आदर्श शाही का उस फर्म के लाभ लेने का कोई अधिकार साबित नहीं होता है। इस मामले ने पिपरी नगर पंचायत की निविदा प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं और भ्रष्टाचार के आरोपों को हवा दी है। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री कार्यालय इस शिकायत पर क्या कार्रवाई करता है।

# अनपरा में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने धूमधाम से निकाली राम नवमी शोभायात्रा

स्वतंत्र प्रभात

**अनपरा सोनभद्र।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा रविवार को राम नवमी के पावन अवसर पर अनपरा में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। सायं 5 बजे अनपरा बाजार से निकली इस शोभायात्रा में भगवान श्री राम के जयकारों की गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दी और विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की गई।शोभायात्रा का शुभारंभ अनपरा बाजार के सिनेमा रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में ध्वज पूजन के साथ हुआ। इसके बाद यात्रा महावीर चौक, निलयम होटल, काशी मोड़, ऑडी मोड़ और गौरव कॉम्प्लेक्स आदि क्षेत्रों से गुजरी। इस दौरान आदर्श नगर में माता बहनों ने सामूहिक रूप से भगवान राम की आरती उतारी। शोभायात्रा अनपरा मोड़ से वापस दुर्गा माता मंदिर पर पहुंची, जहां सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया



और यात्रा का समापन हुआ।शोभायात्रा के दौरान विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने हाथों में तलवारें और भगवा ध्वज लहराए, जिससे वातावरण और भी अधिक भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो गया। शोभायात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। शहर की सड़कों पर निकली इस यात्रा में परंपरा, संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम दिखाई दिया। यह भव्य शोभायात्रा जिला सह मंत्री पवन सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। इस अवसर पर पवन सिंह ने प्रभु श्री राम को हिंदू सनातन धर्म का आराध्य देव बताते हुए उनके द्वारा किए गए कार्यों को सामाजिक समरसता का सबसे बड़ा उदाहरण बताया। उन्होंने प्रभु श्री राम के चरित्र को जीवन में अपनाने और समाज में सद्भावना, सामाजिक समरसता तथा संगठन के कार्यों को गति देने का संदेश दिया।इस कार्यक्रम में संरक्षक प्रदीप राय, आर जी खंडेलवाल, प्रखंड अध्यक्ष सुनील पटेल, संयोजक पप्पू वैश्य, दीपक, मंत्री अंजनय पांडे, श्याम सुंदर अग्रहरि, जिला धर्म प्रसार प्रमुख दीपक, अंबिकेश अज्जू एवं विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए अनपरा कोतवाल शिव प्रताप वर्मा और रेणुसागर चौकी प्रभारी राजेश सिंह अपनी टीम के साथ मुस्तैद रहे।

# ओबरा में बिजली कटौती से नागरिक परेशान

स्वतंत्र प्रभात

**सोनभद्र।** प्रदेश को सर्वाधिक विद्युत प्रदान करने वाला ओबरा नगर इन दिनों विद्युत वितरण निगम की संवेदनहीन नीतियों के कारण शांति से आराम भी नहीं कर पा रहा है। इस पहाड़ी क्षेत्र की भीषण गर्मी में सुबह पांच बजे तथा दोपहर में बिजली कटौती कर पावर प्रोजेक्ट निर्माण में लगे श्रमिक परिवार तथा गरीब वर्ग को परेशान किया जा रहा है। गरीब नागरिकों ने बताया कि पावरहाउस की, कोयला की धूल और क्रशर का प्रदूषण तो वे झेलते ही हैं, आजकल गर्मी शुरू होते ही न्यायप्रिय सरकार के विद्युत मंत्री के निर्देश पर 'सब धान बाइस पसेरी 'की नीति पर ग्रामीण क्षेत्रों की तरह बिजली कटौती की जा रही है।ज्ञातव्य हो कि ओबरा नगर तहसील मुख्यालय, नगर पंचायत



तथा विधानसभा का केंद्र है। आज भी रामनगर में बैठे विद्युत वितरण के भाग्यविधाता इसे पिछड़ा ग्रामीण क्षेत्र मानकर बिजली कटौती का नियम बना रहे हैं। लोगों ने बताया कि पिछले विद्युत मंत्री तथा पूर्व की सरकार में कभी सुबह और दोपहर में बिजली कटौती नहीं होती थी। जानकार बताते हैं कि पावर प्रोजेक्ट के 5 किलोमीटर के दायरे में बिजली कटौती नहीं की जा सकती। यहां दिनभर बिजली की लुकाछिपी चलती रहती है। यह अन्याय उस क्षेत्र में हो रहा है, जहां समाज कल्याण राज्य मंत्री निवास करते हैं। विद्युत वितरण के यहां के उच्च अधिकारी प्रोजेक्ट के क्वार्टरों में रहते हैं, वे दूसरों का दुख क्या जानेंगे? यह एक बड़ा प्रश्न है। ओबरा में बनने वाली बिजली से पूरा प्रदेश रोशन है, दुर्भाग्य है कि यहां के नागरिक भयंकर गर्मी में पेड़ों के नीचे दिन बिताने को मजबूर हैं। गांव में एक कहावत प्रचलित है, मजा मारें गाजी मियां, धक्का सहें मुजावर। नगर के संवेदनशील नागरिकों ने माननीय विद्युत मंत्री जी से ओबरा नगर के महत्व को समझते हुए सुबह 8 बजे से तथा शाम 4 बजे कटौती का नियम बनाने की मांग की है। उन्होंने पहले की तरह ओबरा में विद्युत कटौती किए जाने का आग्रह किया है।

# संक्षिप्त खबरें

## सिसवा में मुंशी प्रेमचंद व भिखारी ठाकुर के नाटक की प्रस्तुति

**सिसवा बाजार, महराजगंज-** स्थानीय नगर के श्रीरामजानकी मंदिर मैदान में रोटरी क्लब निचलौल द्वारा 12 अप्रैल शनिवार की शाम छह बजे से सुप्रसिद्ध लेखक मुंशी प्रेमचंद एवं भोजपुरी के के गायक भिखारी ठाकुर की रचनाओं पर आधारित नाटक प्रस्तुति का आयोजन किया गया है। इसमें सांस्कृतिक संगम सलेमपुर के कलाकारों द्वारा मुंशी प्रेमचंद की कथा मोटेराम का निमंत्रण पर आधारित हास्य नाटिका व भोजपुरी नाटक कहत भिखारी की प्रस्तुति दी जाएगी। क्लब के सचिव अरूण पांडेय ने बताया कि इसके पूर्व क्लब द्वारा मेघदूत की पूर्वांचल यात्रा व हरिश्चंद्र तारामती नाटक का मंचन कराया गया है।

## 49 वां दो दिवसीय श्रीश्याम महोत्सव आज से




**सिसवा बाजार ,महराजगंज-** स्थानीय नगर के श्रीश्याम मंदिर में श्रीश्याम मंडल ट्रस्ट, मारवाड़ी युवा मंच व श्री श्याम महिला मंडल द्वारा मंगलवार से 49 वां दो दिवसीय श्रीश्याम महोत्सव का शुभारंभ निशान शोभायात्रा के साथ प्रारंभ होगा। श्री श्याम ट्रस्ट के पदाधिकारी संत कुमार जालान व धीरज सिंहानिया ने बताया कि इस बार के महोत्सव में बरसाने की भजन गायिका मनीषा ठाकुर, बस्ती के सचिन गुप्ता, स्थानीय नगर निवासी अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक अमित अंजन व शिबू केडिया द्वारा श्रीश्याम प्रभु के भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को सराबोर की जाएगी। बुधवार की रात महाआरती व महाप्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न जनपदों से आने वाले श्री श्याम भक्तों के रहने आदि की समुचित व्यवस्था मंदिर ट्रस्ट की ओर से की गई है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के लिए विशेष योगदान देने पर डा. वी.के. वर्मा को अंग वस्त्र भेंट कर किया गया सम्मानित



**बस्ती।** बस्ती जिले में सोमवार को वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के महामंत्री कमिश्नर कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्याम प्रकाश शर्मा के संयोजन में कलेक्ट्रेट परिसर में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर विशेष योगदान के लिए डा. वी.के. वर्मा को स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।आयोजक श्याम प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष 7 अप्रैल को पूरी दुनिया में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह दिन वैश्विक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और स्वास्थ्य सेवाओं की अहमियत को समझाने के लिए समर्पित होता है।डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि ऐसे दौर में, जब जीवनशैली से जुड़ी बीमारिया और मानसिक तनाव तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में विश्व स्वास्थ्य दिवस का महत्व और भी महत्वपूर्ण हो गया है। इसकी शुरूआत स्थापना 7 अप्रैल 1948 को हुई थी । इस अवसर पर बी.एन. शुक्ल, बी.के. मिश्र, श्रीकान्त त्रिपाठी, किशन पाण्डेय, पेशकार मिश्र, चन्द्रबली मिश्र, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश धर द्विवेदी, लालजी पाण्डेय, सामईन फारूकी, दीनानाथ यादव, गणेश आदि उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीद केन्द्र की अनियमितताओं को भाकियू ने किया उजागर

**चित्रकूट-**भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष हरि नाम सिंह वर्मा व युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने पूरे बुंदेलखंड का दौरा किया। जिसमें मंडियों एवं गेंहू क्रय केंद्रों के अवलोकन में पाया गया कि गेहू के खरीद केंद्रों में किसानों से 20 रुपये प्रति क्विंटल पल्लेदारी जो सरकार द्वारा निश्चित है, उससे अधिक दो किलो गेहूं प्रति क्विंटल गेहू लिया जा रहा है। साथ ही सफाई, पानी पिलाने और बैठने की व्यवस्था के नाम पर 10 किलो गेहूं प्रति ट्रैक्टर लिया जा रहा है, जो कि सर्वथा अनुचित है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड का किसान पहले से ही बहुत सारी प्राकृतिक और आर्थिक समस्याओं को झेल रहा है। इस बीच किसान का ऐसा शोषण भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक द्वारा बर्दास्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बृजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अगर किसानों का गेहूं उचित समर्थन मूल्य में उचित पल्लेदारी के साथ नहीं क्रय किया गया तो बुंदेलखंड के सभी किसान समस्याओं को लेकर एक बड़ा आंदोलन करेगा। साथ ही बुंदेलखंड के किसानों के ऊपर हो रहे अन्याय को रोकने के लिए प्रत्येक जिले से लेकर लखनऊ तक संघर्ष करेगा।

# भगवान श्री राम के अनुसरण और शक्ति की उपासना से हम होंगे सुरक्षित - ओम प्रकाश आर्य

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष में आर्य समाज नई बाजार बस्ती में आयोजित वैदिक यज्ञ के अवसर पर उपस्थित बहन बेटियों ने मिलकर शक्ति की उपासना करते हुए वेद मंत्रों से आहुतियां दी। इस अवसर पर ओमप्रकाश आर्य प्रधान आर्य समाज उप प्रतिनिधि सभा बस्ती मंडल के नेतृत्व में जिले की सभी आर्य समाज में वैदिक यज्ञों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए ओमप्रकाश आर्य ने कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र के अनुसरण और शक्ति की उपासना से ही देश सुरक्षित हो सकता है। हमारी बहन बेटियां शक्ति की उपासना अर्थात आत्मरक्षा सीखकर अपने साथ साथ दूसरी बहन बेटियों को सुरक्षित कर सकती हैं। बेटियों को आत्मरक्षार्थ तैयार करने के लिए आर्य वीरांगना दल के नेतृत्व में मई महीने में जिले स्तर का शिविर लगाया जाएगा। यज्ञ के पश्चात रामचर्चा में अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला पतंजलि योग समिति की मीडिया प्रभारी बहन किरण जायसवाल ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम से हमे एक आदर्श व्यक्तित्व के समस्त गुण सीखने को मिलते हैं। उन्होंने स्त्री को देवी का स्थान दिया। लोगों के लाख बुराई करने के बाद भी माता कैकेई को उन्होंने सर्वदा पूजनीय ही बताया। योग शिक्षिका श्रीमती नीलम मिश्रा ने कहा कि भगवान श्री राम पापी को नहीं पाप को समाप्त करने के लिए संकल्पित थे तभी तो उन्होंने रावण से भी शिक्षा ग्रहण करने के लिए लक्ष्मण को भेजा। यज्ञ कराते हुए गरुड़ ध्वज पाण्डेय ने लोगों को बताया कि राम नवमी का पर्व हमें शरीर स्वस्थ रखते हुए शक्ति संपन्न होने का संदेश देता है। यज्ञ से हम रोगमुक्त होते हैं और वेदपाठ तथा योगाभ्यास से हम शक्तिसंपन्न होते हैं। कार्यक्रम के अंत में सबने साथ में फलाहार प्रसाद ग्रहण किया। संगठन सूक्त और शान्ति पाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नवल किशोर चौधरी, अजीत पांडे, धर्मेंद्र कुमार, शिव श्याम, राजेश्वरी, महिमा, वंदना, वैष्णवी, बबिता, कार्तिकेय, अश्कृता मिश्रा, शताक्षी मिश्रा, शुभम कुमार, वैद्य अजय चौधरी, रिमझिम, निधि, दुर्गा राधा देवी, विश्वनाथ, गणेश आर्य, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## लैलूननगर के कम्पोजिट विद्यालय में वितरित किए गए परीक्षाफल व पुरुस्कार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** कंपोजिट विद्यालय लैलूंन नगर में परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बांकेगंज के अध्यक्ष डॉ संजय गौतम,विशिष्ट अतिथि योगेंद्रनाथ शर्मा, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार, प्रधानाध्यापक प्रदीप वर्मा, त्रिनयन राजपूत, राशिद खान, संजय वशिष्ठ, बच्चे व अभिभावक मौजूद रहे। संचालन शिक्षक विक्रम वर्मा एवं रमेश यादव ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन अर्चन व बालिकाओं के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति से किया गया। अतिथियों ने प्रतिभाशाली बच्चों को चहुमुंखी उन्नति की दिशा में बढ़ाने की प्रेरणा दी। विद्यालय का मुख्य कार्य बच्चों का सर्वांगीण विकास करना। बच्चों के शारीरिक, मानसिक, वैज्ञानिक, बौद्धिक, नैतिक गुणों का विकास कराना शामिल है।परीक्षा में कक्षा एक से आठ तक के प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।

## सत्ता की बौखलाहट में मीडिया पर खीझ निकाल रहे हैं सपा मुखियाअखिलेश- चन्द्रमणि पाण्डेय



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के भाजपा नेता चंद्रमणि पांडे द्वारासपा मुखिया के मीडिया के विरुद्ध दिये गये कार्यकर्ताओं को निर्देश को वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि सत्ता की बौखलाहट में अपनी खीझ मीडिया पर निकाल रहे हैं सपा मुखिया उनके द्वारा समाजवादी कार्यकर्ताओं से अखबार विशेष को न पढ़ने का निर्देश व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर परिचर्चा में भाग न लेने का निर्देश बेहद हास्यास्पद है ये बातें समाजसेवी व वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय"सुदामाजी" ने आज हर्रैया में पार्टी कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत करते हुए कहा श्री पाण्डेय ने कहा कि सपा मुखिया भूल रहे हैं कि जिस तरह किसी के आंख बंद करने से सूर्य अस्त नहीं होता उसी तरह किसी अखबार को न पढ़ने से देश के वैश्विक स्तर पर मोदी योगी के नेतृत्व में बढ रही लोकप्रियता को झुठलाया नहीं जा सकता वास्तव में हिन्दू विरोधी मानसिकता से घिरे समाजवादी पार्टी व विपक्षी दलों को अपनी सोच बदलने की जरूरत है कलमकारों पर टिप्पणी से उनका भला नहीं होने वाला है क्योंकि हैं इतिहास साक्षी इसका कलम कभी न हारी है। कलम से टक्कर लेने वाला जीती बाजी भी हारी है।

# हत्या मामले में दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर सरदार सेना ने सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** सोमवार को सरदार सेना के जिला महासचिव सुधाकर चौधरी और अखिलेश प्रजापति के नेतृत्व में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि छावनी थाना क्षेत्र के मझौआ दूबे निवासिनी अर्चना वर्मा के पति शोभाराम वर्मा की गत हत्या कर दी गई। 29 जनवरी 2025 को उनकी लाश मलौली गोसाईं बाजार के निकट से बरामद हुई। 1 फरवरी को छावनी थाने पर तहरीर देकर अर्चना वर्मा ने पति के हत्यारों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की मांग किया गया किन्तु पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किया गया। ज्ञापन देने के बाद सरदार सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल ने मांग किया कि अर्चना वर्मा के पति शोभाराम वर्मा हत्यारों को गिरफ्तार कर मामले का पर्दाफांस कराते हुये पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाय।

इसी कड़ी में सरदार सेना के संरक्षक सुरेन्द्र चौधरी ने गर्मी को देखते हुये नहरों में पानी छोड़ने और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिये ब्लाक स्तर पर फायर बिग्रेड गाडियों की व्यवस्था कराने की मांग किया। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से राजकुमार वर्मा छात्र नेता, शिव प्रताप वर्मा, विजय, पवन, संदीप निषाद, राजेश चौधरी ,प्रदीप यादव, सुधाकर चौधरी, सुरेंद्र चौधरी उर्फ राजा भैया, अखिलेश प्रजापति, राजेंद्र, सर्वेश, आकाश, पुष्कर, अर्चना वर्मा, मालती देवी, साहब राम वर्मा, सुदामा देवी, प्रदीप शर्मा, मनोज वर्मा, रामतौल वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, प्रेम चौधरी, सनी चौधरी, गीत देवी के साथ ही पीड़ित परिवार के लोग शामिल रहे।

# सिद्धार्थ मणि यूपी इकाई के अध्यक्ष और महासचिव बने डा शैलेन्द्र राव

**●-विश्व भोजपुरी सम्मेलन के18 वें अधिवेशन में घोषित किये गये पदाधिकारी**

स्वतंत्र प्रभात




**रूद्रपुर,देवरिया।** विश्व पटल पर भोजपुरी भाषा, संस्कृति और साहित्य को बढ़ावा देने का कार्य करने वाली सक्रिय संस्था विश्व भोजपुरी सम्मेलन का 18 वां राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली केक्षसफदरजंग स्थित भारतीय विमानपत्तन अधिकारी संस्थान के सभागार में आयोजित किया गया। संस्था के अंतरराष्ट्रीय महासचिव एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. अरुणेश नीरन ने पहले सत्र की अध्यक्षता की जबकि मुख्य अतिथि भोजपुरी गायक सांसद मनोज तिवारी रहे। इस दौरान वक्ताओं ने भोजपुरी की वैश्विक यात्रा-कहाँ से कहाँ तक विषय पर विस्तार से बात रखी। इस क्रम में देश के विभिन्न राज्यों के पदाधिकारियों के नामों की घोषणा भी की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्य इकाई की कमान वरिष्ठ पत्रकार और संस्कृति कर्मी सिद्धार्थ मणि त्रिपाठी को सौंपी गई। श्री मणि भोजपुरी सिनेमा और संगीत को लेकर होने वाली गतिविधियों के प्रति समर्पित हैं।उन्होंने पत्रकारिता के माध्यम से भोजपुरी संगीत और सिनेमा के लिए उल्लेखनीय कार्य किया।

जबकि उत्तर प्रदेश से ही महासचिव के रूप में डा. शैलेंद्र कुमार राव को चुना गया है। श्री राव शिक्षा जगत में कार्य करते हुए सांस्कृतिक सरोकारों से जुड़कर भोजपुरी की सेवा करते रहे हैं। आशा है कि अपने क्षेत्र में पारंगत ऐसे पदाधिकारियों के चयन से भोजपुरी भाषा व साहित्य को आशातीत समृद्धि मिलेगी। इनके चयन पर पूर्व विधायक डा सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी, प्रबंधक डा अशोक मिश्रा, पूर्व प्राचार्य दिवाकर तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, शिवकुमार मल्ल, जनार्दन राव, प्राचार्य ब्रजेश पाण्डेय,एस डी मिश्र, अश्वनी द्विवेदी, शान्त स्वरूप दूबे, विवेक मिश्रा, सनत पाण्डेय, डा मधुसूदन मिश्र,डा अजय मणि,डा अशोक सिंह आदि ने बधाई दी है।

## गांव के किनारे बाघ ने बकरी का किया शिकार

**भीखमपुर खीरी -** आंवला वन वीट क्षेत्र व थाना हैदराबाद के ग्राम अल्लीपुर गांव के पूरब गांव की आबादी के निकट बाघ ने बकरी का किया शिकार जिससे गांव में भय व्याप्त है सोमवार दिन में चार बजे जशवन्त पुत्र भगवानदीन की बकरी दरवाजे के पास तालाब में चर रही थी जिसको बाघ ने अपना निवाला बना लिया और पास की झाड़ियों में घुस गया मौके पर सैकड़ों ग्रामीण पहुंच गए ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी मौके पर पहुंची वन विभाग़ की टीम वहीं दूसरी तरफ दिन में दस बजे जंगली सुअर ने गांव में घुसकर मचाई तबाही जिसमें तीन लोग हुए घायल मौके पर पहुंचे वन विभाग से डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ,वन दरोगा रोहित श्रीवास्तव, वन दरोगा माया प्रकाश वर्मा , व सुरक्षा बाचर संजय, मुख्तियार, सचिन सोमवारी लाल की टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए कहा ग्रामीण बाघ के जाने का इंतजार कर रहे हैं बाघ झाड़ियों से दहाड़ रहा है वन विभाग की टीम बाघ को निकालने का प्रयास कर रही है डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने बताया कि टीम लगी है दो चार दिन में इसको पकड़ लिया जाएगा।

## दो कारों में जोरदार टक्कर, चार घायल




स्वतंत्र प्रभात

**सिद्धार्थनगर ।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के तिवारीपुर ईंट भट्ठे के पूरब बांसी-इटवा मार्ग पर सोमवार को आमने-सामने से आ रही इर्टिका व डिजायर कार में जोरदार टक्कर हो गई। दोनों वाहनों में कुल चार सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय ले जाया गया है। घटना सोमवार सायं लगभग 5 बजे की है। बांसी थाना कोतवाली क्षेत्र के नरकटहा निवासी गोल्डी (35) पुत्र इकलाख खान, शाहबाज (29) पुत्र महमूद व बहबोल निवासी इसरार (35) बलरामपुर जनपद के पचपेडवा से डिजायर कार से वापस लौट रहे थे, वे गोल्हौरा थाना क्षेत्र के बांसी-इटवा मार्ग पर तिवारीपुर ईंट भट्ठे के पूरब पहुंचे ही थे कि विपरीत दिशा से आ रही इर्टिका कार से उनकी कार का जोरदार टक्कर हो गया। इर्टिका में सवार गोल्हौरा थानाक्षेत्र के सोनफेरवा बुजुर्ग निवासी अभिषेक (21) पुत्र कालीप्रसाद के अलावा दूसरी कार में उक्त तीनों सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। गनीमत रहा कि दोनों वाहनों का एयर बैग खुल गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया है। उक्त मामले में गोल्हौरा थानाध्यक्ष बृजेश सिंह का कहना है कि मौके पर गए हुए थे दोनों गाड़ियों को कब्जे में कर लिया गया है किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिला है घायलों को इलाज के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है, तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# नि:शुल्क शव वाहन सेवा को नगर पंचायत अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने हरी झंडी दिखाकर किया उद्घाटन

**●- नगर पंचायत के अंतर्गत किसी गरीब परिवार में दुखद निधन पर यह निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी - राना दिनेश सिंह**

**- हर गरीब के घर मृत्यु पर पहले से ही संस्कार सहभागिता योजना के तहत 25 किलो चीनी के सहयोग का प्राविधान किया गया है - अध्यक्ष नीलम सिंह राना**



स्वतंत्र प्रभात

**बस्ती।** बस्ती जिले के नगर पंचायत नगर में निन्शुल्क शव वाहन सेवा शुरू हुई। अध्यक्ष नीलम सिंह राना ने हरी झंडी दिखाकर सेवा का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के अंतर्गत किसी गरीब परिवार में दुखद निधन पर यह निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह सुविधा चाहने वालों को एक घंटे पूर्व कार्यालय के कंट्रोल रूम नंबर 9918256600 अथवा मेरे मोबाइल नंबर 9918276600 पर सूचना देनी होगी। श्रीमती राना ने कहा कि हर गरीब के घर मृत्यु पर पहले से ही संस्कार सहभागिता योजना के तहत 25 किलो चीनी के सहयोग का प्राविधान किया गया है। साप्ताहिक जनता दर्शन, मासिक योग दिवस, हर माह वृद्ध जन सम्मान सहित दर्जनों योजनाएं संचालित करने वाला नगर देश की पहली नगर पंचायत है। उन्होंने नगर को देश का मॉडल नगर पंचायत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा है कि समाज के अंतिम व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाना प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर में सेवा और विकास का क्रम जारी रहेगा। उत्तर प्रदेश राज्य पंचायत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राना दिनेश प्रताप सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गरीब परिवारों के लिए दुख की घड़ी में नगर पंचायत का सहारा बनना सराहनीय कदम है। अधिशाषी अधिकारी श्रृष्टि सिंह ने कहा कि नगर पंचायत नगर शासन की योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर अनेक सभासद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बुढ़िया माता मंदिर में महानवमी पर लगा भक्तों का तांता

स्वतंत्र प्रभात



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद पडरौना के मानस कॉलोनी स्थित श्री बुढ़िया माता मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महानवमी के अवसर पर भक्तों का तांता लगा रहा। महानवमी पूजन के बाद हवन आदि कार्यक्रमों के पश्चात प्रसाद कार्यक्रम में पांच हजार से अधिक संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के मुख्य पुजारी महंत वीरेंद्र जी महाराज ने बताया कि श्री बुढ़िया माता भक्तों की हर मुराद पूरी करती हैं। सैंकड़ों वर्ष पुराने इस मंदिर का इतिहास बताते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन काल मे बंजारों की वनदेवी के रूप में माता की पिंडियों की स्थापना हुई थी जिसका वर्तमान नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने जीर्णोद्धार करवाया। पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि मंदिर परिसर के विकास होने के बाद दूर दराज से आने वाले भक्तों की संख्या में हर वर्ष वृद्धि होती जा रही है। माता के आशीर्वाद से ही मंदिर के पीछे के झरही जलक्षेत्र का विकास छठ घाट के रूप में करवाया गया है। पूरे क्षेत्र को पर्यटन के रूप में विकसित करने की योजना है इसी क्रम में मंदिर परिक्षेत्र में शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा की स्थापना भी कराई गई है साथ ही 108 फीट ऊंची हनुमान जी की प्रतिमा लगाए जाने की योजना भी प्रस्तावित है। उन्होंने बताया कि श्री बुढ़िया माता यहां साक्षात रूप में विराजमान है जिनका चमत्कार इस प्रांगण में महसूस किया जा सकता है। इस दौरान उनके प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल के अलावा सुशीला देवी प्रियंका जायसवाल मोनिका गुप्ता सावित्री शर्मा सविता गुप्ता नीलम तिवारी एडवोकेट अरविंद कुशवाहा,सुभाष मद्धेशिया चंद्रशेखर मद्धेशिया अभय सिंह, रामु पांडेय रितेश जायसवाल,विनय पाण्डेय सोनू शर्मा, अंशु जायसवाल, संजय सिंह अभय मारोदिया, सुनील चौहान, उषा देवी, सीमा देवी, निशा कुमारी, रोशनी, अर्पिता कुमारी, सुभाष सिंह जयप्रकाश मद्धेशिया, साधु मद्धेशिया, अशोक गुप्ता, बाबूलाल गुप्ता, मनोज सिंह, ब्रजेश शर्मारामु पाण्डेय,धर्मेंद्र मद्धेशिया छोटे गुप्ता अनिल तिवारी, अभ्यानन्द चौबे सतेंद्र यादव आलोक विश्वकर्मा शिव मद्धेशिया प्रमोद मोदनवाल के अलावा हजारों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# चीनी और संबद्ध उद्योग में सुरक्षा विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

स्वतंत्र प्रभात



**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान, कानपुर के शर्करा सौध में "चीनी और संबद्ध उद्योग में सुरक्षा प्रोटोकॉल" विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (सेमीनार) का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में चीनी और संबद्ध उद्योगों से पधारे 100 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। संगोष्ठी का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संस्थान की निदेशक, प्रो.सीमा परोहा ने मुख्य अतिथि, डॉ मयंक द्विवेदी, उत्कृष्ट वैज्ञानिक और निदेशक, डीएमएसआरडीई, कानपुर का स्वागत करते हुए सेमीनार में पधारे प्रतिभागियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि का परिचय दिया। तदनंतर प्रो.परोहा ने विशेष रूप से भारी मशीनरी के उच्च तापमान संचालन से लेकर दहनशील पदार्थों तक के कई खतरों से बचने के लिए सुरक्षा उपायों के महत्व पर जानकारी दी।

मुख्य अतिथि, डॉ. मयंक द्विवेदी ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुये मानव संसाधन की सुरक्षा के साथ-साथ उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया। श्री एस दत्ता चौधरी, उप निदेशक (सुरक्षा), क्षेत्रीय श्रम संस्थान, कानपुर ने चीनी उद्योग में व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जोर दिया, जिसमें उन्होंने फैक्ट्री अधिनियम 1948 से संबंधित विषयों, खतरों की पहचान, जोखिम मैट्रिक्स और सुरक्षा के क्षेत्र में एआई के एक गेम चेंजर हो सकने से संबंधित विषयों को समाहित किया। कार्यक्रम के सह-संयोजक, ब्रजेश सिंह ने सेमीनार में भाग लेने के लिये देश के विभिन्न प्रांतों से पधारे प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर पर पूजा अर्चना करने पहुंचे डीएम और एसपी



**शाहजहांपुर/** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व एडीएम प्रशासन संजय पाण्डे के साथ कुर्रिया-कलां के प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर पंहुचकर दर्शन किये तथा मत्था टेका, अन्य अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने भी मंदिर में जाकर माता रानी के दर्शन किये। साथ ही जिलाधिकारी ने मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कुर्रिया-कलां के प्रसिद्ध दुर्गा देवी मंदिर के कपाट सोमबार को पूजा अर्चना के बाद मंदिर के पुजारी गुरुदेव दीक्षित ने सुबह चार बजे खोल दिये। कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं का रेला माँ के दर्शनों के लिए उमड़ पड़ा।

### भतीजों ने डंडों से पीट कर की ताऊ की हत्या



**गेहूं काटते समय भतीजों का ताऊ के साथ हो गया था विवाद**

**शाहजहांपुर /**जनपद की थाना कटरा पुलिस ने रविवार को बुजुर्ग की डंडों से पीट पीट कर हत्या के मामले में तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए मुकदमे में वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध रोकथाम और वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत यह सफलता मिली है। इस मामले में प्रदीप नाम के व्यक्ति ने अपने ताऊ प्रहलाद की हत्या के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें रवींद्र और जयपाल नाम के दो भाइयों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को हुलास नंगला ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके चाचा प्रहलाद के साथ गेहूं की कटाई को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों में मारपीट हुई और प्रहलाद की मौत हो गई। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने गुस्से में आकर प्रहलाद को डंडों से पीटा था। पुलिस ने आरोपियों के पास से 6 टूटे हुए रक्तरंजित डंडे बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है

### आवारा कुत्तों का आतंक, 7 बर्षीय बच्चे को नोंच-नोचकर उतारा मौत के घाट



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना नीमगाँव की सिकन्द्राबाद चौकी के अंतर्गत ग्राम बिलहरी निवासी अचल शुक्ला का 7 वर्षीय पुत्र सूर्यांश शुक्ला जो पिता के साथ खेत गया था,उसको करीब पाँच आबारा कुत्तों ने नोच-नोचकर मौत के घाट उतार दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम बिलहरी निवासी अचल शुक्ला के तीन बच्चों में सबसे छोटा बेटा सूर्यांश शुक्ला अपने पिता के साथ खेत सिंचाई कर रहे चाचा अनुराग शुक्ल को खाना देने साथ में गया था।पिता खेत में पानी देखने गए तब तक आबारा कुत्तों ने सूर्यांश पर हमला कर दिया ,एक साथ पाँच-छः आबारा कुत्तों ने 7 बर्षीय सूर्यांश को बुरी तरह से नोंच-नोंचकर मौत के घाट उतार दिया। सड़क से निकले राहगीरों ने कुत्तों द्वारा बच्चे को नोचते देख छुड़ाया तब तक बहुत देर हो चुकी थी। चाचा व पिता दौड़कर आते तब तक सूर्यांश की दर्दनाक मौत हो चुकी थी। पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भीम आर्मी ने अग्निपीड़ितों को बांटी खाद्य सामग्री

**चित्रकूट-** भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी चित्रकूट के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को राजापुर तहसील क्षेत्र के भदेहदू गांव के अग्निकांड के पीड़ितों को भोजन व अन्य खाद्य सामग्री वितरण कर मदद की। इस मौके पर भीम आर्मी के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, विनोद कुमार वर्मा, रामनाथ वर्मा, श्रीपाल प्रजापति, देवशरण वर्मा, भाग्य चंद्र सोनकर, विजय सोनकर, राकेश पठारी, लवकुश विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# एडीएम अरविंद कुमार की हो रही शाहजहांपुर में प्रशंसा, 5 ईट भट्ठा भी किए बंद

**● अपनी गाड़ी से सरकारी स्कूल में एडमिशन कराने बच्चों को लेकर पहुंचे एडीएम**



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जनपद में इस समय अरविंद कुमार , एडीएम एफआर चर्चाओं में है पीड़ित की फरियाद सुनने का और पीड़ित से बात करने का लहजा और फिर उनके काम करने का तरीका एक तरफ जहां चर्चा का विषय बना हुआ है वहीं दूसरी तरफ बर्षो से अधिकारियों की आंख में धूल झोंकने वाले ईट भट्ठा मलिक भयभीत भी है शाहजहांपुर जनपद में तमाम ईट भट्ठा दसों वर्षो से अधिकारियों के रहमों करम पर चल रहे थे और ईट भट्ठा मालिक अधिकारियों की आंखों में धूल झोंक रहे थे जिन पर अपर जिला अधिकारी अरविंद कुमार ने छुट्टी के दिन रविवार को मौके पर जाकर कार्रवाई की जिसमें करीब 5 ईट भट्टा बंद करवा दिए सोमवार को एडीएम अरविंद कुमार गोद लिए स्कूल वाले गांव पहुंच गए पीश्एमश्र श्री कंपोजिट विद्यालय धन्यौरा में औचक निरीक्षण कर विद्यालय में बच्चों की संख्या बढ़ाने हेतु एडीएम ने स्वयं गांव में गरीब परिवार से संपर्क किया बच्चों के परिवार से मिलकर सरकार और शासन द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना सर्व शिक्षा अभियान के बारे में विस्तृत से जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया कि स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को ड्रेस , जूता मोजा, बैग, स्टेशनरी हेतु एक निश्चित धनराशि अभिभावक के खाते में छ्ठ्ठ के माध्यम से भेजी जा रही है। एडीएम ने ग्रामीणों को बताया कि मिड डे मिल और बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्मार्ट क्लॉस, नवाचार, कंप्यूटर लैब, खेल खेल में सीखना आदि के बारे में भी विस्तार से बताया। जिसके बाद गांव के बच्चों के अभिभावक,छ्रूकी बातों से प्रभावित हुए और अपने 6 बच्चों का दाखिला एडीएम के कहने पर सरकारी विद्यालय में कराने को राजी हो गए। जिसके बाद बच्चों की हौशलाफजई करते हुए अपर जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को अपनी गाड़ी में बैठाकर स्कूल में लेजाकर दाखिला कराया।,छ्रूको अपने दरवाजे पर देखकर गांव वाले बहुत ही प्रभावित हुए और गांव के शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में कराने का आश्वासन दिया। इस पहल की भूरी भूरी प्रशंसा की।

# जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित, लिपिक से जवाब किया तलब



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहाँपुर/** जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में व्याप्त अनियमितताओं और लापरवाहियों को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह के साथ अचानक सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग के विभागीय कार्यालय में छापा मारा। करीब डेढ़ घंटे तक निरीक्षण चला जिसमें कई खामियाँ उजागर हुई। कार्यालय में मौजूद लोगो की पुष्टि की गयी उनसे जानकारी ली गयी की वह किस कार्य से कार्यलाय में आए है। साथ ही यह निर्देश दिये गये कि कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति कार्यालय में न रहे यह सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की मान्यता, शिकायतों, वेतन, पेशन तथा विभागीय कार्यवाही से संबधित पटलों के अभिलेखों की गहनता से जांच की गयी। कार्यालय में साफ सफाई व्यवस्था भी बदहाल पायी गयी जिसे लेकर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विद्यालयों की मान्यता संबंधी अभिलेख एवं विभिन्न शिकायतों के निस्तारण का कोई स्पष्ट और अद्यतन विवरण विभाग द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने विभाग में तैनात लिपिक राजेश से जवाब-तलब किया है। उनसे पूछा गया है कि आवश्यक जानकारी समय पर क्यों नहीं प्रस्तुत की गई और इस स्तर की अनदेखी के लिए कौन जिम्मेदार है। वहीं, कार्यालय की सफाई व्यवस्था, पत्रवलियों का रखरखाव, और कर्मचारियों पर नियंत्रण में गंभीर कमियाँ पाई गई। साथ ही बीएसए दिव्या गुप्ता कर्मचारी आचरण नियमावली के संबध में भी स्पष्ट जानकारी नही दें सकीं। इन खामियों पर नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता से भी स्पष्टीकरण मांगा है। उनसे स्पष्ट करने को कहा गया है कि कार्यालय प्रबंधन में लापरवाही क्यों बरती जा रही है और संबंधित व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं किया गया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि प्रशासनिक कार्यो में लापरवाही और शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों से संबंधित पत्रावलियों की गहनता से जांच की। विशेष रूप से वेतन और पेंशन से जुड़े मामलों की फाइलें खंगाली गई। कई ऐसे दस्तावेज पाए गए जिनमें प्रक्रिया अधूरी थी या जानकारी अद्यतन नहीं थी। इस पर डीएम ने वेतन, पेंशन एवं विभागीय कार्यवाही से संबंधित कई महत्वपूर्ण फाइलें जब्त करने के निर्देश दिए, ताकि बाद में इनकी विस्तार से जांच की जा सके। इस छापेमारी से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। कई कर्मचारी तत्काल दस्तावेजों को संधारित करने और व्यवस्थाएं सुधारने में जुट गए। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विभागीय कार्यो में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व और प्रभावशीलता सुनिश्चित की जाए, अन्यथा आगे कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। इस दौरान डीसी मनरेगा बाल गोविन्द शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# हिंदू समुदाय के साथ अन्य समुदाय के लोगों ने भी जेल में रखा नवरात्रि व्रत

**● सोमवार को बंदियों ने जेल अधीक्षक के साथ किया हवन पूजन**



स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/**जनपद जेल में नवरात्र का व्रत बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। जिसमें हिंदू समुदाय के साथ-साथ अन्य समुदाय के बंदियों द्वारा भी नवरात्र का व्रत रखा गया जिसमें मुस्लिम समुदाय के 7 बंदी, सिक्ख समाज के तीन बंदी तथा एक बंदी नेपाल का नागरिक भी है। बड़े ही सौहार्द और खुशी-खुशी नवरात्र का व्रत संपन्न हुआ। प्रशासन की तरफ से सभी व्रतधारी बंदियों को व्रत में अनुमन्य फल दूध चीनी एवं उबले आलू ,चाय, गुड़ आदि दिये गये। नवरात्रि समापन के दिन कारागार के बहुउद्देशीय हाल में सभी अधिकारियों एवं बंदियों ने मिलकर हवन किया एवं देवी मां की आरती की।

साथ ही साथ नवरात्र व्रत समापन के साथ चैत्र रामनवमी जो कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाती है। के उपलक्ष में अखंड रामायण का पाठ प्रारंभ किया गया जिसमें सभी अधिकारियों और बंदियां भाग लिया और कारागार में अमन चैन शांति और सौहार्द की कामना की। सांयकाल अखंड रामायण का पाठ पूर्ण हुआ अखंड पाठ की पूर्णता पर भगवान राम एवं श्री रामायण की आरती की गई एवं हवन किया जिसमें सभी अधिकारी एवं बंदी शामिल हुए।

# प्राथमिक विद्यालय सतवनपट्टी विकासखंड भदपुरा, (बरेली) में प्रवेशोत्सव, शारदा संगोष्ठी हुई



स्वतंत्र प्रभात

**बरेली/**वार्षिकोत्सव के आयोजन में किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ में मां सरस्वती के समक्ष प्रधानाध्यापक विवेक सक्सेना, इंद्रपाल गंगवार अरुण सहित अन्य लोगों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया । तत्पश्चात विद्यालय के छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना की गई एवं उपस्थित अतिथियों का स्वागत गीत द्वारा स्वागत किया गया सभी उपस्थित अतिथियों का विदुर कुमार, राजेश कुमार गंगवार, निशा देवी द्वारा बैच लगाकर सम्मान प्रकट किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्रों द्वारा शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार द्वारा नव प्रवेशित छात्रों यथा कमल बाबू, गौरी, मोहम्मद जैन, जैनब, अल्फेज़ आदि का तिलक लगाकर एवं उपहार देकर स्वागत किया गया कक्षा 5 के छात्रों को परीक्षा फल वितरित कर एवं उपहार देकर विदा किया गया विद्यालय के समस्त स्टाफ को उनके कार्य हेतु पुरस्कार दे सम्मानित किया गया। तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विजय कुमार मैं उपस्थित सभी जनों से स्कूल चलो अभियान को सफल बनाने का आह्वाहन किया एवं परिषदीय विद्यालयों में अधिक अधिक प्रवेश दिलाने हेतु सहयोग करने को कहा । सक्सेना ज द्वारा बताया गया कि परिषदीय विद्यालय में शिक्षा का स्तर उत्कृष्ट है एवं विद्यालय समस्त सुविधाओ से परिपूर्ण है । साथी विवेक सक्सेना द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती राखी गंगवार एवं राजेश कुमार गंगवार द्वारा किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने में अनिल कुमार, राखी गंगवार, सूरज गंगवार, योगेंद्र कुमार आदि का विशेष सहयोग रहा।

# अवैध कब्जा की प्रकाशित खबर से बौखलाए प्रधान ने दी बेहजम हत्याकांड जैसी घटना घटित करा देने की धमकी

**● बातचीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग समेत शासन प्रशासन से शिकायत कर पत्रकार ने लगाई न्याय की गुहार**

**हम ही ने नहीं कई अन्य लोग भी किये है अवैध कब्ज़ा**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी-** मामला विकासखंड बेहजम तहसील लखीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बनिका का है जहां के दबंग प्रधान मनोज कुमार द्वारा ग्राम पंचायत की बेश कीमती सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा करके मकान व दुकान बना लिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है और उक्त मामले की ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी की गई थी जिसके उपरांत मामले की जानकारी होने पर जमीनी पड़ताल के बाद अवैध कब्जा के मामले की खबर को प्रमुखता से स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र द्वारा प्रकाशित किया गया था उक्त सरकारी जमीनों पर प्रधान ने किया अवैध कब्जा शीर्षक से प्रकाशित खबर से बौखलाए ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने स्वतंत्र प्रभात समाचार पत्र के संवाददाता के फोन पर कॉल करके खबर छापने की बात को लेकर कहा मैं प्रधान के साथ और भी कुछ हूं आप जानते हो बेहजम जैसी घटना होगी आपके साथ आप खबर चलाओ मैं भी आपके खिलाफ कुछ करुंगा तैयार रहना इस तरह से फोन पर प्रधान द्वारा धमकी दी जा रही है जिससे भयभीत पत्रकार ने शासन प्रशासन को शिकायती पत्र प्रेषित कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है ऑडियो रिकॉर्डिंग साक्षय के रूप में सुरक्षित है और आशंका जताई है कि यदि भविष्य में कोई भी घटना उसके साथ घटित होती है उसका जिम्मेदार ग्राम प्रधान बनिका मनोज कुमार को ही जाना जाए!

**क्या है पूरा मामला**

ग्राम पंचायत बनिका में रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों में गाटा संख्या 749,750,863,1072,1083 भूमि स्थित ग्राम बनीका परगना खीरी तहसील लखीमपुर जिला खीरी उपरोक्त गाटे नवीन परती के बताए जाते हैं गाटा संख्या 1072 में स्कूल की भूमि जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र व स्वास्थ्य केंद्र बने हैं तथा इसी गाटे के शेष बचे रक़वा पर वर्तमान प्रधान मनोज ने दबंगई के दम पर अवैध कब्जा करके अपने मकान का निर्माण शुरू कर दिया गया 863 में आर आर सी केंद्र बना है उक्त आर आर सी सेंटर के दाएं और बाएं रिक्त पड़ी जगह पर प्रधान मनोज कुमार ने मकान का निर्माण शुरू कर अवैध कब्जा कर लिया गया वहीं गाटा संख्या 749, 750 जो नवीन परती का गाटा है जिस पर अन्नपूर्णा भवन बना है और इसके बाद उक्त दोनों गाटो की अवशेष भूभाग पर पुनः ग्राम प्रधान मनोज कुमार द्वारा आलीशान मकान खड़ा कर दिया गया और चारदीवारी खिंचवाकर अवैध कब्जा कर लिया गया इतना ही नहीं गाटा संख्या 1083 पर भी दुकान और मकान प्रधान द्वारा बनवाए जाने की जनचर्चा जोरों पर है उक्त अवैध कब्जा लेखपाल साहब को भारी भरकम प्रसाद चढ़ाकर किए जाने की बात चर्चा का विषय बनी ऐसा ग्रामीणों का आरोप है मजेदार बात तो यह है की खबर प्रकाशित करने पर ग्राम प्रधान ने धमकाते हुए कहा कि हां हमने कब्ज़ा किया है और भी लोगों ने तो कब्जा कर रखा है वही प्रधान की पत्नी ने कहा आप हमारे पति की खबर चलाते हो जिसमें खंड विकास अधिकारी सेक्रेटरी व अन्य अधिकारी आते हैं और हमसे पैसा ले जाते हैं हमने तो खेत बेचकर 12 लाख रुपए से प्रधानी लड़ी थी हां हमने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है गांव के कई लोगों ने भी कब्जा किया है शायद प्रधान मनोज कुमार को नहीं पता है की भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष वह स्वयं है तो वह अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करवाते करवाएंगे भी कैसे जब स्वयं कब्जा किए हैं तो दूसरों को कैसे रोक पाएंगे आप जनप्रतिनिधि हैं पहले आप सुधरो तब ग्रामीण पर उंगली उठाओ अपने गिरेवा में पहले झांको कि आप कितने पाक और साफ है ग्राम प्रधान व उनकी पत्नी द्वारा अवैध कब्जा करने की बात इकबाल स्वयं की गई है और खबर चलाने पर बेहजम जैसी घटना घटित करने की धमकी दी जा रही है मामले की लिखित शिकायत शासन प्रशासन से कर अवैध कब्जा हटवाए जाने व खबर प्रकाशित करने पर जान माल की धमकी देने वाले प्रधान के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की बात कही गई है!

# स्ट्रीट लाइट,नल रिबोर, मरम्मत, एवं दवा छिड़काव के नाम लाखों का बंदरबाट



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी-** मामला विकासखंड बेहजम की ग्राम पंचायत बनिका का है जहां तत्कालीन पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान के द्वारा बाजीगरी का खेल खेलते हुए सरकारी गाइडलाइन को ताक पर रखकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना की धनराशि को दोनों मिलबाटकर डकार रहे हैं जिम्मेदारों में खंड विकास अधिकारी बेहजम के साथ एडीओ पंचायत भी मूकदर्शक की भूमिका में बने रहे ऐसा लोगों का आरोप है, पंचायत सचिव के जादूगरी वाले कारनामे देखने वाले भी दंग रह जाएंगे बाजीगरी के पहले दौर में हैंड पंप मरम्मत एवं रिबोर के नाम पर कागजों का पेट भरते हुए अपने चहेते लोगों में लेबरों को मिस्त्री का लाखों का भुगतान निकाल कर हजम कर लिए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है नल आज भी भ्रष्टाचार की दास्तां बयां करते हुए अपने दुर्दशा पर आंसू बहाते देखे जा सकते हैं! सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पंचम राज्य वित्त से दिनांक 16. 6. 2022 को 68,400 प्रकाश व्यवस्था स्ट्रीट लाइट के नाम पर निकल गए वही दिनांक 28.8.2024 को 15675 रुपया और 10300 दवा छिड़काव के नाम निकाले गए हैंड पंप मरम्मत एवं रिबोर के नाम दिनांक 20-9-2023 को 81,049, दिनांक 16.09.2023 को 21493 रुपया 16. 9. 2023 को पुनः 72750 रुपए निकाले गए वही दिनांक 24.08.2023को 87,357 रुपया निकाले जाने की जानकारी सूत्रों द्वारा दी गई है सूत्रों की जुवानी सत्य माने तो गांव में एक भी स्ट्रीट लाइट दिखाई नहीं पड़ रही है और ना ही कही दवा का छिड़काव ही कराया गया है शोक पिट निर्माण में 87357 रुपए की कागजों पर निकासी भले हुई हो लेकिन दो चार शोकपिट के अलावा कहीं कोई शोक पिट निर्माण कार्य दिखाई नहीं देता है कमॉबेस यही हाल हैंडपंप रेबोर का है कि लगभग 200000 के बिल वाउचर लगाकर सरकारी धन निकाला गया नल आज भी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहाते देखे जा सकते हैं अब दूसरा सो दवा छिड़काव का है ग्राम सभा में दवा छिड़काव कराए बगैर ही दवा छिड़काव और साफ सफाई के नाम पर अपनी चहेती फर्म के नाम पर भुगतान लगा दिया गया और बैक डोर से वापस लेकर आपस में बंदरबाट कर लिए जाने के आरोप ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहे हैं इतना ही नहीं भ्रष्टाचार के मास्टरमाइंड और दबंग ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सचिव ने मिलकर लगभग स्ट्रीट लाइट के नाम पर निकाल कर हजम कर लिया गया और लाइट नहीं लगवाई गई ऐसा ग्रामीणों का आरोप है सबसे सोचने वाली बात तो यह है कि एडीओ पंचायत को सब कुछ जानकारी होने के बाद भी इस बाजीगरी के खेल पर मोन साधे रहे ग्राम पंचायत में वृक्षारोपण गोट सेट शोकपिट के साथ-साथ सरकारी धनराशि की लूट का खेल खेले जाने का मामला चर्चा का विषय बना है जिससे सरकार व जिले के ईमानदार मुख्य विकास अधिकारी के साख को बट्टा लगाने के साथ-साथ लोगों का विश्वास सरकारी मशीनरी से उठता जा रहा है यदि मामले की उच्च स्तरीय जांच टीम गठित करके ईमानदारी से निष्पक्ष कराई जाए जांच तो पंचायत में किए गए भारी भ्रष्टाचार का खुलासा होना होगा तय और ग्राम पंचायत अधिकारी समेत अन्य जिम्मेदारों की भी तय होगी जवाब देही!

इस संबंध में जब ग्राम पंचायत अधिकारी सुमन देवी से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि बगैर काम के कोई भुगतान नहीं लगाया जाता है यदि कोई नल खराब पड़े हैं तो आप हमें बता दीजिए हम सही करा देंगे

# मेला चैती के तृतीय दिवस सांस्कृतिक मंच पर मनोहारी कला केन्द्र की मनमोहक प्रस्तुति ने किया भावविभोर




स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** छोटी काशी के ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर तृतीय दिवस मुन्नू लाल कनौजिया की अध्यक्षता में आयोजित मनोहारी कला केन्द्र द्वारा प्रस्तुत सुंदर झाकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद मोहमदी चेयरमैन संदीप मेहरोत्रा उपस्थित थे।आज के कार्यक्रम को मुख्य अतिथि श्री मल्होत्रा विशिष्ट अतिथि राकेश वर्मा एड0 कालिका प्रसाद मौर्य एड. ,सुरेश गिरि एड. ,अनूप वर्मा महामंत्री बार एसोसिएशन ,विमल श्रीवास्तव एड0, रामकुमार वर्मा एड0, राकेश त्रिपाठी , रामकुमार गौतम एड0, विवेक अवस्थी एठ0 लखीमपुर, विमलेश त्रिवेदी एड0,,डी जी बाजपेयी एड.रमाकांत द्विवेदी एड.,ललित मोहन मिश्रा , गोला पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत मनोहारी कला केंद्र के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर एवं सोनू पागल के निर्देशन में कलाकारों ने गणेश वंदना से की-सोनू पागल, पियूष जोसी, सुरीली सिंह, छोटी नटराज और निहाल गुप्ता ने भगवान गणेश का स्वरूप रखकर- सुखकर्ता, दुखहर्ता, और मेरे घर में पधारो गजानन जी मेरे घर में पधारो ,गणपति गनेश मनायो मोरी देवा पर गणेश नू मनाओ भक्ति गीत की प्रस्तुति पर मनमोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया।इस अवसर पर माँ अन्नपूर्णा रसोई संचालक गौरव ज्ञान त्रिपाठी, कमला मेमोरियल प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित, डी पी श्रीवास्तव, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय बाजपेयी, किसान मोर्चा संयोजक विकास मिश्रा, अविनाश गुप्ता, सभासद नानक चन्द्र वर्मा, इजरान अहमद, धर्मेन्द्र जायसवाल, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू,नेता रियाजुद्दीन, राजेश कुमार वर्मा, दानिश राईन ,सुरेश जायसवाल आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

ऐतिहासिक चैती मेला में आज- दिनांक 08.04.2025 को ऐतिहासिक मेला चैती के सांस्कृतिक मंच पर स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि आठ बजे से।

### कानपुर में 30 फीट गहरी खाई में गिरा ट्रक, ड्राइवर की जलकर मौत

**कानपुर।** यहां जिले में तेज रफ्तार से मौतों का सिलसिला लगातार जारी है ,जिसके क्रम में बिधनू में एक दर्दनाक सड़क हादसे में डंपर चालक की जलकर मौत हो गई। बीती देर रात यह हादसा शंभुआ दक्षिणांचल विद्युत उपकेंद्र के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक हमीरपुर से लखनऊ जा रहे मौरंग लदे डंपर के चालक श्यामजी द्विवेदी (35) की दुर्घटना में मौत हो गई। रात करीब 2 बजे डंपर अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराया। फिर 30 फीट गहरी खाई में जा गिरा। इस दौरान डंपर की केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें उन्नाव के हसनगंज मुहान ग्राम पिलखना के रहने वाले चालक श्यामजी की मौत हो गई। इस बीच सूचना मिलने पर घाटमपुर से पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। बिधनू थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार, सोमवार सुबह चालक के शव के अवशेष बाहर निकाले गए। केबिन में सीट के नीचे मिले मोबाइल फोन से चालक की पहचान की गई। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश स्वच्छ भारत मिशन में चुनार के घाटों को मिला तीसरा स्थान



**चुनार, मिर्जापुर।** स्वच्छ भारत मिशन नगरी योजना अंतर्गत प्रदेश स्तर पर स्वच्छ घाट श्रेणी के अंतर्गत नगर पालिका परिषद चुनर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इस उपलक्ष में निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के उपस्थिति में नगर विकास मंत्री ए के शर्मा द्वारा स्थानीय निकाय निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ में दिनांक 4- 4 - 2025 को पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद चुनार का प्रतिनिधत्व कर रहे अधिशासी अधिकारी राजपति वैस ने पुरस्कार प्राप्त किया, इस अवसर पर सफाई और खाद्य निरीक्षक लालमणि भी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि के पश्चात चुनार आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष मंसूर अहमद और सभी सभासदों ने स्वागत कर बधाई दिया।

### मां दक्षिणेश्वर के मंदिर पर किया गया भंडारे का आयोजन



**सीखड़ संवाद-** सोमवार को विकास खण्ड अन्तर्गत मगरहा लरछूट मार्ग पर स्थित दक्षिणेश्वर काली माता मंदिर पर नवरात्रि के नवमी तिथि के दिन विधिपूर्वक श्रृंगार हवन पूजन के उपरांत दशमी तिथि दिन सोमवार को भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम पंचायत लरछूट,बटौवा,मगरहा, पुरनपट्टी, पचराव, बारी, चुनार, सोनवर्षा, खानपुर, सीखड़ जैसे अन्य गांवों से हजारों मां के भक्तो ने मां का दर्शन पूजन करने के पश्चात भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी पंकज बाबा, मां भगवती की उपाशिका ज्योति सिंह, भक्त आदित्य शंकर पांडेय, आशीष पांडेय, गोपीनाथ मिश्र,अनील सिंह, बचाऊ लाल सेठ,बिक्की सिंह,सत्य नारायण सिंह,प्रमोद सिंह,राजू सिंह,डॉ विंध्य बहादुर सिंह,महिपाल सिंह, अनील मिश्रा, अराधना मिश्रा, सत्यम मिश्रा, संस्कृति मिश्रा, घूरे पाल, उमेश विश्वकर्मा, दीप नारायण, पंचदेव सिंह,कमलेश बिंद, हेमंत , शाहगम सिंह,आशीष, ध्रुव मिश्रा,सहित हजारों लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।।

### बाइक सवार महिला दर्शनार्थी के गले से मंगलसूत्र छीनकर बाइक सवार बदमाश फरार

**चील्ह, मीरजापुर ।** थाना कोतवाली चील्ह अंतर्गत गोपीगंज मार्ग पर चील्ह चौराहे के पास रविवार की शाम सात बजे बाइक सवार महिला दर्शनार्थी से दो बाइक सवार बदमाशों ने मंगलसूत्र छीन कर फरार हो गए। भदोही जनपद के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के घटमा पुर गांव निवासी सुशील तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी अपनी पत्नी सुषमा तिवारी को बाइक पर बैठाकर रविवार की शाम 7:00 बजे विंध्याचल दर्शन करने जा रहे थे कि जैसे ही चील्ह गोपीगंज मार्ग के मझगवां गांव के पास पुलिस पिकेट से 100 मीटर पहले पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे बाइक सवार दो बदमाशों ने महिला का पर्स छिनने का प्रयास किया पर्स नहीं छीन पाए तो गले से मंगलसूत्र छीनकर पुलिस पीकेट के सामने से होते हुए औराई की तरफ फरार हो गए। भुक्तभोगी दंपति ने घटना की सूचना पुलिस पिकेट पर दी तो पुलिस वालों ने थाने पर भेजा दंपति ने थाने पर पहुंचकर तहरीर देकर मंगलसूत्र बरामद कर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी विजय शंकर सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना सुरियावां का किया गया औचक निरीक्षण

**थाना कार्यालय, परिसर भोजनालय, शस्त्रागार, मालखाना व महिला हेल्प डेस्क आदि का किया गया भ्रमण/निरीक्षण**

आज दिनांक-07.04.2025 को शुभम अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा थाना सुरियावां का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय के विभिन्न रजिस्टरों, अभिलेखों के रख-रखाव, माल-खाना, शस्त्रागार व महिला हेल्प-डेस्क आदि का अवलोकन किया गया। रजिस्टर/अभिलेखों के बेहतर रखरखाव व अद्यतन रखने तथा थाना परिसर का भ्रमण कर परिसर, बैरक, मेस व शौचालय आदि की साफ-सफाई का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये।थाना परिसर में खड़े वाहनों के नियमानुसार निस्तारण कराने तथा विवेचकों को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। सभी पुलिसकर्मियों को अच्छा टर्न आउट रखने व अनुशासित रहने हेतु निर्देश दिये गए।

# विधायक ने भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में 15 दिन के भीतर नल से पेयजल आपूर्ति कराने का दिया निर्देश

**●बहेलियान बस्ती में विधायक ने सूखी टोंटी देख जल निगम अधिकारियों को लगाई फटकार**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मिर्जापुर।** छानबे विधायक रिंकी कोल ने बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी संग सोमवार को भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्या सुनी। चौपाल के बाद विधायक ने पेयजल संकट से जूझ रहे बहेलियान और गोबरदहा बस्ती का निरीक्षण कर समस्या का हाल जाना। गोबरदहा बस्ती की संगीता कोल ने विधायक रिंकी कोल से कहा कि बस्ती में बिजली नही होने से बच्चे पढ़ाई नही कर पाते हैं। विधायक ने मौके पर मौजूद अधिशासी अभियंता विद्युत योगेश कुमार से इस संबंध में पूछा तो उन्होंने नवम्बर माह तक छूटे हुए बस्तियों में विद्युतीकरण कराए जाने का आश्वासन दिया।फूल कली, श्याम कुमारी छोटी, अर्चना आदि महिलाओं ने बताया कि नल से पानी नही आने पर टैंकर का पानी पी रहे हैं।बहेलियान बस्ती में महरजुआ कोल के घर लगे नल को देखकर पूछा कि कभी नल से पानी आया तो महरजुआ ने बताया कि दो साल पहले नल लगा था लेकिन आज तक पानी नही आया। बस्ती के लोग टैंकर के पानी पर निर्भर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यदाई संस्था की लापरवाही से कई घरों में नल कनेक्शन नही लगाया गया है।विधायक रिंकी कोल ने मौके पर मौजूद जल निगम के अधिशासी अभियंता राजेश गुप्ता व कार्यदाई संस्था एनसीसी के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि पंद्रह दिन के भीतर नल कनेक्शन लगाकर गांव में नल से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।जल निगम के



अधिशासी अभियंता ने पंद्रह दिन के भीतर गांव में नल से पेयजल आपूर्ति कराने की विधायक से बात कही। विधायक ने हर घर नल योजना से वंचित सभी ग्रामीणों के घर नल कनेक्शन लगाए जाने का जल निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया। विधायक ने जब तक समस्या का समाधान नही हो जाता तब तक पर्याप्त मात्रा में टैंकर से पेयजल आपूर्ति करवाए जाने का बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी को निर्देश दिया। विधायक ने पंद्रह दिन बाद फिर से जल निगम के अधिकारियों के साथ आने का ग्रामीणों से वादा किया।इस दौरान जल निगम के अधिशासी अभियंता राजेश गुप्ता, अधिशासी अभियंता विद्युत योगेश कुमार ग्राम प्रधान चंद्र कली,सचिव सौरभ यादव, प्रधान पति संते कोल दयालु कोल आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## दो बाइकों की भिड़ंत में चार लोग घायल, गंभीर रूप घायल दोनों बाइक चालक मंडलीय अस्पताल रेफर

**दुर्घटना/हादसा**

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया मिर्जापुर।** ड्रमंडगंज क्षेत्र के रतेह चौराहा पर सोमवार दोपहर बारह बजे के करीब दो बाइकों में आपस में भिड़ंत हो गई। घटना में दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे हेड कांस्टेबल ओमप्रकाश यादव ने घायलों को उपचार हेतु एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भिजवाया। जहां डा विवेक खरे व डा रीना सिंह ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक चालकों को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। हलिया थाना क्षेत्र के बड़ौहा गांव निवासी 18 वर्षीय गोलू विश्वकर्मा गांव निवासी अपने साथी 19 वर्षीय राकेश के साथ ड्रमंडगंज किसी काम से जा रहे थे वहीं नदौली गांव की ओर से आ रहे बबुरा रघुनाथ सिंह गांव निवासी 18 वर्षीय सूरज प्रजापति नदौली गांव निवासी 18 वर्षीय मोहन के साथ बाइक से अपने घर जा रहे थे जैसे ही रतेह चौराहा पर पहुंचे तो दोनों बाइकों में भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में दोनों बाइक चालक गोलू विश्वकर्मा और सूरज प्रजापति को सिर तथा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आ गई। वहीं बाइक पर पीछे बैठे राकेश वर्मा और मोहन को सामान्य चोटें आई हैं। डा विवेक खरे ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दोनों बाइक चालक गोलू विश्वकर्मा व सूरज प्रजापति का प्राथमिक उपचार करने के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है।

### रिक्शा चालक हुआ साइबर ठगी का शिकार

**जफराबाद।** क्षेत्र के भूलेमऊ धर्मापुर बाजार में सवारी उतार कर गुगल पे के माध्यम से पैसे ले रहे रिक्शा चालक को एक युवक ने चकमा देकर 1500 रूपये अपने खाते उल्टा ही ले लिया। और वहां से भाग गया।रिक्शा चालक जब सभी सवारियों को उतार कर खाली हुआ और अपना मोबाईल चेक किया तो पता चला कि उसके मोबाईल से दूसरे नम्बर पर 1500 रूपये भेज दिया गया है। क्षेत्र के किरतापुर गांव निवासी रिक्शा चालक ओम प्रकाश जौनपुर - केराकत मार्ग पर रिक्शा चलाता है।रविवार की शाम वह नगर के सिपाह से सवारी लादकर भूलेमऊ धर्मापुर बाजार पहुंचा।वहां उसके रिक्शा में सवार एक युवक ने उसे 20 रूपये का किराया गुगुल पे के माध्यम से देने की बात कही। रिक्शा चालक ओम प्रकाश ने अपने मोबाइल का क्यू आर कोड दिखाते हुए उसे मोबाइल दे दिया। और अन्य सवारियों से किराया लेने में व्यस्त हो गया। युवक ने रिक्सा चालक को किराया देने को कौन कहे 1500 उल्टे ही एक नंबर पर भेज लिया। रिक्शा चालक को जब इसकी जानकारी हुई कि ऑनलाइन उसके खाते से 1500 रुपया उड़ा दिया गया है तो उसने इसकी तहरीर जफराबाद थाने पर पहुचकर दी।

## गांव चलो अभियान के तहत विधायक चुनार ने किया गाव का भ्रमण

स्वतंत्र प्रभात

**सीखड़ , मीरजापुर।** भारतीय जनता पार्टी सीखड़ मंडल द्वारा गांव चलो अभियान कार्यक्रम के तहत भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर मगरहा के पतलुकिया ग्राम सभा में कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चुनार विधायक अनुराग सिंह रहे कार्यक्रम के सर्वप्रथम विधायक चुनार अनुराग सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गांव चलो अभियान के तहत विधायक चुनार अनुराग सिंह ने लोगों से मिलकर के उनकी समस्याएं सुनी ग्रामीणों ने बरसात में जल निकासी की व्यवस्था न होने की बात कही जल नल योजना के तहत गांव में पानी नहीं पहुंच पा रहा है उसकी शिकायत की और गांव में उत्सव भवन बनाने की मांग की जिस पर विधायक चुनार ने उच्च अधिकारियों से बात की तथा उत्सव भवन के लिए ग्राम



प्रधान से प्रस्ताव बनाए जाने के लिए कहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव में घूम करके भाजपा द्वारा किए गए विकास कार्यो का पत्रक सौंपा भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यो की लोगों को जानकारी दी उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष विजय कुमार भारद्वाज ,आलोक सिंह, शिव प्रसाद द्विवेदी, आनंद शर्मा ,शीतलेश्वर प्रसाद पाठक ,राजेश सिंह राजू, संजय मिश्रा, रणवीर प्रताप सिंह, मंगला शर्मा , मनीष कुमार,सहित काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जनता उपस्थित रही।

# कलाकारों ने गीत-संगीत के माध्यम से बहुजन समाज को किया जागरूक

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज, मीरजापुर ।** लालगंज क्षेत्र के मेढरा गांव में ग्रामीणों द्वारा सोमवार को संगीत मुकाबला का आयोजन किया गया था। कलाकारों ने छात्र-छात्राओं को भी अपने गीत-संगीत के माध्यम से जागरूक किया। उन लोगों ने कहा कि इस सामाजिक बुराई को जड़ से उखाड़ फेकना सब का दायित्व बनता है। कलाकारों ने मेढरा गांव अपने कार्यक्रमों की प्रस्तुति की। उन लोगों ने कई अभियान गीतों की प्रस्तुति किए जाने के साथ ही बहादुर बिटिया नामक नाटक का मंचन भी किया। नाटक के माध्यम से उन लोगों ने दहेज प्रथा तथा बाल विवाह पर चोट किया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए छात्र-छात्राओं के अलावा बड़ी संख्या में आसपास के लोग भी जुटे हुए थे। इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्य



कार्यक्रम के राष्ट्रीय गायिका प्रीति बौद्ध ने अपने गीत के माध्यम से दहेज एवं बाल विवाह सामाजिक बुराई है। इसे दूर करने के लिए हम सबों को तत्पर होना होगा। राज्य सरकार द्वारा संचालित इस विशेष अभियान को जन आंदोलन का रूप दिए जाने की जरूरत है। प्रत्येक दिन इन कलाकारों द्वारा कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जा रही है। ताकि लोगो को जागरूक किया जा सके। प्रस्तुति कार्यक्रम में कलाकार अक्षय कुमार नाल वादक, कमलेश कुमार पैड, मोनू कुमार बेन्जू तथा टीम लीडर मिशनरी गायक रविराज बौद्ध ने अपनी प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह थी कि सभी कलाकार कलाकारों ने मिलकर प्रस्तुत किए जा रहे कार्यक्रमों का काफी प्रभाव देखा जा रहा है। समारोह में उपस्थित लोग इस प्रकार के कार्यक्रम की सराहना कर रहे थे। इस मौके पर भावी जिलापंचायत सदस्य धीरेंद्र राव अम्बेडकर ,चंद्रकांत गौतम (पूर्व जिला सचिव बसपा) रोहित राव आदि लोग भी मौजूद थे।

## डायल-112, पीआरवी पुलिसकर्मियों की तत्परता से सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति की बच सकी जान

स्वतंत्र प्रभात

**ज्ञानपुर-** थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत चकवा महावीर के पास कार व मोटरसाइकिल के बीच दुर्घटना की सूचना पर पीआरवी पुलिस टीम द्वारा एंबुलेंस का इंतजार किए बिना तत्काल पीआरवी वाहन में ही घायल को अस्पताल पहुंचाकर कराया गया समुचित ईलाज दिनांक-06.04.2025 को थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत चकवा महावीर के पास कार चालक द्वारा मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को टक्कर मार दिया गया। उक्त दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर डायल-



112, पीआरवी 5529 पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना गम्भीर रूप से घायल व्यक्ति को पीआरवी वाहन से ले जाकर सीएचसी ज्ञानपुर में भर्ती कराया गया एवं स्थानीय पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। पीआरवी पुलिसकर्मियों की तत्परता से घायल व्यक्ति की जान बच सकी। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही पर घायल के परिजनों व स्थानीय जनता ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

पीआरवी-5529 पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों का विवरण- 1.कमाण्डर-मुख्य आरक्षी दीपचन्द्र यादव 2.सब कमाण्डर- आरक्षी सूरज कुमार 3.सब कमाण्डर- होमगार्ड विनीत सिंह 4.पायलट-आरक्षी सत्यम सिंह।

### अग्निपीड़ितों से कौंग्रेसियों ने की मुलाकात

**चित्रकूट-** कौंग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल के नेतृत्व में राजापुर तहसील क्षेत्र के भदेहदु ग्राम पंचायत में अग्निपीड़ित परिवारों से मुलाकात की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आग से गरीब बस्ती में भारी नुकसान हुआ है। शासन द्वारा अग्निपीड़ितों को जो मदद की गई है, वह नाकाफी है। उन्होंने सरकार की मांग की कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को पक्का आवस और पांच-पांच लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ कौंग्रेस नेता गज्जू प्रसाद फौजी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष कामता प्रसाद द्विवेदी, वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## ट्रेलर के चेचिस के चपेट में आकर बाइक सवार 35 वर्षीय युवक घायल, निजी अस्पताल में भर्ती



स्वतंत्र प्रभात

**चील्ह मीरजापुर।** विकासखंड कोन अंतर्गत आज दोपहर वाराणसी जनपद के कपसेठी गांव निवासी 35 वर्षीय विनोद कुमार प्रजापति पुत्र दरबारी प्रजापति जो विकास खंड कोन के कार्यालय में ब्लॉक मिशन मैनेजर के पद पर कार्यरत है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर करीब 1:00 बजे बाइक से गोपीगंज की तरफ जाने के लिए जैसे ही चील्ह चौराहे से मुड़ा था कि पीछे से ट्रेलर की चेचिस आ गई जिससे उसके चपेट में आकर बाइक सहित चेचिस के नीचे दब गया घटना को देखकर आसपास के स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई व एक निजी अस्पताल के डॉक्टर अनिल कुमार बिंद के प्रयास से घंटो मशक्कत के बाद जैक से चेचीस को उठाकर किसी तरह उसे चेचिस के नीचे से बाहर निकाला गया। गंभीर रूप से घायल विनोद कुमार प्रजापति को चौराहे पर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसका उपचार चल रहा था कि घटना की सूचना पर पहुंचे ब्लॉक कर्मियों ने एंबुलेंस बुलाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चील्ह में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ट्रेलर चेचिस सहित चालक को हिरासत में ले लिया है।

## जनपदवासियों तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु डीएम, एडीएम ने सूचना विभाग की एलईडी प्रचार-वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

**●07 से 21 अप्रैल 15 दिवसीय एलईडी प्रचार-वैन के माध्यम से सूचना विभाग जन-जन तक पहुँचायेगा शासन की विभिन्न जनहितकारी नीतियाँ, निर्णय व उपलब्धियाँ**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** सतत् प्रयास-समेकित विकास'' उत्कर्ष के आठ वर्ष, शासन की विभिन्न जनहितकारी नीतियों, निर्णयों एवं उपलब्धियों को जनपदवासियों तक पहुँचाने के क्रम में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के एलईडी प्रचार वैन को जिलाधिकारी विशाल सिंह, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के उत्कर्ष के 8 वर्षो में विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक इस एलईडी वैन के माध्यम से पहुँचाया जायेगा। जिससे अन्त्योदय पर खड़े व्यक्तियों को भी विभिन्न विभागों की विभिन्न योजनाओं की जानकारी मुहैया कराते हुए उन्हें लाभार्थीपरक योजनाओं में आच्छादित किया जा सके। जिला सूचना अधिकारी डॉ0पंकज कुमार ने बताया कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के निर्देश के क्रम में 15 दिवसीय 07 अप्रैल से 21 अप्रैल तक एलईडी प्रचार-वैन के माध्यम से जनपद के समस्त विकास खण्डों व सम्बन्धित ग्राम पंचायतों, सभी बाजार कस्बों, निकायों, तहसीलों में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना,



प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, हर घर नल से जल योजना सहित विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उन्होंने जनपदवासियों को अवगत कराया कि किसी भी विभाग की किसी भी योजना जानकारी हेतु सम्बन्धित विभाग या जिला सूचना कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त कर सकते है। जिला सूचना कार्यालय द्वारा समय-समय पर शासन से प्राप्त विभिन्न पत्रिकाओं व जनकल्याणकारी थीम आधारित फोल्डर, पोस्टर, पम्पलेट आदि के माध्यम से जागरूकता प्रचार-प्रसार किया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार विभिन्न योजनाओं में देश भर में नम्बर वन रैंक के साथ खुशहाल किसान यूपी के पहचान, सशक्त नारी समृद्ध प्रदेश, काम दमदार युवाओं को रोजगार, सबके साथ सरकार, स्वास्थ्य का उपहार, विकास पथ पर यूपी का रथ, अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस, विरासत भी विकास भी, अन्त्योदय से गरीब कल्याण, सबको शिक्षा उत्तम शिक्षा में प्रथम स्थान पर है।

## श्रीरामनवमी पर फिरोजपुर में भव्य रामकथा उत्सव, बहिनी साहब जी ने किया कन्या पूजन और भंडारे का आयोजन



स्वतंत्र प्रभात

**(गोण्डा)फिरोजपुर मनकापुर ।** ग्राम फिरोजपुर में चल रहे श्रीराम कथा उत्सव के अंतर्गत श्रीरामनवमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। स्वर्गीय कुंवर विक्रम सिंह जी की बहन शिवाली सिंह, जिन्हें स्थानीय लोग स्नेहपूर्वक "बहिनी साहब जी " कहकर पुकारते हैं,बहन ने मां काली के स्थान पर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए मंगलकामनाएं प्रकट कीं।इस शुभ अवसर पर 251 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कन्या पूजन के इस पावन आयोजन में बहिनी साहब जी की अगुवाई में श्रद्धा और सेवा भाव का अद्भुत संगम देखने को मिला। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बहिनी साहब जी ने विशेष सहयोग और महायोगदान दिया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से अमरनाथ गुप्ता (प्रधान प्रतिनिधि फिरोजपुर), इंजीनियर अरविंद गुप्ता, अशोक गुप्ता, संदीप वर्मा, सुनील शर्मा, विशाल पाण्डेय, सत्यम शर्मा, राजीव पाण्डेय, प्रदीप भारती, रंजीत भारती, मोहित गुप्ता, रोहित गुप्ता, रामदेव प्रजापति , मायाराम यादव, सत्यम शर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे।यह आयोजन ग्राम फिरोजपुर के लिए न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भाव का प्रेरणादायक उदाहरण भी बना।

## विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी को किये जाने वाली अपील के सम्बन्ध में

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही** -उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य ने अपने द्वारा जारी पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी को किये जाने वाली अपील भारत निर्वाचन आयोग की अधिसूचना दिनांक 06.10.2023 द्वारा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के आदेश के विरूद्ध प्रथम अपीलीय अधिकारी के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी को अधिसूचित किया गया है।

इस संबंध में आपको अवगत कराना है कि जिले में समाहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में से प्रत्येक विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को प्राप्त दावों और आक्षेपों का विनिश्चय करने वाले आदेशों से सम्बन्धित अपील के सम्बन्ध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम 23 में व्यवस्था दी गयी है, जिसके सुसंगत अंश (1) में निम्नवत उद्धत है- 23. दावों और आक्षेपों का विनिश्चय करने वाले आदेशों से अपीलें (1) नियम 20, (नियम-21 या नियम 21क) के अधीन रजिस्ट्रीकरण आफिसर के किसी विनिश्चय की प्रथम अपील जिला निर्वाचन अधिकारी को किया जायेगा। अतः आपसे अनुरोध है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (संसद के अधिनियम) नियम 20, (नियम-21 या नियम 21 क) का अध्ययन स्वयं करते हुए एवं कृपया प्रश्नगत प्रकरण के सम्बन्ध में सभी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं अन्य सभी सम्बन्धित के संज्ञान में कष्ट करें।

# जन शिक्षण संस्थान लखनऊ(सा.नि.) द्वारा मनाया गया विश्व स्वास्थ्य दिवस

**स्वतंत्र प्रभात**



लखनऊ। मोहनलालगंज कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित जन शिक्षण संस्थान (सा0नि0) लखनऊ द्वारा दिनांक 07 अप्रैल 2025 को प्रशिक्षण केंद्र कमला प्रोडक्शन सेंटर खुजौली मे संस्थान के अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी, आई. ए. एस.(से. नि.) के मार्गदर्शन में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जन शिक्षण संस्थान लखनऊ की मातृ संस्था इण्डिया लिट्रेसी बोर्ड के सलाहकार श्री प्रवीन टंडन ने जागरूक करते हुए बताया कि विश्व स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष 7 अप्रैल को मनाया जाता है, जो 1948 में विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ब्ल्यूहृ) की स्थापना का प्रतीक है। यह दिन दुनिया के सामने आने वाले गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें संबोधित करने के प्रयासों को संगठित करने के लिए समर्पित है। विश्व स्वास्थ्य दिवस को हर साल एक खास विषय के साथ मनाया जाता है, जिसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) तय करता है। इस वर्ष 2025 के लिएस्वस्थ शुरुआत, आशाजनक भविष्य (Healthy Beginnings, Hopeful Futures) को खास विषय रखा गया है। संस्थान के निदेशक प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि ये दिन विभिन्न उद्देश्यों के साथ मनाया जा रहा है जिसमें आम जनता को सेहत के प्रति जागरूक बनाना, हेल्थ केयर से जुड़ी समस्याओं पर जन संवाद शुरू करना, नई पीढ़ी को ÷स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करना। कार्यक्रम के अंत में ब्यूटी केयर असिस्टेंट, असिस्टेंट ड्रेस मेकर, जूट क्राफ्ट प्रोडक्ट मेकर के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए उन्हें व्यवसाय करने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम में संस्थान के कार्यक्रम अधिकारी अवधेश कुमार ने मंच संचालन करते हुए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान व लोन सम्बन्धी योजनाओं की जानकारी दी । कार्यक्रम में संस्थान के अकाउंटेंट कम मैनेजर आई पी गुप्ता, प्रशिक्षिका शिप्रा श्रीवास्तव, राजेश्वरी व विकास ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र गुट) का जोरदार प्रदर्शन

**स्वतंत्र प्रभात**

**विनीत कुमार मिश्रा**



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की मोहनलालगंज तहसील प्रांगण में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (धर्मेन्द्र) गुट ने जोरदार धरना-प्रदर्शन किया गया। भारतीय किसान यूनियन धर्मेन्द्र गुट के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह की मौजूदगी में धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें सैकड़ों किसानों और ग्रामीणों ने भाग लिया। यह प्रदर्शन जिलाध्यक्ष गिरीश द्विवेदी और महिला जिलाध्यक्ष संगीता रावत के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। किसान यूनियन संगठन लगातार अपनी समस्याओं को लेकर समय समय पर धरना प्रदर्शन आयोजित करता चला आ रहा है , लेकिन समस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन की कार्यवाही न होने के चलते उन्हें लगातार मायूसी ही मिलती चली आ रही है ।

**प्रदर्शन की क्या हैं प्रमुख मांगे........**

कुबहरा से कमलापुर रोड की स्थिति सुधारने की मांग*~ सड़क की खराब स्थिति को सुधारने के लिए सरकार से मांग की गई।

आवारा पशुओं से फसलों का नुकसान~ किसानों को हो रहे नुकसान का समाधान निकालने की मांग की गई।

सरकारी जमीन पर अधिग्रहण का विरोध~ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का विरोध किया गया।

ग्राम-सभा दुलारमऊ में प्राथमिक विद्यालय की समस्या विद्यालय में बाउंड्री गेट नहीं होने की समस्या उठाई गई।

नहर की पटरियों और सिंचाई विभाग की जमीन का कमर्शियल उपयोग*~ बिल्डरों द्वारा अवैध रूप से जमीन का उपयोग करने का विरोध किया गया।

**धरना प्रदर्शन के बाद क्या हुई कार्यवाही........**

प्रदर्शनकारियों को उपजिलाधिकारी अंकित शुक्ला ने मांग पत्र लेकर उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के शीर्ष पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें राष्ट्रीय महामंत्री राकेश सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री विश्वनाथ पाल और राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतुल चौरसिया शामिल थे। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा ।

# पतंग उड़ाने में प्रयोग किए जाने वाले चाइनीज मांझे का भण्डारण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग पूर्णतः प्रतिबन्धित

**स्वतंत्र प्रभात**

**ब्यूरो प्रयागराज।** जलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा है कि पतंग उड़ाने में प्रयोग किए जाने वाले चाइनीज मांझे का निर्माण, भण्डारण, बिक्री एवं उपयोग पूर्णतया प्रतिबंधित है। ऐसा करने पर आपके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही हो सकती है। चाइनीज मांझे का प्रयोग न स्वयं करें और ना किसी अन्य को करने दे। अगर आपको किसी भी दुकान/प्रतिष्ठान पर चीनी मांझे का निर्माण, क्रय-विक्रय अथवा भंडारण किए जाने की जानकारी हो, तो इसकी सूचना तत्काल जिला प्रशासन अथवा स्थानीय पुलिस को दे, आपकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। चाइनीज मांझा, नायलॉन व मैटेलिक पाउडर से निर्मित होता है, जो कि कांच व धातु के मिश्रण से ज्यादा खतरनाक होता है। चाइनीज मांझा एल्युमिना एवं लेड जैसे खतरनाक रसायन से निर्मित होने एवं प्लास्टिक जैसे खिंचाव और धार की वजह से यह घातक व खतरनाक होता है। इसके चपेट में आने पर हादसा होने की प्रबल सम्भावना रहती है। इससे दोपहिया वाहन चालकों के सीधे गर्दन पर घाव होने, मांझे के दोपहिया वाहन के पहिये से उलझने से दुर्घटना होने तथा साइकिल एवं पैदल यात्रा में भी लोगो के घायल होने की सम्भावना रहती है। चाइनीज मांझे से बचाव के लिए दोपहिया वाहन चालक हेल्मेट अवश्य पहने, कार की सनरूफ से सिर को बाहर न निकाले, बच्चों को चाइनीज मांझे के प्रति जागरूक करे तथा पतंगबाजी वाले स्थानों पर स्वयं विशेष सतर्कता बरतें। जिलाधिकारी ने कहा है कि चाइनीज मांझे का निर्माण, भण्डारण, क्रय-विक्रय एवं उपयोग करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने लोगो से अपील की है कि कोई भी व्यक्ति चाइनीज मांझे का उपयोग स्वयं भी न करें और न ही किसी अन्य को इसका उपयोग करने दे। उन्होंने चाइनीज मांझे के प्रयोग को रोकने हेतु व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाये जाने के लिए कहा है।

# प्रयागराज में क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर ने सुसाइड किया, वाराणसी में तैनात थे

## राइफल से एक गोली मिस हुई तो दूसरी कनपटी पर मारी।

**स्वतंत्र प्रभात**



ब्यूरो प्रयागराज । वाराणसी में क्राइमब्र ब्रांच में कार्यरत इंस्पेक्टर तरुण पांडे ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली ।वे गोंडा जिले के निवासी थे। बताया जाता है कि की पांडे पिछले काफी दिनों से रीढ़ की हड्डी की बीमारी से परेशान थे और उसका इलाज दिल्ली से करा रहे थे। वह रविवार की शाम अपने निजी निवास प्रयागराज में राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि पांडे सितंबर माह 2024 में समय से ड्यूटी न ज्वाइन कर पाने के निलंबित कर दिए गए थे बादम नवंबर 2024 में बहाल किए गए थे लेकिन ड्यूटी नहीं ज्वाइन किया। क्योंकि वह कमर दर्द से बहुत परेशान थे और छुट्टी लेकर के प्रयागराज स्थित घर पर रह रहे थे इलाज दिल्ली से कर रहे थे । म्योर रोड स्थित अपने मकान पर वह अकेल रह रहे थे उनकी पत्नी अपने लड़के से मिलने होली पर बेंगलुरगई थी अभी नहीं लौटी है। बेटी कीशादी और वह लखनऊ में रह रही थी किकी वे अपने बस्तरशा अपनेराइफल दो गोली चलाई जिसमें एक गोली मिस हो गई और दूसरी गोली उनके सिर में लगाते हुए पूरी कपड़े उड़ा दी उसकी आवाज सुनकर जब पड़ोसी गए तो अंदर से दरवाजा बंद था वह लोगोंन और आने पर पुलिस ने दरवाजा खोला तो उनकी लास्ट चारपाई पर खून से लथपथ मिली उन्हें अस्पताल लेजाय गयापु उन्हें अस्पताल ले जाया गयाजहा वे मृत घोषित किए गए ।उनकी मौत की खबर सुनकर उनके गांवबैजल पुर में सन्नाटा पसर गया ।उन्होंने अपनी बेटी की शादी अभी मार्च 2025 में की थी और वह अपने पति के साथ लखनऊ में रह रहीं थीं ।पिता की मौत सुनकर कल रात में ही प्रयागराज पहुंच गई। श्री पांडे ने क्यों आत्म हत्या की इसकी वजह का अभी तक पुलिस को पता नहीं लग पाया ।लेकिन उसने लाश को श्रद्व के लिए भेज दिया है जहां पोस्ट मार्टम होने के बाद उनके परिवार को सौंप दी जाएगी।

# 112 नंबर पुलिस वाहन लावारिस छोड़ने का वीडियो वायरल, लापरवाह सिपाही विजय कुमार सस्पेंड

**स्वतंत्र प्रभात**

**सुनील तिवारी**






**अंबेडकर नगर।** कटेहरी बाजार में तैनात 112 नंबर पुलिस सेवा की गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है, जिसने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में सामने आया कि ड्यूटी पर तैनात सिपाही विजय कुमार रात की ड्यूटी के दौरान 112 नंबर गाड़ी को अंधेरे में सड़क किनारे खड़ा कर खुद कमरे में सोने चले जाते थे। गाड़ी में लगा सरकारी डिवाइस भी वे अपने साथ कमरे में ले जाते थे और वहीं से कॉल रिसीव करते थे। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, विजय कुमार ने कटेहरी बाजार में दो अलग-अलग स्थानों पर कमरे ले रखे थे, जहां अक्सर 112 नंबर की गाड़ी लावारिस हालत में पाई गई। 3 अप्रैल की सुबह भी इसी तरह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें गाड़ी सुनसान सड़क पर खड़ी मिली और डिवाइस गाड़ी से गायब था। इससे पहले भी ऐसी ही लापरवाही सामने आ चुकी है। 9 फरवरी 2024 को कटेहरी बाजार बाजार स्थित शनि देव मंदिर में चोरी हुई थी और अगले ही दिन 10 फरवरी की रात को विजय कुमार की वही गाड़ी मंदिर के पास अंधेरे में खड़ी मिली थी। सीसीटीवी फुटेज में रात 11~33 बजे वे हैंडसेट लेकर गाड़ी से उतरते और कमरे में जाते हुए देखे गए थे। यह वही मंदिर है जहां अब तक दो बार चोरी हो चुकी है, और दोनों बार 112 नंबर वाहन घटनास्थल के करीब पाया गया। मामले ने तूल पकड़ा तो पुलिस अधीक्षक अंबेडकर नगर ने इसकी तत्काल जांच कराई और लापरवाही साबित होने पर सिपाही विजय कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि जनता की सुरक्षा से समझौता करने वाले किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। यह मामला न सिर्फ पुलिस की जिम्मेदारियों पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि कैसे कुछ लापरवाह कर्मियों की वजह से पूरी व्यवस्था की साख दांव पर लग जाती है।

# पूर्व विधायक सपा नेता विनय तिवारी के 11 ठिकानों पर ईडी ने मारा छापा

**स्वतंत्र प्रभात**

बाहुबली हरिशंकर तिवारी के पुत्र, सपा नेता और चिल्लूपार सीट से पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के गोरखपुर, लखनऊ, नोएडा और मुंबई के ठिकानों सहित देश में करीब दस जगहों पर ईडी ने एक साथ रेड डाली है। सोमवार की सुबह हुई इस कार्रवाई को एक साथ अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार ईडी ने उनके खिलाफ चार्जशीट तैयार कर ली थी। जल्द ही उसे कोर्ट में पेश किया जाना है। अलग-अलग बैंकों के 754 करोड़ रुपये हड़पने मामले में ईडी लखनऊ, नोएडा, मुम्बई, गोरखपुर, महराजगंज समेत 11 ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई कर रही है । महरागंज में सोमवार को सुबह दो गाड़ियों से आए ईडी के अधिकारियों ने कोल्हुई थाना क्षेत्र के एक गांव में छापेमारी की है । इसी तरह गोरखपुर में भी छापेमारी चल रही है । ईडी की जांच में सामने आया था कि मेसर्स गंगोत्री एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने प्रमोटरों, निदेशकों, गारंटरों के साथ मिलकर बैंक ऑफ इंडिया के नेतृत्व वाले सात बैंकों के कंसोर्टियम से 1129.44 करोड़ रुपये की क्रेडिट सुविधाओं का लाभ लिया था। बाद में इस रकम को उन्होंने अन्य कंपनियों में डायवर्ट कर दिया और बैंकों की रकम को वापस नहीं किया। इससे बैंकों के कंसोर्टियम को करीब 754.24 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। । पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 72.08 करोड़ रुपये की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवंबर 2023 में जब्त कर दिया था। ईडी ने यह कार्रवाई विनय तिवारी की कंपनी गंगोत्री इंटरप्राइजेस लिमिटेड द्वारा बैंकों के कंसोर्टियम का करीब 1129.44 करोड़ रुपये हड़पने के मामले में की थी। बैंकों की शिकायत पर सीबीआई मुख्यालय ने केस दर्ज किया था, जिसके बाद ईडी ने भी विनय तिवारी समेत कंपनी के समस्त निदेशक, प्रमोटर और गारंटर के खिलाफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

# जौखंडी में बड़ा हादसा टला, पटाखा फैक्ट्री में लगी आग




**स्वतंत्र प्रभात**

**लखनऊ।** सोमवार को गोंसाईगंज थाना क्षेत्र के पास ग्राम जौखंडी में एक पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड की तत्काल कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। आग लगने की घटना सोमवार दोपहर 12:20 बजे के आसपास हुई।पटाखा फैक्ट्री ग्राम जौखंडी निवासी निसार पुत्र अब्दुल हक की है, जिसका लाइसेंस 31 मार्च 2026 तक वैध है। फैक्ट्री में अस्थाई कमरे का निर्माण किया गया था, जिसकी छत पर टीन रखी गई थी।आग लगने से कमरे में विस्फोट हुआ और दीवार गिरने से निसार का चचेरा भाई सलमान घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आग को बुझाने के प्रयास शुरू किए। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने आग को बुझा लिया और विस्फोट में घायल सलमान को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया।घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पुलिस की तत्काल कार्रवाई की वजह से बड़ा हादसा टल गया और लोगों की जानें बच गई।

# निर्धारित समय से शराब दुकान का शटर डाउन हुआ फिर भी रात तक बिकती रही शराब : सूत्र



**स्वतंत्र प्रभात**

**मलिहाबाद, लखनऊ।** सहिला मऊ स्थित अंग्रेजी शराब ठेके पर निर्धारित समय के बाद भी शराब बेचने का वीडियो वायरल। आपको बता दें कि अंधेरगर्दी फिर शुरू हो गई है। इसका सीधा असर शराब दुकानों के बाहर देखने को मिल जाएगा। आबकारी विभाग द्वारा रात 10 बजे तक ही शराब दुकानों को खोले रखने और बेचने का समय निर्धारित किया गया है। इसके बाद भी शराब दुकानों से रात तक शराब बेची जाती है। शटर डाउन तो समय पर कर देते हैं लेकिन अवैध तरीके से चोरी छिपे शराब शराब बेचने का वीडियो वायरल हो रहा है ।वहीं कर्मचारी अंदर ही रहते हैं जो शटर ऊपर कर कभी भी शराब देने लग जाते हैं। ऐसा ही नजारा रविवार की रात मलिहाबाद के सहिला मऊ अंग्रेजी शराब दुकान की करतूत भी मोबाइल में कैद हो गई। शटर डाउन कर दिया गया था लेकिन शराब बेचना बंद नहीं हुआ। धड़ाधड़ शराब बेची जा रही थी। दुकान के बाहर भीड़ लगी थी। कर्मचारियों में किसी तरह का डर नजर नहीं आ रहा था। इससे यह तो स्पष्ट है कि आबकारी विभाग और पुलिस की सांठगांठ से ही खुलेआम शराब बेची जा रही है। दुकानों में निर्धारित समय के बाद तक शटर डाउन होने के बाद भी धड़ल्ले से शराब बेची जाती है। वीडियो में प्रिंट रेट से अधिक रुपए में शराब बेचने का भी जिक्र हो रहा है।

# अयोध्या में पुजारी की धारदार हथियार से निर्मम हत्या, मंदिर परिसर में खून से लथपथ मिला शव

**स्वतंत्र प्रभात**

**ब्यूरो प्रयागराज।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के इनायतनगर थाना क्षेत्र में एक मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या करने का मामला सामने आया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात कर दिया गया है. एसपी ग्रामीण सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रहे हैं. फॉरेंसिक टीम के माध्यम से घटना के तथ्यों को जुटाने का प्रयास भी किया जा रहा है. पुजारी की हत्या के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है. गांव के लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है. जानकारी के मुताबिक, इनायत नगर क्षेत्र स्थित शाहगंज बरुण मार्ग पर धोबिया आर गांव के बाहर बाबा चेतन दास मंदिर और घर बनाकर रह रहे थे, वहीं पर साधना भी करते थे. सोमवार की सुबह जब गांव के लोग मंदिर में पूजा करने के लिए पहुंचे तो पुजारी का शव मंदिर में खून से लथपथ पड़ा था. इसकी सूचना ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को दी. हत्या की सूचना मिलने के बाद इनायतनगर थाना अध्यक्ष देवेंद्र पांडे सहित बड़ी संख्या में पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पुलिस के मुताबिक पुजारी बाबा चेतन दास गांव के चार बेटे है. जिसमें दिनेश, राजेंद्र, सुनील और उमेश है. 30 वर्षों से बाबा चेतन दास गांव के बाहर मंदिर बनकर रह रहे थे, वहीं पर साधना भी करते थे.एसपी देहात बलवंत चौधरी ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है. जिसके संबंध में परिवार के लोगों ने दो लोगों पर आशंका व्यक्त किया. जिन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ किया जा रहा है. शीघ्र ही घटना का खुलासा किया जायेगा।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम चंद्र जी के पावन प्राकट्योत्सव रामनवमी के उपलक्ष्य में भव्य जुलुश।

**ब्यूरो प्रयागराज।** झूंसी कोहना से श्री राम के प्रकटोसवपर भव्य जुलुश निकला गया जो 54फिट हनुमान जी मंदिर से लाल चौक आवास विकास कालोनी ) में भ्रमण



करते हुए कोहना में समाप्त हुआ ।जुलुश में भारी संख्या में राम भक्त शामिल हुए जो श्री राम का नारा लगाते हुए गाजा बाजा के साथ नाच गा रहे थे। मुख्य भूमिका विवेक पांडेय, राजू शुक्ला,,कृष्णा पांडेय ,पवन कुमार पांडेय, प्रभात, सोनू, (संदीप ,उमेश, ध्रुव निषाद थे।

# श्री रामनवमी कार्यक्रम सकुशल संपन्न!

**स्वतंत्र प्रभात**



**ब्यूरो प्रयागराज।** रविवार को 6 स्वर्णकार धर्मशाला 8 क्षत्रिय सोनार युवक समिति एवं महिला समाज प्रयागराज में श्री राम नवमी महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सुन्दर काण्ड से हुआ तदुपरांत आम सभा की बैठक अध्यक्षता कर रहे प्रमुख संरक्षक अशोक वर्मा के सानिध्य में जनसमूह के बीच महामंत्री इंद्रेश नाथ वर्मा द्वारा ऐतिहासिक आय-व्यय प्रस्तुत किया गया है । आय-व्यय बनाने में प्रमुख भूमिका रही ~ आय-व्यय निरीक्षक रजत वर्मा, पप्पू जी वर्मा, शिवम सोनी, यशी वर्मा, मनोज सोनी टैक्स सलाहकार, ।कार्यक्रम में उपस्थित प्रयागराज एवं कौशांबी क्षेत्र से आए हुए स्वजातीय बंधुओ ने अपने उदगार एवं सुझाव व्यक्त किये । कार्यक्रम में होने वाले कुल्लहम भोज भण्डारा दिनांक 22 अप्रैल 2025 दिन मंगलवार की भी चर्चा हुई जो की रामलीला पार्क के समीप अलोपीबाग प्रयागराज में होना सुनिश्चित है ।कार्यक्रम का अध्यक्षता कर रहे प्रमुख संरक्षक अशोक कुमार वर्मा द्वारा आगामी चुनाव के विषय में भी चर्चा हुई । अध्यक्ष द्वारा लगभग ढाई वर्ष के कार्यकाल में अपनी पूरी टीम के द्वारा कराए गए कार्य के बारे में समाज को अवगत कराया । अध्यक्षीय उद्बोधन के उपरांत छांदा प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का सकुशल समापन हुआ । कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे सर्वश्री मुख्य संरक्षक अशोक कुमार वर्मा, वरिष्ठ संरक्षक शिव शंकर वर्मा, अध्यक्ष रोहित वर्मा, महामंत्री इंद्रेश नाथ वर्मा, कोषाध्यक्ष शिवम सोनी, क्रांति जौहरी, रचना वर्मा, रत्ना वर्मा, रविंद्र कुमार वर्मा, अनूप वर्मा, संजय वर्मा, राजकुमार सोनी, राजनाथ वर्मा, गोपाल स्वर्णकार, गोपीनाथ वर्मा, परमानंद वर्मा, राकेश वर्मा, मनीष वर्मा, पंकज सोनी, पंकज सोनार, राजेश वर्मा, हेमंत जौहरी, मनोज सोनी,कामता सोनी, अजीत सोनी, पप्पू जी वर्मा,अवधेश नारायण वर्मा, डॉ शीतल प्रसाद वर्मा, श्याम जी वर्मा, गीता वर्मा राधा वर्मा, पूनम वर्मा, इत्यादि, सोमराज स्वर्णकार लोग उपस्थित रहे ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पहाड़ापुर वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा

**पत्रांक: मेमो/टेंडर/विविध/2025-26** **दिनांक .07/04/2025**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में वर्ष 2025 - 26 में मनरेगा/पंचम/15वां वित्त आयोग ओ डी एफ प्लस / राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान/ सामुदायिक शौचालय निर्माण पंचायत भवन निर्माण विद्यालय का कयाकल्प आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण खडंजा निर्माण इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण सीसी रोड निर्माण नाली निर्माण सोकपिट निर्माण इत्यादि स्वीकृति परियोजना पर मय भाड़ा सहित निम्न सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत फर्मों से टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं। आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाए जाने पर प्रस्तुत की गई बिल का भुगतान करना संभव न होगा। टेंडर फॉर्म किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 21/04/2025 को दिन के 11:00 बजे तक टेंडर/ निविदा फार्म बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म उक्त तिथि को अपराह्न 2:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोली जाएगी। प्राप्त निविदा में न्यूनतम दर की फर्म को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। निविदा को स्वकृति तथा अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा इस हेतु कोई कारण किसी भी फर्म को संसूचित नहीं किया जाएगा।

**क्र. सं. सामग्री का नाम**

1. सीमेंट 2.प्रथम श्रेणी ईंट 3. ईंट की रोड 40 MM 4. बालू 5. स्थानीय बालू 6. पत्थर गिट्टी 20 MM 7. मोरंग 8. सीधा खंजर ईंट 9. सरिया 10. एंगल चौखट (फ्रेम) 11. लोहे का दरवाजा 12. प्लाईवुड दरवाजा 13. विद्युत फिटिंग हेतु समस्त सामग्री 14. ह्यूम पाइप (सभी साइज) 15. लोहे की जाली 16. पेंटिंग की समस्त समग्री 17. कूड़ादन /डस्टबिन 18. टीन शेड 19. इंटरलॉकिंग ईंट 20. साइन बोर्ड 21. इंडियामार्का हैंडपंप में प्रयुक्त होने वाली समस्त समग्री 22. लोकल मिट्टी 23. प्लंबरिंग कार्य में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 24. शौचालय में प्रयुक्त होने वाली समस्त सामग्री 25. पी0 वी0 सी0 पाइप 26. गेट 27. लोहे का एंगल 28. कचरा वाहन/ई रिक्शा 29. प्लास्टिक बैग 30. टाइल्स 31. एलईडी लाइट एवं सोलर लाइट 32. आर.सी.सी. बेंच 33. वाटर कूलर 34. दीवाल टाइल्स . फर्म टाइल्स 35. समरसेबल पंप मय मजदूरी 36. ओपन जिम 37. प्राथमिक विद्यालय बेंच 38. ग्राम पंचायत प्रयुक्त होनी स्टेशनरी कुर्सी मेज आदि 39. अन्य वांछित समाग्री।

**शिखा**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पहाड़ापुर**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

**विवेकानंद**
**ग्रा0 पं0 अधिकारी/ ग्रा0 वि0 अधिकारी**
**ग्राम पंचायत पहाड़ापुर**
**वि0 ख0 हलधरमऊ जिला गोंडा**

# हास्य कलाकार प्रख्यात उर्फ सेतु के अपहरण का मामला, अधमरा कर विष्णुगढ़ जंगल में फेंका, फिरौती की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** बरही के स्थानीय हास्य कलाकार प्रख्यात उर्फ सेतु उम्र 35 वर्ष पिता प्रभु नारायण साव का 4 अप्रैल को अपहरण करने का मामले सामने आया है। इस संबंध में उनकी पत्नी रीता देवी ने रवि नामक युवक पर अपहरण का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि प्रख्यात 4 अप्रैल को सुबह 11 बजे अपनी दुकान अग्रवाल गली से निकले थे। इसके पहले, 3 अप्रैल की रात को रवि नामक युवक ने उन्हें कॉल कर बेन्दगी जाने के लिए कहा, जहां कागज और पैसे देने की बात हुई। अगले दिन सुबह 9~30 बजे फिर से कॉल कर बरही इंटर कॉलेज जाकर पैसे और कागज लेने को कहा गया। वहां पहुंचने पर कोई नहीं मिला और लौटते समय दो युवकों ने चार पहिया वाहन से उनका अपहरण कर लिया। दोपहर 1 बजे तक प्रख्यात के भोजन के लिए घर न लौटने पर उनकी पत्नी रीता कुमारी ने उनकी तलाश शुरू की। उसी दिन, विष्णुगढ़ जंगल में ग्रामीणों ने उन्हें मूर्छित अवस्था में पाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने उन्हें विष्णुगढ़ अस्पताल पहुंचाया और स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर को भी इसकी जानकारी दी। जिसके बाद छोटन ठाकुर ने इसकी जानकारी उनके पिता को दी। सोमवार को प्रख्यात ने अपने आवास पर पत्रकारों को बताया कि अपहरणकर्ताओं ने उनके हाथ-पैर और मुंह बांधकर गाड़ी की डिक्की में डाल दिया था। उन्हें लात-घूंसों और लाठी से पीटा और मरा समझकर विष्णुगढ़ जंगल में फेंक दिया। विष्णुगढ़ में प्राथमिक उपचार के बाद, प्रख्यात का उपचार हजारीबाग के निजी अस्पताल में दो दिनों तक चला। बताते चलें कि प्रख्यात की एक बेटी है और 2015 में उनका विवाह



हुआ था। पत्नी रीता देवी ने रवि नामक युवक पर अपहरण का आरोप लगाते हुए पुलिस से मामले की गहन जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं बता दे कि परिवार इस घटना से डरा हुआ है और न्याय की गुहार लगा रहे हैं। इधर इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभास कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नही है। अब तक आवेदन नही मिला है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

**एक वर्ष पूर्व भी मिली थी धमकी**

पीड़ित के पिता प्रभु नारायण साहू ने पत्रकारों को बताया कि एक साल पहले उनके घर पर एक लिफाफा भेजा गया था, जिसमें अज्ञात व्यक्ति ने धमकी देते हुए फिरौती की मांग की थी। उन्होंने तुरंत इस घटना की सूचना बरही थाने को दी थी और वहां रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# उपायुक्त हेमंत सती ने EVM वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया



स्वतंत्र प्रभात

**साहेबगंज, झारखंड-** जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने समहरणालय स्थित EVM वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM ) और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा एवं प्रबंधन का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से मूल्यांकन किया और सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उनकी सुरक्षा और रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने वेयरहाउस में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता और सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की। साथ ही, उन्होंने स्टाफ को नियमित अंतराल पर प्रशिक्षण प्रदान करने की आवश्यकता पर बल दिया। उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे हर माह इस तरह के निरीक्षण सुनिश्चित करें ताकि किसी भी तरह की खामी को समय पर दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के लिए EVM की सुरक्षा प्राथमिकता होनी चाहिए। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुनीता किस्कू व सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले के विभिन्न प्रखंड में आयोजित आयुष जांच शिविर में 154 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया



**पाकुड़/ झारखंड-** पाकुड़ प्रखंड के रणडांगा, कोलाजोरा एवं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के तालझारी, गोंडा में आयुष विभाग की ओर से सोमवार को आयुष कैंप लगाकर कुल 154 लोगों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दिया गया। डॉ0 मो0 अबुतालिब शेख, डॉ प्रेम प्रकाश, डॉ अशोक मेहता एवं डॉ सौरभ विश्वास ने बताया की इस कैंप में आज रक्तचाप, मधुमेह, जॉइंट पेन, गठिया, बच्चों से संबंधित आदि रोगों का जांच निःशुल्क किया गया। साथ ही सभी को मुफ्त दवा भी दी गई। वहीं शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, ब्लड प्रेशर का भी जांच की गई।

### रामनवमी जुलूस में दिखा परंपरागत उत्साह, झंडा मिलाने के साथ हुआ लाठी खेल का प्रदर्शन



**बरही, झारखंड-** बरही प्रखंड के ग्राम मलकोको में रामनवमी के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान परंपरागत रूप से झंडा मिलाने की रस्म निभाई गई और ग्रामीणों द्वारा लाठी खेल का शानदार प्रदर्शन भी किया गया। जुलूस में स्थानीय लोगों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे। मौके पर बरही विधानसभा एआईएमआईएम के युवा नेता सूरज दास, शिक्षक गुलाब कुमार दास, शंकर दास, गणेश दास, दिलीप राणा, छतरु यादव, रंजीत यादव, बालेश्वर सिंह, मुकेश राणा, मनोज मिर्धा, सुरेन्द्र पासवान, सकलदेव पासवान, पंकज यादव, दिनेश राणा और दुगलाल ठाकुर सहित सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के माध्यम से न केवल धार्मिक आस्था का परिचय मिला, बल्कि ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं की झलक भी देखने को मिली।

### रामनवमी पर एकल अभियान सुपौल द्वारा निकाली गई भव्य शोभायात्रा




**सुपौल (बिहार)-** श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी के शुभ अवसर पर सोमवार को एकल अभियान, सुपौल जिला कार्यालय के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा का नेतृत्व अभियान के अध्यक्ष डॉ. राजा सिंह ने किया। जिला मुख्यालय से निकली इस शोभायात्रा में सुपौल जिले के बड़ी संख्या में आचार्य, सेवाव्रती एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। भगवा वस्त्र धारण किए कार्यकर्ता हाथों में भगवा ध्वज लिए ÷जय श्रीराम÷ के गगनभेदी नारों और रामचरित मानस के दोहों के संग चलते हुए श्रद्धा और उल्लास के वातावरण में नगर भ्रमण कर रहे थे। भक्ति और संस्कृति का यह समागम देखने लायक था, जिसमें सभी लोग भावविभोर हो उठे। डॉ. राजा सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एकल अभियान समाज के उन बच्चों के बीच कार्य कर रहा है जो किसी कारणवश विद्यालय नहीं जा पाते। अभियान का उद्देश्य है - उन्हें संस्कारयुक्त, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना। शोभायात्रा में नलिन जायसवाल, अशोक शर्मा, रामाधार सिंह, मनोज कुमार, संजीव यादव, प्रदीप आर्य, रंजीत कुमार, नीलू दीदी, रितू दीदी, लाखो दीदी, ललन कुमार, गौतम कुमार, पूनम दीदी और रामचंद्र जी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### "भूसा दान, महादान" अपील गोआश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा दान/सहयोग करने की जिलाधिकारी ने की अपील

**भूसा दान पुनीत कार्य में सहयोग देकर पुण्य के बने भागीदार**

**भदोही-**जिलाधिकारी विशाल सिंह ने जनपद के सभी सम्मानित ग्राम प्रधान / क्षेत्र पंचायत सदस्य/जिला पंचायत सदस्य एवं समाज सेवी से अपील है कि जनपद में संचालित स्थाई एवं अस्थाई गोवंश आश्रय स्थलो पर संरक्षित गोवंशो के भरण-पोषण हेतु दान / सहयोग द्वारा अधिक से अधिक मात्रा में भूसा का दान करने का कष्ट करें। आप से अपेक्षा है कि इस पुनीत कार्य में उन्मुक्त भाव से सहयोग करते हुए पुण्य के भागी बने। इस कार्य हेतु आपका सहयोग सराहनीय रहेगा।

# आधार सेंटर बंद रहने से आम लोगों को हो रही परेशानी

स्वतंत्र प्रभात

**मधेपुरा घैलाढ़-** प्रखंड स्थित आधार सेंटर में छह माह से लटका है ताला,प्रखंड के लोगों को आधार कार्ड बनवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र में कभी कई आधार सेंटर हुआ करते थे । प्रखंड स्थित आधार सेंटर में छह माह से लटका है ताला प्रखंड कार्यालय और जिले भर के कई संचालक का कोड रद्द होने से परेशानी बढ़ी। प्रखंड के लोगों को आधार कार्ड बनवाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र में कभी कई आधार सेंटर हुआ करते थे ।लेकिन वर्तमान इस समय में मात्र एक आधार सेंटर अन्य जगह में संचालित है। आधार बनाने के लिए भारी भीड़ जुट रही है लोगों को कई दिन बाद नंबर मिलता है। बहुत लोगों को तीन से चार दिन आना पड़ता है जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है। अधिक भीड़ होने के कारण सेंटर के बाहर मेला का दृश्य बना रहता है। फार्म जमा करने के लिए लोगों को धूप में दिनभर बैठना पड़ रहा है। तो भीड़ के कारण आइसक्रीम गोलगप्पे आदि बेचने वाले की दुकान वहां पर लग रही है। प्रखंड कार्यालय परिसर में संचालित आधार सेंटर पिछले 6 महीने से बंद है जबकि मधेपुरा शहर में भी संचालित कई आधार सेंटर 4 महीने से




बंद है। वहीं प्रखंड कार्यालय और शहर के संचालक का कोड रद्द कर दिया गया है। आधार सेंटर पर बच्चों के लिए आधार बनाने आए कई अभिवावक ने बताया कि तीन दिन परेशान होना पड़ गया। स्कूलों में आधार अनिवार्य कर दिया गया है जिसके कारण परेशानी हो रही है। लोगों को अपने काम छोड़कर आधार कार्ड बनवाने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस संबंध में बीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर में आधार सेंटर कई महीना से बंद है, जिला से निर्गत होते ही फिर से शुरू करने के लिए प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद है शीघ्र ही आधार सेंटर शुरू हो सकेगा।

### हिरणपुर के 84 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया



**पाकुड़, झारखंड-** सोमवार को घाघरजानी स्थित प्रखंड सभागार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को रिपोर्ट ऑनलाइन करने के लिए स्मार्टफोन दिया गया। पोषण ट्रेकर और समर अभियान एप पर कार्य करने हेतु प्रखंड के 84 आंगनबाड़ी सेविकाओं को सीडीपीओ सह प्रखंड विकास पदाधिकारी टुडू दीलिप के द्वारा सैमसंग गैलेक्सी ए06 स्मार्टफोन दिया गया। सीडीपीओ टुडू के द्वारा सेविकाओं से टीएचआर एवं एप के माध्यम से सभी प्रतिवेदन ऑनलाइन करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ महिला पर्यवेक्षिका टुसू मुनी मुर्मू, बबली शर्मा एवं निर्मला टुडू उपस्थित थे।

# समस्तीपुर में गेहूं की फसल में लगी आग ! 28 कट्टे में लगी लाखों की फसल जलकर राख

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर-** समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र के सिमरी पंचायत में आलमपुर पेट्रोल पंप के पास रविवार देर रात गेहूं की खेत में भीषण आग गयी। आगलगी की इस घटना में किसान चंद्र शेखर राय का 28 कट्टे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। नाम इससे किसान को लाखों का नुकसान होने का अनुमान है। पीड़ित किसान ने असामाजिक तत्वों पर जान-बूझकर फसल को आग लगा ने का आरोप लगाया है। पीड़ित किसान ने बताया कि उन्होंने 1 लाख रुपए का कर्ज लेकर अपने 12 कट्ठा और 16 कट्ठा महाजन के खेत में गेहूं की खेती की थी। कटाई के बाद थ्रेशिंग के लिए सारी फसल एक जगह जमा की गई थी। इस दौरान बीती रात करीब 12 बजे फसल में आग लग गई। घटना की



सुचना पर जब तक किसान मौके पर पहुंचे, तब तक पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। इस घटना से किसान को करीब दो लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि वे महाजन से 1 लाख रुपए का कर्ज लेकर खेती किए थे।अब उन्हें इस बात की चिंता है कि वह महाजन की फसल का नुकसान और कर्ज का पैसा कैसे चुकाएंगे। इस मामले में अंचलाधिकारी कुमार हर्ष ने बताया कि घटना की जांच के लिए हल्का कर्मचारी अभिमन्यु कुमार को भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसान का आरोप है कि किसी असामाजिक तत्व ने जान-बूझकर फसल को आग लगा दी है।

# जीर्ण स्टोन मेटल सड़क पर आवागमन हुआ पूर्णतः जोखिम भरा - ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात

**पाकुड़िया/पाकुड़/ झारखण्ड-** पाकुड़िया प्रखण्ड के बीच पहाड़ी पंचायत के चांदना ग्राम स्थित ध्वस्त आरईओ पक्की पथ से ग्राम चांदना में निर्मित पीसीसी रोड तक एवं तदुपरांत पुनः चांदना पहाड़िया टोला तक जर्जर ग्रेड वन रोड पर आना-जाना बहुत ही जोखिम भरा होने की बात 7 अप्रैल को ग्रामीणों ने कही। ग्रामीणों ने उक्त नुकीले स्टोन पथ के संदर्भ में पूछने पर बताया कि यह स्टोन मेटल पथ तालवा, चांदना ग्राम के ध्वस्त पक्की रोड से पोषाहार केन्द्र होते हुए पीसीसी रोड तक और इसके बाद फिर रोड से पहाड़िया टोला के पीसीसी पथ तक पूरी तरह जीर्ण हो चुका है, जिससे हम ग्रामीणों को आवागमन में प्रतिदिन अत्यधिक कठिनाई होती है। ग्रामीणों ने एक स्वर में मीडिया को बताया कि गांव में कई



टोले हैं, परन्तु उक्त जर्जर सड़क मुख्य है और इसका निर्माण लगभग बीस साल पूर्व किया गया था, जो पिछले कई वर्षो से जीर्ण पड़ा है। ग्रामीणों ने बताया कि नुकीले ग्रेड वन सड़क पर बाइक, साइकिल चलाना मुश्किल है और नंगे पांव आना-जाना तो पूरा जोखिम भरा है। वहीं ग्रामीण महिलाओं ने सड़क के विषय में आक्रोशित स्वर में कहा कि वोट लेने के समय सभी पार्टी के नेता आते हैं और सड़क, पेयजल सहित बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन इसके बाद वे गांव आते ही नहीं हैं। हम लोगों को क्या चाहिए?–आवागमन हेतु बढ़िया पथ, स्वच्छ पेयजल, आवास। महिलाओं ने बताया कि पाकुड़िया प्रखण्ड के कई ग्रामों में पक्की रोड पूरी तरह बन गई है, जबकि इस चांदना गांव में थोड़ा-थोड़ा पीसीसी रोड बनाया गया है। जबकि मुख्य जर्जर आरईओ पक्की पथ से पहाड़िया टोला तक का पथ बहुत ही खराब हालत में सालों से पड़ा है।

एक सवाल के जवाब में महिलाओं का मानना है कि अच्छी सड़क रहने पर हम लोग प्रखण्ड मुख्यालय, पाकुड़िया ब्लॉक, बैंक, बाजार तथा बाहर कहीं भी आसानी से ऑटो-टोटो से आवागमन कर सकते हैं। बढ़िया पथ के निर्माण से वाहनों की सुविधा होगी और समय भी कम लगेगा। ग्रामीण किसानों को भी सब्जी आदि ले जाने में काफी सुविधा होगी। महिलाओं ने बताया कि वर्षा के दिनों में विद्यार्थियों एवं आमजन को आवागमन में काफी कठिनाई होती है। उन्होंने बताया कि हम लोग विधायक से बढ़िया रोड निर्माण कराने की मांग मीडिया के माध्यम से कर रहे हैं। आशा है कि विधायक स्टेफन मरांडी इसकी पहल करेंगे।

# रामभक्तों के लिए पेयजल और छाछ की सेवा में जुटे रहे महासमिति सचिव आकाश जायसवाल




**●बरही चौक पर रामनवमी के अवसर पर किया गया निःशुल्क वितरण**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही, झारखंड-** रामनवमी पर्व के दौरान बरही चौक पर जुटी भक्तों की भीड़ को देखते हुए रामनवमी महासमिति के सचिव आकाश जायसवाल ने श्रद्धालुओं के लिए पानी की बोतल और छाछ की व्यवस्था की। तपती गर्मी में यह सेवा रामभक्तों के लिए किसी राहत से कम नहीं रही। इस दौरान स्वयं आकाश जायसवाल ने अपने हाथों से श्रद्धालुओं को पेयजल और छाछ का वितरण किया। उन्होंने कहा कि रामभक्तों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। इस पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं को ठंडा पेय उपलब्ध कराना हमारे लिए सौभाग्य की बात है।

# चौपारण में एचडीएफसी बैंक की नई शाखा का विधायक ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

**चौपारण हजारीबाग झारखंड-** बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने सोमवार को केंदुआ मोड़ के समीप एचडीएफसी बैंक के नए शाखा का दिप प्रज्वल्लित कर शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक ने कहा बैंक की नई शाखा खुलने से हमारे क्षेत्र के निवासियों और व्यापारियों को वित्तीय लेनदेन और अन्य बैंकिंग आवश्यकताओं के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। यह सुविधा निश्चित रूप से उनके समय और संसाधनों की बचत करेगी। प्रबंधक हेमन्त चौधरी ने एचडीएफसी बैंक चौपारण के लोगों को आधुनिक और सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर है। मौके पर पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, रामचन्द्र सिंह, अशोक केशरी, रिशु बर्णवाल, रोहित जैन, बबलू बर्णवाल, प्रदीप केशरी, सियाराम सिंह, बम बर्णवाल, दिलीप राणा, अंकित केशरी, राजेन्द्र भगत, अनिल



केशरी, संदीप केशरी, श्रीकांत पासवान सहित अन्य मौजूद रहे।

# हुसैनावाद में ठगी के आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा, पुलिस हिरासत से हुआ फरार, गांव में आक्रोश

स्वतंत्र प्रभात

**सुपौल (राघोपुर)-** राघोपुर थाना क्षेत्र के हुसैनावाद गांव में एक युवक द्वारा ठगी के प्रयास की घटना के बाद ग्रामीणों ने उसे पकड़कर बिजली के खंभे से बांध दिया और फिर पुलिस को सौंप दिया। हालांकि, चौंकाने वाली बात यह रही कि थाना लाने के बाद युवक पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश का माहौल है। हुसैनावाद वार्ड संख्या-10 निवासी रंजीत कुमार ने बताया कि वह गांव में किराना दुकान चलाते हैं। रविवार को लक्ष्मीपुर सायत निवासी मो. राजा उनकी दुकान पर आया और 5000 नगद की मांग की। जब रंजीत ने उससे ऑनलाइन भुगतान (स्कैनर) करने को कहा, तो मो. राजा ने एक फर्जी मैसेज दिखाकर दावा किया कि उसने पैसे भेज



दिए हैं। रंजीत कुमार ने जब अपने बैंक खाते की जांच की, तो उसमें कोई राशि प्राप्त नहीं हुई थी। संदेह होने पर उन्होंने मो. राजा से सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद आसपास के ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर बिजली के खंभे से बांध दिया और राघोपुर थाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना ले आई। थाने में मो. राजा ने पुलिस के समक्ष अपनी गलती स्वीकार कर ली थी। इसके बाद उसे थाना परिसर के सिरिस्ता कक्ष में बैठाया गया, जबकि पीड़ित पक्ष आवेदन लिखवाने में व्यस्त था। इसी दौरान आरोपी चकमा देकर थाना से फरार हो गया।

थाना में मौजूद एक पुलिसकर्मी ने बताया कि सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यों में लगे हुए थे, तभी मुंशी ने सूचना दी कि आरोपी फरार हो चुका है। पुलिस ने तत्काल पीछा भी किया, लेकिन वह पकड़ में नहीं आया। राघोपुर थानाध्यक्ष नवीन कुमार ने बताया कि घटना के समय रामनवमी जुलूस को लेकर थाना में अतिरिक्त भीड़भाड़ थी। उसी का फायदा उठाकर आरोपी भाग निकला। उन्होंने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है और जल्द ही उसे पुनः हिरासत में ले लिया जाएगा।

# समस्तीपुर में शिक्षिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, पुलिस मामले की जांच में जुटी

स्वतंत्र प्रभात

**समस्तीपुर-** समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीन नगर में एक शिक्षिका की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। मृतक शिक्षिका की पहचान रोहतास जिले के सासाराम के मोहद्दीगंज गांव निवासी जमुना सिंह की बेटी डिंपल कुमारी (28) के रूप में हुई है। वह वर्ष 2023 से मोहिउद्दीन नगर के सर्दभैरों गांव स्थित प्राइमरी स्कूल में पदस्थापित थी। हालांकि मौत कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस पुरे मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में शिक्षिका के भाई राजेश कुमार ने बताया कि सरकारी नौकरी होने के बाद वह मोहिउद्दीन नगर में एक किराए के मकान में रह रही थी और वहीं से स्कूल आना जाना करती थी। नौकरी लगने के कुछ दिनों तक उनकी छोटी बहन भी उसके साथ रहती थी, लेकिन होली में



के बाद छोटी बहन घर पर ही रह गई और बड़ी बहन नौकरी पर वापस आ गई।

बीती रात उसके मकान मालिक सुधीर कुमार झा ने फोन पर बताया कि उनकी बहन शिक्षिका डिंपल की तबीयत बहुत खराब है। इसके बाद वह अपने चचेरे भाई के साथ समस्तीपुर उसके रूम पर पहुंचे, तो देखा कि उसकीतबीयत काफी खराब थी। वह बेहोशी की अवस्था में थी। इसके बाद हमलोग उसे इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गयी। इसके बाद उसने इसकी सुचना स्कूल प्रशासन को दी। फिर स्कूल प्रशासन ने पुलिस को घटना की सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। मौत का पोस्टमार्टम बाद ही पता चल सकेगा। इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी कामेश्वर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि प्राइमरी स्कूल की एक बीपीएससी शिक्षिका की अचानक मौत होने की सूचना उनके परिजनों से मिली है।इसके बाद पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। इस घटना की जानकारी विभाग के उच्च अधिकारी को दे दी गई है।

# चौतरफा शोर में कहां-कहां जाएं हम?



चौतरफा शोर का माहौल है। कभी-कभी लगता है हम शांत ज़िंदगी जीने का सलीका भी भूल चुके हैं। इस बारे में जब भी मौका मिले, फिल्म अभिनेता अब दिवंगत मनोज कुमार की फिल्म 'शोर' को एक बार फिर से देख लें 'नेट' पर। वैसे जब भी आप 'शोर' की परिभाषा तलाश करेंगे तो यही पाएंगे, 'अवांछित, अप्रिय और ऐसी हानिकारक ध्वनि जो किसी भी वांछित ध्वनियों 'सिग्नल' को बाधित करती है।' मगर अधिकांश टीवी एंकर यही मान कर चलते हैं कि 'शोर' से 'टीआरपी' बढ़ती है। अधिकांश कार्यक्रम भी अब 'हल्लाबोल' की तर्ज पर चलते हैं। शोर के पर्यायवाची शब्दों में भी 'कोलाहल, हंगामा, चीख, भनभनाहट, विस्फोट, गर्जना और अशांति आदि शामिल हैं, मगर इन दिनों 'शोर' का भी अपना बाज़ार है। यह शोर अब चाहे अनचाहे हमारी ज़िंदगी का अभिन्न अंग बन गया है। संसद में शोर, मस्जिदों में शोर, टीवी चैनलों पर शोर, केजरीवाल की विपश्यना पर शोर, प्रधानमंत्री मोदी कुछ करें तो शोर, कुछ न करें तो शोर। यानि कुल मिलाकर शोर हमारी ज़िंदगी में इतना अधिक रच-बस गया है कि हम शांत रहना, शांत माहौल में जीना, कमोबेश भूल ही चुके हैं।'

'शोर' के इसी मर्म को लेकर जिस फिल्म अभिनेता मनोज कुमार ने वर्ष 1972 में एक फिल्म 'शोर' का निर्माण किया था, वही मनोज कुमार लगभग 48 घंटे पूर्व अपनी जीवनयात्रा को समेट कर उस अनंत-शांत लोक की ओर प्रस्थान कर गए हैं जहां शोर के लिए कोई जगह नहीं है। वैसे मनोज कुमार की ज़िंदगी को भी कई बार विवादों से जूझना पड़ा था। 'आपातकाल' के मध्य भी उनकी एक फिल्म 'दस नम्बरी' का प्रसारण रोका गया था। वस्तुतः श्रीमती इंदिरा गांधी चाहती थीं कि मनोज कुमार 'आपातकाल' के पक्ष में भी एक फिल्म बनाएं, मगर मनोज कुमार ने इन्कार कर दिया था। ये यह वही दिन थे जब अभिनेता एवं गायक किशोर कुमार पर भी कुछ प्रतिबंध लगे थे। इन्हीं दिनों प्रख्यात हिंदी लेखिका कृष्णा सोबती की जन्मशताब्दी मनाई जा रही है। 'शोर' सिर्फ बाहर नहीं है, बड़े लोगों के भीतर भी बना है। कृष्णा सोबती और अमृता प्रीतम दोनों ही भारतीय साहित्य में लेखन के स्तर पर 'शिखर' शख्सियतों में शुमार थीं। दोनों की पृष्ठभूमि पंजाब की थी। दोनों के जीवन में भारत-विभाजन की परिस्थितियों ने गहरा असर डाला था। मगर दोनों ही एक शब्द 'ज़िंदगीनामा' को लेकर विवादों के शोर में एक दूसरी से जूझती रहीं। लेखन की विलक्षण ऊंचाइयों पर जाकर भी सोबती व अमृता अदालतों में 26 साल तक एक-दूसरे के विरुद्ध लड़ती रहीं।


वर्ष 1984 में कृष्णा सोबती ने अमृता प्रीतम के उपन्यास 'हरदत्त का ज़िंदगीनामा' के प्रकाशन के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में एक आवेदन दायर किया था। उनका दावा था कि अमृता प्रीतम ने उनके उपन्यास 'ज़िंदगीनामा' के शीषक के समान शीर्षक का इस्तेमाल करके उनके कॉपीराइट का उल्लंघन किया है। कृष्णा सोबती ने अमृता प्रीतम और उनके प्रकाशकों से 'ज़िंदगीनामा' शब्द को पुस्तक के शीर्षक से हटाने का अनुरोध किया था। यह विवाद मामला 26 साल तक चला और अंततः 2011 में अमृता प्रीतम के पक्ष में फैसला आया। अदालत ने कहा कि 'ज़िंदगीनामा' शब्द का इस्तेमाल पहले से ही कई लेखकों द्वारा किया गया है और यह कोई विशेष शब्द नहीं है जिस पर कॉपीराइट हो सकता है। इस मामले पर साहित्य जगत में भी काफी बहस हुई और कुछ लोग कृष्णा सोबती के पक्ष में थे तो कुछ अमृता प्रीतम के। खुशवंत सिंह ने कहा था कि 'ज़िंदगीनामा' जैसे शब्द पर कोई कॉपीराइट का दावा कैसे कर सकता है? यह मामला भारतीय साहित्य में एक महत्वपूर्ण विवाद बन गया और इसने कॉपीराइट और साहित्यिक संपत्ति के मुद्दे पर एक शोर भरी बहस को जन्म दिया।

हालांकि कृष्णा सोबती ने मुकदमा हारा लेकिन इस मामले में साहित्य जगत में उनकी पहचान को और मज़बूत किया। कुछ लोगों का मानना है कि इस विवाद के कारण कृष्णा सोबती ने 'ज़िंदगीनामा' के 'सीक्वेल' के रूप में दो और खंड लिखने की योजना को स्थगित कर दिया। कितना शोर मचा था तब इस कलम-लेखन की दुनिया में भी। शोर और शांति के मध्य इसी खींचतान को लेकर गुरुदेव टैगोर ने लिखा था, 'ओ रे शांति... ओ रे शांति कोथाय बाबा। शांति कोथाय पावी।' महान शख्सियतों के नाम पर दिल्ली व आसपास राजघाट, शांति घाट, विजय घाट, किसान घाट, समता घाट, मनमोहन-स्मृति आदि अनेकों स्मृति स्थल हैं, मगर सभी पर अपने-अपने समय में विवाद और शोर रहे हैं। इनके आदर्श व जीवनमूल्य किसी को भी याद नहीं है। शांति इन स्मृति स्थलों पर भी नहीं है।

# वक्फ कानून में संशोधन किस लिए?

वक्फ संशोधन बिल, जिसे हाल ही में भारतीय संसद में पेश किया गया और 2-3 अप्रैल, 2025 को लोकसभा और राज्यसभा से पारित किया गया, देश में एक गहन बहस का विषय बन गया है। यह बिल 1995 के वक्फ अधिनियम में संशोधन करने और वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को अधिक पारदर्शी और समावेशी बनाने का दावा करता है। सरकार इसे एक प्रगतिशील कदम के रूप में पेश कर रही है, जबकि विपक्ष और कई मुस्लिम संगठन इसे धार्मिक स्वायत्तता पर हमला मानते हैं। इस लेख में हम इस बिल के समर्थन और विरोध के तर्कों को तटस्थ दृष्टिकोण से देखेंगे और इसके संभावित प्रभावों का आंकलन करेंगे।

वक्फ एक इस्लामी परंपरा है जिसमें कोई व्यक्ति अपनी संपत्ति को धार्मिक, शैक्षिक या परोपकारी उद्देश्यों के लिए समर्पित कर देता है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन 1995 के वक्फ अधिनियम के तहत होता है, जिसके अंतर्गत राज्य वक्फ बोर्ड और केंद्रीय वक्फ परिषद कार्य करते हैं। वक्फ संशोधन बिल 2024 में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए हैं, जैसे वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम और महिला सदस्यों की अनिवार्यता, संपत्ति सर्वेक्षण के लिए कलैक्टर की भूमिका और विवादों में हाईकोर्ट की अपील का प्रावधान। सरकार का कहना है कि यह बिल वक्फ प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगा, जबकि विरोधी इसे वक्फ की मूल भावना के खिलाफ मानते हैं। इस बिल का समर्थन करने वाले जो तर्क देते हैं उनका कहना है कि वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन की शिकायतें लंबे समय से चली आ रही हैं। देश में 8.7 लाख से अधिक वक्फ संपत्तियां हैं जिनकी कीमत लगभग 1.2 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है लेकिन इनका उपयोग गरीब मुस्लिम समुदाय के कल्याण के लिए प्रभावी ढंग से नहीं हो पा रहा। कलैक्टर द्वारा संपत्ति सर्वेक्षण और रिकॉर्ड डिजिटलीकरण जैसे प्रावधानों से इन संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन संभव होगा। बिल में वक्फ बोर्ड में कम से कम दो महिलाओं और गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने का प्रावधान भी है। समर्थकों का तर्क है कि इससे बोर्ड में लैंगिक और सामाजिक समावेशिता बढ़ेगी। विशेष रूप से पसमांदा मुस्लिम समुदाय जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़ा है, इस बिल का समर्थन करता है, क्योंकि उनका मानना है कि मौजूदा व्यवस्था में धनी और प्रभावशाली लोग वक्फ संपत्तियों पर कब्जा जमाए हुए हैं। पहले वक्फ ट्रिब्यूनल का फैसला अंतिम माना जाता था, जिसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती थी। नए बिल में हाईकोर्ट में अपील का अधिकार दिया गया है जिसे समर्थक संविधान के अनुरूप और न्यायसंगत मानते हैं। उनका कहना है कि इससे वक्फ बोर्ड के मनमाने फैसलों पर अंकुश लगेगा। बिल में यह शर्त भी जोड़ी गई है कि बिना दान के कोई संपत्ति वक्फ की नहीं मानी जाएगी। समर्थकों का कहना है कि इससे उन मामलों में कमी आएगी जहां वक्फ बोर्ड बिना ठोस सबूत के संपत्तियों पर दावा करता था जिससे आम लोगों को परेशानी होती थी वहीं इस बिल के विरोध में ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और विपक्षी दलों का कहना है कि यह बिल वक्फ की मूल भावना को कमजोर करता है। वक्फ एक धार्मिक परंपरा है और इसमें गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करना इसकी पवित्रता को नुक्सान पहुंचाएगा। उनका यह भी आरोप है कि सरकार वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने की योजना बना रही है। बिल में कलैक्टर को वक्फ संपत्तियों का सर्वेक्षण करने और उनकी




स्थिति तय करने का अधिकार दिया गया है। विरोधियों का कहना है कि यह एक सरकारी हस्तक्षेप है, जो वक्फ बोर्ड की स्वायत्तता को खत्म कर देगा। उनका तर्क है कि कलैक्टर जो ज्यादातर गैर-मुस्लिम हो सकता है, वक्फ के धार्मिक महत्व को नहीं समझ पाएगा। विपक्ष का दावा है कि यह बिल संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 का उल्लंघन करता है जो धार्मिक स्वतंत्रता और धार्मिक संस्थाओं के प्रबंधन का अधिकार देता है। उनका कहना है कि वक्फ एक इस्लामी परंपरा है और इसमें सरकारी दखल अल्पसंख्यक अधिकारों पर हमला है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य संगठनों ने बिल के खिलाफ देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन किए हैं। ईद और जुमातुल विदा जैसे अवसरों पर काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ने की अपील इसका उदाहरण है। विरोधियों का कहना है कि यह बिल मुस्लिम समुदाय को अपने ही धर्म से दूर करने की साजिश है। वक्फ संशोधन बिल के लागू होने से कई सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। यदि यह पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाता है तो वक्फ संपत्तियों का उपयोग गरीब मुस्लिमों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए बेहतर तरीके से हो सकता है। दूसरी ओर, यदि यह धार्मिक स्वायत्तता को कमजोर करता है या सरकारी हस्तक्षेप को बढ़ाता है तो इससे मुस्लिम समुदाय में असंतोष और अविश्वास बढ़ सकता है।

राजनीतिक दृष्टिकोण से यह बिल सत्तारूढ़ एनडीए के लिए एक जोखिम भरा कदम है। जहां बीजेपी इसे हिंदू मतदाताओं के बीच वक्फ बोर्ड की कथित मनमानी के खिलाफ एक कदम के रूप में पेश कर सकती है, वहीं सहयोगी दल जैसे जेडीयू टीडीपी और आरएलडी को अपने मुस्लिम समर्थकों के गुस्से का सामना करना पड़ सकता है। यदि मोदी सरकार संसद में बहुमत के चलते इस बिल को अपने पिछले दो कार्यकालों में बड़े आराम से ला सकती थी लेकिन तीसरे कार्यकाल में इस बिल को लाकर भाजपा ने अपने सहयोगी दलों को पशोपेश में डाल दिया है। वक्फ संशोधन बिल एक जटिल मुद्दा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता और धार्मिक संवेदनशीलता के बीच संतुलन बनाना जरूरी है। समर्थकों के लिए यह भ्रष्टाचार को खत्म करने और वक्फ को आधुनिक बनाने का अवसर है, जबकि विरोधियों के लिए यह धार्मिक पहचान और स्वायत्तता पर हमला है। सच्चाई शायद इन दोनों के बीच कहीं छिपी है। इस बिल का असली प्रभाव इसके कार्यान्वयन पर निर्भर करेगा। यदि सरकार इसे संवेदनशीलता और पारदर्शिता के साथ लागू करती है तो यह एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है लेकिन यदि इसे जल्दबाजी या राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया तो यह सामाजिक तनाव को और गहरा सकता है। अंततः इस बिल की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि यह वक्फ की मूल भावना को कितना सम्मान देता है और समाज के सभी वर्गों को कितना लाभ पहुंचाता है।

# औरंगजेब की कब्र नहीं, भविष्य के गर्भ में छिपे 'और-रंग' देखें!!

इतिहास केवल अतीत को स्मरण करने का माध्यम नहीं होता, वह वर्तमान को दिशा देने और भविष्य को आकार देने का एक सशक्त औजार होता है। भारत का इतिहास, विशेषकर मध्यकालीन इतिहास, अत्याचारों, धर्म विरोधी कृत्यों और सांस्कृतिक संहार की लंबी परछाइयों से भरा हुआ है। औरंगज़ेब जैसे शासकों ने इस देश की आत्मा पर जो घाव दिए, वे आज भी हमारे राष्ट्रीय मानस में टीसते हैं। किंतु इस सत्य को स्वीकारते हुए, यह भी आवश्यक है कि हम उन घावों को केवल कुरेदते न रहें, बल्कि उनसे सीखकर एक सकारात्मक, सशक्त और सांस्कृतिक रूप से स्वाभिमानी राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ें। औरंगज़ेब की क्रूरता, उसकी मज़हबी कट्टरता और उसके शासन की साम्प्रदायिक नीतियां हमारे सामने एक गहरी सीख छोड़ती हैं। वह यह कि जब भी सत्ता का उपयोग जनता के हितों की उपेक्षा कर किसी एक विचारधारा, एक पंथ या एक मत के विस्तार के लिए किया जाता है, तो वह सत्ता केवल विनाश को जन्म देती है। औरंगज़ेब का शासनकाल इसका जीता-जागता प्रमाण है। उसके द्वारा किए गए मंदिर विध्वंस, हिंदू त्यौहारों पर पाबंदियां, संस्कृत विद्वानों का उत्पीड़न, और जबरन धर्मांतरण जैसी घटनाएं न केवल क्रूरता का प्रतीक हैं, बल्कि भारतीय सभ्यता के सहिष्णु और बहुधर्मी चरित्र पर भी आघात करती हैं। फिर भी, औरंगज़ेब की निरंतर आलोचना करते रहना ही क्या पर्याप्त है? क्या यह हमें वर्तमान की समस्याओं से उबार सकेगा? क्या यह आने वाले समय में भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर और वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर सकेगा? इन प्रश्नों पर विचार करना आज की आवश्यकता है। हमें यह स्वीकारना होगा कि अतीत की स्मृति आवश्यक है, परंतु उसमें उलझे रहना राष्ट्रीय ऊर्जा का अपव्यय है। इतिहास हमें चेताता है, किंतु वह हमारे लिए कर्म-पथ नहीं बन सकता। औरंगज़ेब के अतीत में लिपटे रहना हमारी वर्तमान संभावनाओं को कुंठित करता है। हमारी पीढ़ी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती यह नहीं है कि हम औरंगज़ेब जैसे अत्याचारियों की कितनी आलोचना करते हैं, बल्कि यह है कि हम उससे आगे बढ़कर कैसी राष्ट्रीय संरचना तैयार करते हैं जो ऐसी शक्तियों को भविष्य में फिर से पनपने न दे। औरंगज़ेब की नीतियों ने भारतीय एकता को तोड़ने का कार्य किया, लेकिन आज हमें ऐसी नीतियाँ बनानी हैं जो विविधता में एकता को पोषित करें, भारतीय मूल्यों की रक्षा करें, और हमारे बच्चों को इस गौरवशाली संस्कृति से जोड़ें। औरंगज़ेब का नाम लेना आज भी हमारे समाज में घृणा और आक्रोश का कारण बनता है, और यह स्वाभाविक भी है। उसकी क्रूरताएं, उसकी विभाजनकारी नीतियां और उसकी कलाओं के पीछे छिपा धार्मिक एजेंडा किसी भी समझदार भारतीय को चिंतित करता है। पर क्या हम अपने बच्चों को केवल औरंगज़ेब की कहानियां सुनाकर एक रचनात्मक राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं? हमें आज शिवाजी और संभाजी जैसे युगपुरुषों के विचारों को आत्मसात करना होगा। हमें उन लोगों की परंपरा को जीवित रखना होगा जिन्होंने औरंगज़ेब जैसे अत्याचारियों के विरुद्ध हिंदवी स्वराज की स्थापना की थी। इतिहास में औरंगज़ेब को केवल इसलिए याद नहीं रखा जाना चाहिए कि उसने कितने मंदिर तोड़े, या कितने धर्मांतरण कराए, बल्कि इसलिए याद रखा जाना चाहिए कि उसने हमें यह सिखाया कि अगर हम सतर्क न रहें, अगर हम अपनी संस्कृति और अस्मिता की रक्षा के लिए एकजुट न हों, तो कैसे कोई सत्ता धर्म के नाम पर विनाश का मार्ग अपना सकती है। वह स्मृति एक चेतावनी के रूप में आवश्यक है, पर उस चेतावनी को लेकर हमें भविष्य के लिए योजनाएं बनानी होंगी, न कि उस अंधकार में खो जाना होगा। आज भारत को एक नई भूमिका में देखा जा रहा है। वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति सशक्त हो रही है। विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, सैन्य, अंतरिक्ष, आयुर्विज्ञान - हर क्षेत्र में भारत प्रगति कर रहा है। ऐसे में अगर हम अपने राष्ट्रीय संवाद को केवल औरंगज़ेब की आलोचना तक सीमित रखें, तो यह हमारी ऊर्जा का अपव्यय होगा। हमें अपने युवाओं को औरंगज़ेब के अन्यायों की जानकारी देनी चाहिए, लेकिन साथ ही यह भी सिखाना चाहिए कि उनसे आगे बढ़कर कैसे एक समरस, शक्तिशाली और सांस्कृतिक रूप से संपन्न राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। आज भी कुछ शक्तियां हैं जो औरंगज़ेब की विरासत को पुनर्जीवित करने का प्रयास करती हैं-चाहे वह शिक्षा के माध्यम से हो, इतिहास के विकृतिकरण द्वारा हो, या राजनीतिक समर्थन द्वारा। उनका विरोध करना हमारा नैतिक दायित्व है। पर इस विरोध को केवल प्रतिक्रिया तक सीमित न रखें -इसे एक रचनात्मक आंदोलन बनाएं। हमारे विद्यालयों में बालकों को हिंदू दर्शन, संस्कृति, इतिहास, और भारत की परंपरा से जोड़ना चाहिए। आधुनिकता के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना का संचार करना चाहिए। हमें ऐसे संस्थान खड़े करने होंगे जो न केवल इतिहास के अन्यायों को उजागर करें, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को यह सिखाएं कि उन्हें दोहराना नहीं है। औरंगज़ेब के शासनकाल की तरह एक भी कालखंड फिर इस धरती पर न लौटे-इसके लिए हमें शिक्षित, संगठित और संस्कारित समाज चाहिए। और वह केवल नकारात्मक आलोचना से नहीं बनता, बल्कि सकारात्मक निर्माण से बनता है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि औरंगज़ेब जैसे शासक को भूलना नहीं चाहिए, लेकिन उसे केंद्र में रखकर ही संवाद करना, उसका नाम बार-बार दोहराना, एक प्रकार की मानसिक गुलामी जैसा है। जैसे मुग़लों ने वास्तुशिल्प, संगीत या शिलालेखों के माध्यम से सत्ता को स्थायित्व देने का प्रयास किया, वैसे ही आज की भारतीय चेतना को आत्मबल, सांस्कृतिक गौरव और नवचेतना के द्वारा स्थायित्व देना होगा। हमें औरंगज़ेब की आलोचना करते हुए भी, अपनी ऊर्जा का अधिकतम भाग राष्ट्र-निर्माण में लगाना होगा। गांव से लेकर शहर तक, विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक, सामाजिक संगठनों से लेकर सरकारी नीतियों तक -सबका केंद्र बिंदु यही होना चाहिए कि अगली पीढ़ी ऐसी हो जो औरंगज़ेब जैसी विभाजनकारी शक्तियों को पहचान सके और उनका प्रतिकार कर सके। कला, साहित्य, संगीत, शिक्षा, मीडिया -हर क्षेत्र में हमें सांस्कृतिक पुनर्जागरण का बीज बोना है। एक ऐसा भारत निर्मित करना है जो न केवल तकनीकी रूप से सशक्त हो, बल्कि आध्यात्मिक रूप से भी जागरूक हो। भारत को वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के साथ विश्व पटल पर एक आदर्श के रूप में प्रस्तुत करना है। हमें अपने बच्चों को केवल यह नहीं बताना कि औरंगज़ेब कितना अत्याचारी था, बल्कि यह भी बताना है कि शिवाजी और संभाजी जैसे महानायक किस महान मूल्य की रक्षा कर रहे थे। हमें यह स्मरण कराना है कि उन्होंने केवल एक शासक के विरुद्ध युद्ध नहीं लड़ा, बल्कि उन्होंने भारतीय आत्मा की रक्षा की थी। इसलिए, अब समय है कि हम औरंगज़ेब की स्मृति को केवल एक चेतावनी की तरह याद रखें, और अपने संवाद, योजनाओं, नीतियों और प्रयत्नों का केंद्र भविष्य को बनाएं। वह भविष्य जिसमें भारत न केवल आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से महान बने, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी विश्व का मार्गदर्शक बने।

## संपादकीय

# अयोध्या के राम एक बार फिर निशाने पर




अयोध्या के राम एक बार फिर निशाने पर है ।पूरे 45 साल पहले राम नाम को चुनावी बाजार में उतारने वाली भाजपा देश के शेष 10 राज्यों पर सत्तारूढ़ होने के लिए एक बार फिर रामायुध लेकर निकल पड़ी है। इस बार भाजपा का लक्ष्य दक्षिण के साथ पूरब का बंगाल जीतने का भी है। भाजपा ने अपने वानर-भालू इन दोनों ही दिशाओं में तैनात कर दिए हैं। रामनवमी से ये अभियान शुरू हो गया है। सत्तारूढ़ होने के लिए राम को साधन और साध्य बनाने वाली भाजपा का दुस्साहस देखिये कि वो एक और बंगाल में तृणमूल कांग्रेस से मोर्चा ले रही है तो दक्षिण में तमिलनाडु में मुख्यमंत्री स्टालिन से भाषा के मुद्दे पर मोर्चा खोल चुकी है। सबसे पहले बंगाल की बात करते है। बंगाल में रामनवमी जो कुछ दिखा, वह ममता की धड़कनें बढ़ाने वाला है। भाजपा नेता अब खुलेआम '70 फीसदी हिन्दू राम की सेना' की बातें करने लगे हैं। उधर, आरएसएस और विश्व हिन्दू परिषद भी अब सिर्फ बंगाल ही बंगाल का जाप कर रही है है. भाजपा चौतरफा जोर लगाकर बंगाल में सत्ता का खेल बदलने की तैयारी में है।

भाजपा हमेशा से ध्रुवीकरण को जीत का अमोघ अस्त्र मानती है। रामनवमी पर भाजपा ने , आरएसएस और वीएचपी के साथ मिलकर पूरे बंगाल में 2000 से ज्यादा शोभायात्राएं निकालीं। भाजपा का दावा है कि इस बार एक करोड़ से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे. यह हिंदू ध्रुवीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, आपको ज्ञात ही होगा कि पश्चिम बंगाल की आबादी में हिंदुओं की हिस्सेदारी करीब 70 प्रतिशत है, जबकि मुस्लिम आबादी लगभग 27 प्रतिशत है। वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को 38.15 प्रतिशत वोट मिले थे और उसने 77 सीटें जीती थीं. वहीं टीएमसी ने 48 फीसदी वोटों के साथ 215 सीटों पर कब्जा किया था। वोट शेयर में दोनों पार्टियों के बीच करीब 10 प्रतिशत का अंतर है। . भाजपा का मानना है कि अगर वह हिंदू वोटरों के अतिरिक्त 5-7 प्रतिशत को अपने पक्ष में कर ले, तो खेल बदल सकता है,यानि खेला हो सकता है।

इसी एजेंडे के तहत पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर पूर्वी मेदिनीपुर के सोनचूरा में राम मंदिर की आधारशिला रखी। यह मंदिर नंदीग्राम में बनाया जाएगा। सुवेंदु अधिकारी नंदीग्राम से ही भाजपा विधायक हैं। 2007 में तृणमूल कांग्रेस ने ममता बनर्जी के नेतृत्व में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ नंदीग्राम में ही बड़ा आंदोलन किया था।.6 जनवरी 2007 को भूमि अधिग्रहण आंदोलन के दौरान सोनाचुरा गांव में गोली लगने से सात लोगों की जान गई थी।

आइये अब आपको तमिलनाडु ले चलते है। रामनवमी को ही तमिलनाडु में प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी ने रामेश्वरम में नए पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली अन्य विकास योजनाओं का शुभारंभ किया।लेकिन मुख्यमंत्री स्टालिन मोदी जी के इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। आपको बता दें कि भाजपा और स्टालिन में परिसीमन के मुद्दे पर ठनी हुई है।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर राज्य के लोगों की आशंकाओं को दूर करना चाहिए।स्टालिन ने कहा कि मोदी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए ताकि तमिलनाडु के अधिकारों पर अंकुश नहीं लगे।

प्रधानमंत्री मोदी जी रामेश्वरम (तमिलनाडु)तमिलनाडु के रामेश्वरम में 700 करोड़ की लागत से बने एशिया के पहले वर्टिकल सी ब्रिज का उद्घाटन करने गए थे,उन्होंने और रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई।लेकिन मोदी यहां भी राजनीति करने से बाज नहीं आये । उन्होंने त्रिभाषा फार्मूले से जुड़े विवाद पर तमिलनाडु की स्टालिन सरकार पर तंज कसा और कहा कि केंद्र सरकार के पास चेन्नई से रोज कई चिट्ठियां आती हैं, लेकिन हैरत होती है कि उनपर तमिलनाडु के नेता तमिल में हस्ताक्षर भी नहीं करते। पीएम ने स्टालिन सरकार से आग्रह किया कि तमिलनाडु में भी मेडिकल की पढ़ाई स्थानीय तमिल भाषा में कराने का प्रबंध होना चाहिए, ताकि अंग्रेजी नहीं जानने वाले गरीब बच्चों को भी डाक्टर बनने में सहूलियत हो । मोदी जी ने तमिलनाडु में भी राम नाम का जाप किया और कहा कि कुछ घंटे पहले ही अयोध्या के भव्य मंदिर में सूर्य की किरणों ने श्रीराम को तिलक किया है। उपस्थित जनसमूह से उन्होंने जय श्रीराम के नारे भी लगवाए। मोदी जी जय हिन्द नहीं कहते वे जय श्रीराम कि नारे लगवाते हैं ,क्योंकि वे नहीं मानते की भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। उनकी नजर में भारत हिन्दू राष्ट्र था और हिन्दू राष्ट्र है।

भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि सभी नेता भी आजकल जमुहाई भी लेते हैं तो राम का नाम लेते हुए लेते हैं। भाजपाइयों ने पढ़ लिया है कि -

राम-राम कह जे जमुहाई
तिन्ह न पाप-पुंज समुहाई।

भाजपा राजसत्ता हासिल कर जन कल्याण करने से पहले देश में राम राज का लेबल लगाकर संघराज लाना चाहती है। उसकी कोशिश की जिसे सराहना करना है वो सराहना करे,जिसे विरोध करना है वो विरोध करे। हमारा काम तो सियासत में राम नाम के दुरूपयोग के प्रति आपको आगाह करना है । राम हमारे भी आराध्य हैं ,लेकिन सियासत के लिए नहीं। अपने राम को सियासी दलदल से बाहर निकालिये। क्योंकि राम कभी सत्ता के पीछे नहीं भागे जबकि भाजपा की हर कोशिश सत्ता हासिल करने के लिए है।

**राकेश अचल**

# मणिपुर में शांति की पहल



मणिपुर में शांति बहाली के लिए केन्द्र सरकार की तरफ से हाल ही के दिनों में कई कदम उठाए गए हैं। राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के बाद वार्ताओं का दौर जारी है। मैतेई और कुकी दोनों समुदायों में 13 बार बातचीत के बाद गृह मंत्रालय ने महत्वपूर्ण बातचीत की है। मई 2023 में शुरू हुए दोनों समुदायों के बीच संघर्ष का समाधान खोजने के लिए और शांति तथा सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह स्वयं मणिपुर की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा भड़कने के बाद अब तक करीब 260 लोगों की जान जा चुकी है और हजारों लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरी जगह जाना पड़ा था। दो दिन पहले, मणिपुर के कांगपोकपी जिले में स्थित कुकी नेतृत्व ने वार्ता के लिए तीन शर्तें रखी थीं। मैतेई और कुकी समुदायों के बहुल वाले क्षेत्रों में एक-दूसरे की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया जाए। शांति वार्ता के लिए कम से कम छह महीने के लिए संघर्ष विराम लागू किया जाए। इस संघर्ष विराम के दौरान औपचारिक और ठोस संवाद प्रक्रिया शुरू की जाए। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि केंद्र सरकार ने इन शर्तों को स्वीकार किया है या नहीं।

मणिपुर में दोनों समुदायों में खाई इतनी चौड़ी हो गई है कि अब दोनों समुदाय एक-दूसरे के इलाकों में जाने से परहेज कर रहे हैं। राहत शिविरों में अजीब सा सन्नाटा है। हिंसा का अग्नि बीज बहुत पुराना है कि सरकार और समाज आज भी इसका समाधान नहीं खोज पाये हैं। आखिर स्थितियां खतरनाक मोड़ पर पहुंची ही क्यों? कुकी समुदाय कहता है कि मैतेई प्रभुत्व वाले राज्य प्रशासन द्वारा उनके साथ भेदभाव किया गया। पहाड़ी क्षेत्रों के लिए एक अलग प्रशासनिक क्षेत्र की मांग बहुत पुरानी है। एक लोकतांत्रिक गैर पक्षपातपूर्ण और केन्द्रित दृष्टिकोण पहले ही मणिपुर को शांति की राह पर वापिस ला सकता था लेकिन अभी तक इसके लिए प्रयास ही नहीं? किए गए। एक ही राज्य के दो भाईचारे वाले लोगों के बीच उभरे मुद्दों को सुलझाने के लिए राज्य सरकार ने भी सुरक्षा बलों का सहारा लिया। जब मैतेई समुदाय को आरक्षण देने का फैसला किया गया तो कुकी समुदाय में आक्रोश भड़क उठा। धीरे-धीरे हिंसा ने पूरे राज्य को अपनी गिरफ्त में ले लिया और हालात नियंत्रण से बाहर होते गए।

कुकी समुदाय के कुछ वर्गों ने भाजपा सरकार के वन निष्कासन अभियान को उन्हें निशाना बनाने की कोशिश के रूप में देखा था और एक नए न्यायालय के आदेश को लेकर चिंता थी जिसमें सुझाव दिया गया था कि एसटी दर्जे के लिए मैतेई की मांग-आदिवासियों और बहुसंख्यक समुदाय के बीच लंबे समय से चली आ रही झड़प पर विचार किया जाना चाहिए। 2015 से ही परेशानी बढ़ रही थी, जब मैतेई के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने तीन कानूनों को मंजूरी दी थी, जिन्हें मैतेई के पक्ष में देखा गया था। इससे जो बात मदद नहीं कर पाई, वह थी वर्तमान मुख्यमंत्री सिंह की आदिवासी-विरोधी छवि, जिसे "बाहरी लोगों"के बारे में की गई कई टिप्पणियों से बल मिला जिसे कुछ लोगों ने कुकी लोगों के लिए एक चेतावनी के रूप में देखा। इसलिए जब कुकी भाजपा विधायक ने 27 अप्रैल को चूड़ाचांदपुर में उद्घाटन समारोह में सीएम को आमंत्रित किया तो तनाव बढ़ गया। प्रदर्शनकारियों ने सबसे पहले एक जिम में आग लगा दी जो उस खेल परिसर का हिस्सा था जिसका उद्घाटन होना था। कुकी नेताओं के नेतृत्व वाले आदिवासी छात्र संगठन स्वदेशी आदिवासी नेता मंच ने जिले में बंद का आह्वान करने के कुछ घंटों बाद प्रदर्शनकारियों ने अगले दिन फिर से कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ की।

इसके बाद हिंसा का दावानल शुरू हो गया। "मणिपुर में मूल पहेली-समुदायों के बीच और कुछ समुदायों और प्रशासन के बीच विश्वास की कमी को राज्य सरकार द्वारा संबोधित नहीं किया गया है। इसे एक सुरक्षित दृष्टिकोण से हल नहीं किया जा सकता है, जैसा कि पिछले 2वर्षों में स्पष्ट हो चुका है। इसके लिए एक राजनीतिक प्रक्रिया की आवश्यकता है जो सभी पक्षों की चिंताओं को संवेदनशीलता से सुनती हो और ऐसे नेता हों जिन पर हर समुदाय का विश्वास हो और इसके लिए जवाबदेही की एक स्पष्ट और पारदर्शी प्रक्रिया की आवश्यकता है जहां हिंसा के हर पीड़ित को अदालत में अपना समय मिले और निष्पक्ष न्याय मिले। एक घायल राज्य को मरहम की जरूरत है, न कि बल और राजनीतिक दिखावे की।"

अब सुरक्षा बल प्रतिबंधित संगठनों पर कार्रवाई कर रहे हैं। लूटे गए हथियारों की बरामदगी की जा रही है। जरूरत इस बात की है कि दोनों समुदायों में विश्वास बहाल किया जा सके। इसके लिए राहत शिविरों में रह रहे लोगों का पुनर्वास किया जाए और दोनों समुदायों को संतुष्ट करने के लिए राजनीतिक समाधान निकाला जाए।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो०- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# नेशनल मीडिया प्रेस क्लब में रवींद्र शर्मा प्रदेश अध्यक्ष, व अरविंद दीक्षित प्रदेश प्रवक्ता पद पर नियुक्ति

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** भारत में पत्रकारों अधिवक्ताओं व समाजसेवियों के हित में संघर्षशील राष्ट्रीय संगठन नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के प्रशासनिक कार्यालय श्यामनगर कानपुर में सदस्यों व पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया था। जहां पर शिरकत करने पहुंचे दि लॉयर्स एसोसिएशन कानपुर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट पं. रवींद्र शर्मा व कानपुर बार एसोसिएशन कानपुर नगर के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अरविंद दीक्षित ने संगठन नीतियों की प्रशंसा करते हुए संगठन के साथ एक विशाल रणनीति के तहत सरकार से पत्रकार व अधिवक्ता हितों पर संघर्ष करने की इच्छा व्यक्त करते हुए आश्वाशन दिया कि शासन प्रशासन द्वारा उनके हक में नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के साथ कंधे से कन्धा मिलाकर संगठित होकर मांग की जाएगी। किसी भी पत्रकार व अधिवक्ता समाज पर अन्याय नहीं सहन किया जाएगा अभी तक आपके संगठन द्वारा जो भी कार्य किए जा रहे हैं उसे पूरे प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में सराहना की जा रही है अब हम सब मिलकर इसे और मजबूत बनाने में पूर्णतया योगदान देंगे। नेशनल मीडिया प्रेस क्लब द्वारा मनोनीत किए गए दि लॉयर्स एसोसिएशन कानपुर नगर पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट पंडित रविन्द्र शर्मा को प्रदेश अध्यक्ष व कानपुर बार एसोसिएशन कानपुर नगर पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट अरविंद दीक्षित को प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत होने पर संगठन परिवार में ही नहीं बल्कि कानपुर कचेहरी परिसर में खुशी का माहौल देखने को मिला।



बैठक में प्रमुख रूप से नेशनल मीडिया प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष एम डी शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सलाहकार एडवोकेट ज्ञानेन्द्र कटियार, राष्ट्रीय संरक्षिका डॉक्टर पदमा, प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पंडित रविन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री ठाकुर अंजली सिंह, प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट अरविंद दीक्षित, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉक्टर बलबीर कपाड़िया, मण्डल अध्यक्ष एडवोकेट अवधेश सिंह तोमर, मण्डल उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप कटियार, मण्डल महामंत्री वीरेन्द्र शर्मा, खुलासा कानपुर संपादक संजय शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्णा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हामिद हुसैन, जिला महामंत्री एस पी सिंह, जिला मंत्री सौरव वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी आमिर हुसैन, जिला संगठन मंत्री विष्णु ठाकुर, जिला प्रचार मंत्री बबिता वर्मा, जिला प्रचार मंत्री सीमा श्रीवास्तव, पूर्व जिला महामंत्री मोहम्मद जुनैद, पूर्व जिला मीडिया प्रभारी शादाब रईस, पूर्व प्रचार मंत्री सुहैल मंसूरी, पूर्व सूचना मंत्री अमर वर्मा, कानपुर देहात जिला उपाध्यक्ष अर्पित सिंह, वरिष्ठ पत्रकार व फिल्म अभिनेता अजय त्रिपाठी, मनोज कुमार कटियार, रवि श्रीवास्तव, मुनीश शर्मा, राजेश कुमार गुप्ता, अर्पित सिंह राजावत, जितेंद्र कुमार, ओमवीर, दिनकर जी, मोहम्मद शफीक, इशरार अहमद, जय कृष्णा कौशल, मोहम्मद अमान, अनिल कुमार, अभय त्रिपाठी, शिवम सिंह, मोहम्मद फरमान, अजय कुमार, आयुष भारद्वाज, राजेन्द्र कुमार, अनूप, मेराज अहमद, मोहम्मद सैफ, मोहम्मद शाहनवाज, डॉक्टर ओजस्व गुप्ता सहित सैकड़ों सदस्य व पदाधिकारी रहे उपस्थित।

# प्रदेश में अब नहीं चलेंगे अनरजिस्टर्ड ई-रिक्शा, 161 पर कार्रवाई

● मुख्यमंत्री और परिवहन आयुक्त के निर्देशन में चल रहा अभियान

स्वतंत्र प्रभात


**कानपुर।** प्रदेश में ई-रिक्शा एवं नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा के संचालन से हो रही दुर्घटनाओं के सन्दर्भ में मुख्यमंत्री के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश में ई-रिक्शा संचालन को सुव्यवस्थित करने और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है । यह अभियान दिनांक 01.04.2025 से 30.04.2025 तक परिवहन विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जा रहा है । उत्तर प्रदेश की सड़कों पर अवैध और अनियमित रूप से संचालित ई-रिक्शा के कारण होने वाले यातायात नियंत्रण और दुर्घटनाओं को रोकने हेतु आज दिनांक



07.04.2025 को जनपद कानपुर नगर में पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें अम्बुज, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कहकशां खातून, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), आर.के. वर्मा, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मानवेन्द्र प्रताप सिंह, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, दिनेश कुमार, यात्रीकर अधिकारी, कानपुर नगर, अनिल कुमार, यात्रीकर अधिकारी एवं दीपक सिंह, यात्रीकर अधिकारी द्वारा यातायात पुलिस के साथ कुल 165 ई-रिक्शा वाहनों के विरूद्ध संयुक्त रूप से चालान /बन्द की कार्यवाही की गयी । साथ ही नाबालिकों द्वारा ई-रिक्शा वाहन न चालाने एवं समस्त आम जनमानस को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### टुंडे कबाब की किचन में लगी आग, दमकल ने बुझाई



**कानपुर।** आज दिनांक 6.4.25 को नवीन मार्केट में टुंडे कबाब की किचन में आग की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए कुल 3 यूनिट अतिशीघ्र पहुंची एवं आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया गया, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### अनपरा में आज भक्तिमय कार्यक्रम, बालाजी की ध्वज यात्रा और भजन संध्या




**अनपरा सोनभद्र।** अनपरा में आज, दिनांक 08 अप्रैल, 2025, मंगलवार को एक भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 8 बजे श्री सालासर बालाजी महाराज जी की भव्य ध्वज यात्रा के साथ होगी। यह यात्रा राम जानकी मंदिर से प्रारंभ होकर अनपरा कॉलोनी स्थित मिनिस्टीरियल क्लब की ओर प्रस्थान करेगी। मिनिस्टीरियल क्लब पहुंचने पर, वृन्दावन से पधारे आचार्य दुर्गेश नंदन मिश्र द्वारा सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा, जिससे वातावरण भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत हो जाएगा।इसके पश्चात, शाम 5 बजे से एक भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। पंजाब की लोकप्रिय भजन गायिका परविंदर पलक अपनी मधुर आवाज में भक्ति रस की धारा बहाएंगी। उनका साथ देंगे सोनभद्र के प्रसिद्ध भजन गायक संजीव शर्मा जी और चोपन से आए भजन गायक दीपक पांडेय जी, जो अपनी गायकी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।इस भक्तिमय कार्यक्रम का समापन रात्रि 8ऽ15 बजे प्रसाद वितरण के साथ होगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से इस पावन कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

### नगर पंचायत की जमीन से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने की मांग

**सिंगाही खीरी।** कस्बे के मेन मार्केट सिंगाही में महारानी सूरत कुमारी मार्ग वार्ड नंबर 13 में भूमाफियाओं द्वारा नगर पंचायत सिंगाही की भूमि पर पुनःअवैध कब्जा पक्का निर्माण कर चार दुकान बनाई गई है। बीते 1 वर्ष पहले जनवरी माह में तहसील निघासन प्रशासन के द्वारा बुलडोजर की कार्यवाही करते हुए भू माफियाओं से नगर पंचायत सिंगाही मेन मार्केट की भूमि पर अवैध कब्जा खाली कराया गया था। और नगर पंचायत सिंगाही के सक्षम अधिकारी के द्वारा नगर पंचायत की भूमि पर अवैध कब्जा के संबंध में भूमाफियाओं को खाली करने के लिए नोटिस जारी की गई थी लेकिन नगर पंचायत प्रशासन की मिली भगत से पुनः रसूख भू माफियाओं के द्वारा पक्का निर्माण कर लिया गया नगर पंचायत की भूमि पर मेन मार्केट में बनाई गई चार दुकानों की जगह नगर पंचायत सिंगाही की है जिसकी कीमत करोड़ों में है जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है प्रशासनिक अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं।योगी सरकार में बेखौफ होकर भू माफियाओं के द्वारा किया गया अवैध कब्जा बुलडोजर की कार्रवाई हुई हवा हवाई।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध कब्जा कर बनाई गई दुकानों में नगर पंचायत की भूमि 5 मीटर बताई जा रही है।

### ऋण के लिए करें ऑनलाइन आवेदन

**चित्रकूट-** उप आयुक्त उद्योग एसके केशरवानी ने बताया कि एमएसएमई इकाईयों को गति प्रदान करने तथा क्षेत्र में अधिक रोजगार सृजन किए जाने व प्रदेश में पूँजी निवेश को आकर्षित करने के लिए वर्तमान वर्ष में 1.5 लाख नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित किए जाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसकी पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का प्रारम्भ किया गया है। बताया कि जिला चित्रकूट के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में 900 नई सूक्ष्म इकाईयों को स्थापित करने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। बताया कि इस योजना के तहत नई सूक्ष्म इकाईयां स्थापित करने के लिए युवाओं को चार वर्षो के लिए बिना ब्याज पर पांच लाख रुपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। बताया कि इस योजना में का लाभ प्राप्त करने के लिए लाभार्थी विभाग की वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन कर सकते है।

# डीसीपी साउथ ने जनसुनवाई में पुलिस को दिए दिशा-निर्देश



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 07.04.2025 को पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्र नाथ चौधरी द्वारा अपने कार्यालय पर जन-सुनवाई की। जन-सुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं को सुना और उनके समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जन शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे इन समस्याओं को समयबद्ध तरीके से हल करें। शिकायतों के निस्तारण में देरी न हो, इसके लिए संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया गया कि वे त्वरित कार्रवाई करें और शिकायतकर्ता को समाधान की जानकारी दें। आगंतुकों और पीड़ितों से सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाए और बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जाए। सभी फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक और धैर्यपूर्वक सुना जाए व शीघ्र निस्तारण किया जाए । स्थानीय स्तर पर बार-बार आने वाली समस्याओं को प्राथमिकता से निपटाने को कहा गया ।

## नौ अप्रैल तक विद्यालय के माध्यम से कराएं संशोधन




**चित्रकूट-** जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद की वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों के शैक्षिक विवरणों में यदि किसी भी प्रकार की त्रुटि हो तो माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर प्रधानाचार्य द्वारा लॉगइन कर निर्धारित प्रारूप पर मैन्युअल को डाउनलोड कर अपेक्षित संशोधन का विवरण अंकित कर सत्यापित करते हुए उनसे अनुमोदित कराने के बाद वेबसाइट पर पुनः लॉगइन कर पूरित प्रारूप सहित समस्त आवश्यक साक्ष्य व प्रपत्रों को अपलोड कर दें। बताया कि इसके लिए नौ अप्रैल की शाम छह बजे तक परिषद की वेबसाइट क्रियाशील रहेगी। कहा कि निर्धारित समय सीमा के बाद शैक्षिक विवरणों के संशोधन की अपेक्षा करने वाले विद्यालयों पर दण्ड अधिरोपित किया जाएगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत गुवाँव विकासखंड कप्तानगंज बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पटखौली राजा विकासखंड कप्तानगंज बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 08/04/2025 से दिनाँक 21/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान गुवाँव ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्तें -**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम गुवाँव के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम गुवाँव के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**उदिताशु शुक्ल**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गुवाँव विकास खंड कप्तानगंज**
**जनपद बस्ती**

**मनोज कुमार**
**ग्राम प्रधान ग्राम**
**पंचायत गुवाँव विकासखण्ड कप्तानगंज**
**जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत परास डीह विकासखंड गौर बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत परास डीह विकासखंड गौर बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 9/04/2025 से दिनाँक 18/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान परास डीह ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्तें -**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम परास डीह के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम परास डीह के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**सूरज पांडेय**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत परास डीह विकास खंड गौर**
**जनपद बस्ती**

**कुमारी**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत परास डीह विकासखण्ड गौर**
**जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत पटखौली राजा विकासखंड कप्तानगंज बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पटखौली राजा विकासखंड कप्तानगंज बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 16/04/2025 से दिनाँक 24/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान पटखौली राजा ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्तें -**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम पटखौली राजा के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पटखौली राजा के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**उदिताशु शुक्ल**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत पटखौली**
**राजा विकास खंड कप्तानगंज**
**जनपद बस्ती**

**मनोज कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत पटखौली**
**राजा विकासखण्ड कप्तानगंज**
**जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत अइलाकला विकासखंड गौर बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत अइलाकला विकासखंड गौर बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 9/04/2025 से दिनाँक 18/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान अइलाकला ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्तें-**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम अइलाकला के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम अइलाकला के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**महेंद्र नाथ**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत अइलाकला विकास खंड गौर**
**जनपद बस्ती**

**राम केश**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत अइलाकला विकासखण्ड गौर**
**जनपद बस्ती**

## कार्यालय ग्राम पंचायत गौर विकासखंड गौर बस्ती

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत गौर विकासखंड गौर बस्ती में मनरेगा, राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त, बी. आर. जी. एफ. एक अन्य योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025/2026 कराये जाने वाले कार्यो पर सामग्री आपूर्ति हेतु मुहरबंद निविदाएं इच्छुक आपूर्तिकर्ताओ से दिनोंक 9/04/2025 से दिनाँक 18/04/2025 को 2:00 बजे तक आमांत्रित की जाती है। मुहरबंद निविदाएं ग्राम प्रधान गौर ग्राम पंचायत सचिवकी उपस्थित में निविदाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियो के समक्ष उसी दिन उपराहन 2:00 बजे निविदा खोली जायेगी। किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय से नियमानुसार निविदा मूल्य प्राप्त की जा सकती है। निविदा दाता नियतानुसार 1-टिन नं0 2-पेन नं0 की मूल प्रतियों प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**शर्तें-**

1. अनुबंध गठन के समय धरोहर धनराशि 6 प्रतिशत एन.एस.सी/एफ.डी. आर. अथवा नियमानुसार अनुमान्य ग्राम पंचायत पक्ष में बंधक होगी
, मूल रूप में जो ग्राम गौर के पक्ष में बंधक होगी, मूल रूप में जमा करना होगा।
2. न्यूनतम दर वाले निविदादाता/आपूर्तिकर्ता आदेश उपरान्त 7 दिनो के अन्दर सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।
3. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की सीमा क्षेत्र के किसी भी स्थल पर हो सकती है। अधोमानक सामग्री क्षेत्र के आपूर्ति होने पर आपूर्ति आदेश निरस्त कर धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. नियमानुसार देय आयकर, व्यापारकर, रायल्टी, स्टैम्प ड्यूटी आदिर देना आवश्यक होगा 1
5. सशर्त निविदाएं स्वीकार नही की जायेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य किसी भी दशा में वापस नहीं होगा।
6. प्राप्त सभी निविदा प्रपत्रो में पहले यह परीक्षण किया जायेगा कि निविदादाता ने समस्त वाच्छित प्रमाणपत्र को संलग्न किया है। या नहीं इनमें किसी प्रकार की कमी पाये जाने पर निविदादाता द्वारा दी गयी दरें तुलनात्मक विवरण में अंकित नही की जायेगी।
7. निविदा को विना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम गौर के पास सुरक्षित अधिकार होगा।

**प्रशांत पांडेय**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत गौर विकास खंड गौर**
**जनपद बस्ती**

**राजेश कुमार**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत गौर विकासखण्ड गौर**
**जनपद बस्ती**

## संक्षिप्त खबरें

### नगर मिश्रिख में रामनवमी पर भव्य शोभायात्रा का हुआ आयोजन

मिश्रिख (सीतापुर) मर्यादापुरुषोत्तम प्रभू श्री राम के जन्म दिवस रामनवमी पर नगर मिश्रिख में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों की संख्या में रामभक्तों ने भाग लिया। आपको बता दें । कि रामनवमी के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मिश्रिख द्वारा विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें संघ सहित सभी अनुसांगिक संगठनों ने भी इस बाइक रैली में भाग लिया । इस विशाल रैली के आयोजक अविजित मिश्रा व यात्रा संयोजक पूर्व विभाग संयोजक अभाविप मयंक शेखर शुक्ल रहे। कई दिन पहले इस शोभा यात्रा की तैयारियां की जा रही थी। जिसमें सूर्य प्रताप सिंह, दिव्यांश बाजपेई, बीरू मिश्रा नैमिष,वेद मिश्र, अभिषेक अवस्थी,शुभम त्रिवेदी, मंजुल,अजय चौबे,रवि मिश्रा, विश्वजीत वर्मा,ने यात्रा समिति के रूप में शोभा यात्रा का आयोजन किया, यात्रा में नगर के व्यापारियों सरोजनी मेडिकल स्टोर, संतोष गुप्ता,सोनू सागर, प्रशांत वर्मा, शैलेन्द्र वैश्य आदि द्वारा पुष्प वर्षा की गई । राम नाम के जयकारों के साथ नगर के परसौली चुंगी के पास से यात्रा प्रारंभ हुई नगर भ्रमण कर नैमिषारण्य पहुंची वहां पर भी नगर भ्रमण किया गया। शोभा यात्रा का समांपन देवदेवेश्वर मंदिर में प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारी शुरू, 23 पदों के लिए 10 वकीलों ने खरीदे नामांकन पत्र, 15 अप्रैल को होगा मतदान

लहरपुर सीतापुर लहरपुर बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है सोमवार को 10 वकीलों ने नामांकन पत्र खरीदे इनमें श्रवण जायसवाल, सरोज अवस्थी, कमलेश वर्मा, बूटा सिंह, कृपाशंकर पांडे, महेंद्र कुमार द्विवेदी, लक्ष्मी नारायण बाजपेई, सुनील कुमार सिंह, आनंद वर्मा और श्रीकांत सिंह शामिल हैं चुनाव अधिकारी एडवोकेट कमलेश त्रिपाठी ने चुनाव कार्यक्रम की जानकारी दी नामांकन पत्रों की बिक्री सोमवार से बुधवार तक होगी उम्मीदवार 8 और 9 अप्रैल को नामांकन दाखिल कर सकेंगे 10 अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच होगी नाम वापस लेने की आखिरी तारीख 11 अप्रैल है जरूरत पड़ने पर 15 अप्रैल को मतदान और मतगणना होगी बार एसोसिएशन में कुल 23 पदों के लिए चुनाव होंगे अध्यक्ष और महामंत्री के लिए एक-एक पद है वरिष्ठ उपाध्यक्ष और उपाध्यक्ष के लिए पांच पद हैं कोषाध्यक्ष का एक पद है संयुक्त सचिव के तीन पद और सदस्यों के लिए 12 पद निर्धारित हैं!!

### नगर निगम ने अवैध होर्डिंग हटाये, 11 लाख 95 हजार के नोटिस भेजे

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन महानगर क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध होर्डिंग, विज्ञापन पट लगाने वाले एक दर्जन से अधिक स्कूल, जमीन फ्लैट की बिक्री करने वाले संस्थान आदि पर 11 लाख 95 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। निगम ने संबंधित फर्मो को नोटिस देते हुए कहा है कि जुर्माने की धनराशि एक सप्ताह के अंदर जमा कर दें वरना कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर आयुक्त शशांक चौधरी के आदेश के अनुपालन में शनिवार को वृन्दावन जोन सीमान्तर्गत नगर निगम की बिना अनुमति लगाये गये अवैध होर्डिग्स, विज्ञापन पटों का अपर नगर आयुक्त सीपी पाठक के नेतृत्व में सहायक नगर आयुक्त अनुज कौशिक कर अधीक्षक हरिकृष्ण गुप्ता राजस्व निरीक्षक मुकेश सिंह द्वारा चिन्हाकन किया गया। कुल 11 लाख 95 हजार रूपये जुर्माना निर्धारित करते हुये प्रत्येक फर्म को नगर निगम मथुर वृन्दावन वृन्दावन जोन द्वारा पृथक पृथक नोटिस जारी करते हुये नोटिस के माध्यम से कहा गया कि उक्त विज्ञापन होर्डिग्स को तत्काल हटाते हुये जुर्माने की धनराशि एक सप्ताह के अन्दर जमा करा दें अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार प्रत्येक फर्म के विरूद्ध क़ानूनी कार्यवाही नगर निगम द्वारा अमल में लाई जायेगी।

### शादी का आश्वासन देकर युवती से चोरी कराए जेवर, पैसा

**मथुरा।** चार साल तक युवती को शादी के झांसे में उलझाये रखा। युवती के विश्वास का फायदा उठा कर युवती को गुमराह करता रहा और युवती अपने घर से जेवरात और नकदी लाकर युवक को देती रही। इसके बाद युवक ने युवती से कह दिया कि उसकी शादी परिवार वालों ने तय कर दी है।

यह सुनकर युवती हैरान रह गई। युवती ने यह बात अपने परिजनों को बताई तो परिजन भी सकते में आ गये। इसके बाद युवक और उसके परिजनों से बात नहीं बनी तो पुलिस का सहारा लिया। युवती की ओर से दर्ज कराई शिकायत के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला थाना गोवर्धन थाना क्षेत्र का है। पीड़िता स्नातक की पढ़ाई कर रही थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात थाना नौहझील के छनपारई निवासी विष्णु चौधरी से हुई। आईपीएस ट्रेनी थाना प्रभारी की टीम ने आरोपी विष्णु को नीमगांव चौराहे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# गुरचिहवा मन्दिर पर आयोजित राम कथा क्षेत्र वासियों में छोड़ गया अमिट छाप

## राम कथा मे मुख्य अतिथि रमेश कुमार यादव ने व्यास जी को अंग वस्त्र देकर कर कथा का किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात

रमेश कुमार यादव

**बलरामपुर।** पचपेड़वा विकास खण्ड के गुरचिहवा गांव में आदि शक्ति समय माता मन्दिर पर विशाल भण्डारे व कलश विसर्जन के साथ एक सप्ताह तक चलने वाला कार्यक्रम धूम धाम से सम्पन्न हो गया। कार्यक्रम था ही इतना शानदार कि श्रध्दालु उसकी स्मृतियां भूल नही पा रहे हैं। यूं कहिये कि राम कथा कार्यक्रम अपनी अमित छाप छोड़ ? गया । बताते चलें कि पचपेड़वा विकासखण्ड के गुरचिहवा गांव में आदि शक्ति समय माता मन्दिर पर चैत्र नवरात्र के



आरम्भ से राम कथा का आयोजन किया गया था। आयोजक मण्डल ने विख्यात विदुषि साध्वी साधना को राम कथा के लिए आमंत्रित किया था समय से पहुंच साध्वी साधना ने अपना रामकथा कार्य आरम्भ किया । प्रस्तुति करण अदभूत होने के कारण रामकथा में भारी भीड़ जुटने लगी। सप्ताह में कई दिनो तक तो राम कथा में तिल धरने की जगह भी नहीं बची। साध्वी द्वारा प्रस्तुत किया गया पार्वती माता की तपस्या, शिव विवाह, रामजन्म, धनुष यज्ञ, ताड़का वध शबरी मिलन, सुग्रीव कि मित्रता लंका दहन, राम रावण युद्ध, रावण वध विभीषण राज्याभिषेक, राम का ज़ राज्याभिषेक व राम राज्य की स्थापना आदि बेस्मरणीय प्रसंग रहा। कार्य क्रम महिलाओं की संख्या भी बहुत रही। लेकिन इसी दौरान प्राचीन शिव मन्दिर का जीर्णोद्वार हेतु परिषर में ही शिव मन्दिर की अधार शिला भी रखी गई। मन्दिर कमेटी के प्रबन्धक सतीश चन्द्र मिश्रा पप्पू,कोषाध्यक्ष रामपाल यादव उर्फ छैलू ,गिरिजेश पाण्डे, अमित तिवारी एडवोकेट, रामलौटन राम दास, विक्की जायसवाल, बुद्धिमान , गुडडू प्रजापति रवि गुप्ता , कल्लू नेता, पिन्टू मिश्रा, कमलेश पाण्डेय, कथा व्यास विष्णु तिवारी जी महराज; रमेश यादव पत्रकार व अरुण देव पाठक आदि ने सराहनीय योगदान दिया और अपने परिश्रम से अपार भीड़ में रामकथा की सारी मर्यादा बनाये रखा इस प्रकार एक सप्ताह का कार्यक्रम क्षेत्र वासियों में अपनी अमिट छाप छोड़ गया।

## खून से लथपथ मिला युवक का शव इलाके में सनसनी, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

स्वतंत्र प्रभात

सदंना सीतापुर संदना थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है पाकर नारायणपुर के रहने वाले भोला की लाश गोपालपुर भट्ठा चौराहे के पास सड़क किनारे मिली मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे भोला रविवार की शाम को बिना किसी को बताए अपनी बाइक से सिधौली की तरफ निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार वालों ने उसकी तलाश शुरू की सोमवार सुबह गोपालपुर भट्ठा चौराहे के पास एक शव मिलने की सूचना मिली मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान भोला के रूप में की परिवार का कहना है कि यह हत्या का



मामला है। उनका आरोप है कि भोला के सिर और गर्दन पर चोट के निशान हैं साथ ही बाइक की सिर्फ फ्यूल टैंक टूटी है जबकि दुर्घटना में पूरी बाइक को नुकसान होना चाहिए था पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का मानना है कि यह सड़क दुर्घटना का मामला है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है!!

## 4 अवैध हॉस्पिटल को जारी नोटिस बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे थे हॉस्पिटल, 3 दिन में दस्तावेज़ नहीं दिखाने पर होंगे सीज



स्वतंत्र प्रभात

लहरपुर सीतापुर लहरपुर कस्बे में स्वास्थ्य विभाग ने अवैध अस्पतालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई और जिला नोडल अधिकारी की टीम ने सोमवार को चार अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। जांच में डॉ. सलाम का एपेक्स हॉस्पिटल बिना रजिस्ट्रेशन के चलता मिला बीके सिंह राजपूत का न्यू एस हॉस्पिटल, डॉ. समीर अंसारी का मर्सी हॉस्पिटल और नेशनल हॉस्पिटल में भी कई अनियमितताएं पाई गई। स्वास्थ्य विभाग ने सभी चार अस्पतालों को नोटिस जारी किया है उन्हें तीन दिन के भीतर अपने कानूनी दस्तावेज दिखाने होंगे डॉ. बाजपेई ने चेतावनी दी है कि समय सीमा में दस्तावेज नहीं दिखाने पर अस्पताल सीज कर दिए जाएंगे इसके साथ ही संचालकों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने कहा कि लहरपुर क्षेत्र में अन्य अवैध अस्पतालों की जांच भी जारी रहेगी विभाग मरीजों की सुरक्षा को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा!!

## विकास भवन के पीछे कूड़े में लगीं आग, खोखे तक पहुंची आग की लपटें, विद्युत लाइन गिरी, दमकल विभाग ने पाया आग पर काबू



स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर शहर कोतवाली क्षेत्र में स्थित विकास भवन कर्मचारी आवास परिसर में सोमवार दोपहर एक बड़ी घटना सामने आई परिसर के पीछे जमा कूड़े के ढेर से आग की शुरुआत हुई। आग धीरे-धीरे फैलकर पास के एक बंद खोखे तक पहुंच गई खोखे में रखी सैकड़ों बोरियां और अन्य सामान जलकर नष्ट हो गए आग की तेज लपटों की चपेट में ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन भी आ गई लाइन जलकर जमीन पर गिर गई जिससे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया समय रहते आग बुझा ली गई। जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई विकास भवन परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं आग लगने के कारणों की जांच जारी है इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ नगर प्रशासन और विद्युत विभाग ने क्षेत्र का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है!!

## नाबालिग के अपहरण के मामले में मददगार गिरफ्तार

**-एक महीने पहले गायब हुई थी नाबालिग, दर्ज कराई है रिपोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** मगोर्रा थाना क्षेत्र के कस्बा सौंख से करीब एक महीने पहले एक नाबालिग लडकी अचानक गायब हो गई थी। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने थाना मगोर्रा में रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस लगातार नाबालिग की तलाश में जुटी है। सर्विलांस और सूत्रों से पुलिस को पता चला कि नाबालिग के गायब होने में मददगार रहा व्यक्ति सौंख में ही रह रहा है इसके बाद पुलिस ने मददगार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हालांकि इसके बाद भी नाबालिग की बरामदगी नहीं हो सकी है। गली छीन गइयाँ सौंख निवासी ओमप्रकाश को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है। पीड़ित परिवार ने अधिकारियों से त्वरित कार्रवाई की मांग की है। वे अपनी बेटी की बरामदगी के लिए लगातार गुहार लगा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## मेले में मंच पर अभद्रता करने से रोकने पर मारपीट, दो घायल

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र के गणेश बाग में चौत्र नवरात्रों के उपलक्ष्य में नो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमे शनिवार की शाय को फॉग,मयूर नृत्य आदि के कार्यक्रम चल रहे थे तभी कुछ युवक शराब के नशे में धुत्त युवक मेला मंच पर चढ़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम कर रही महिला कलाकारों से अभद्रता करने लगे जिन्हें कमेटी पदाधिकारियों द्वारा मंच से नीचे उतार दिया जिसके बाद ये लोग एकजुट हो मंच मर पहुंच कर कलाकारों एवं कमेटी पदाधिकारीयो से मारपीट करने लगे कमेटी पदाधिकारियों के शोर मचाने पर ये युवक फरार हो घटना में प्रवीण व अमित के गंभीर चोटें आई है। जिन्हें उपचार हेतु हॉस्पिटल भेजा गया कमेटी अध्यक्ष विशाल पाराशर ने थाना राया में राहुल उर्फ भोला सहित उसके 3 अन्य साथियों के खिलाफ थाना राया शिकायत दर्ज करा कार्यवाही की मांग की है।इस दौरान कमेटी के दीपक चौधरी,महंत मनोज नागर,मोहित शर्मा,प्रदीप अग्रवाल, जितेंद्र शर्मा,नीरज अग्रवाल,शेखर चौधरी, आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में करें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

मथुरा। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत सचिवालय मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में परीक्षा पूर्व प्रतियोगी परीक्षा जैसे यूपी एससी, यूपी पीसीएस, नीट, जेईई, एनडीए, सीडीएस इत्यादि की तैयारी कर रहें प्रतियोगी अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण, कोचिंग में ऑफलाईन प्रवेश के लिए सत्र 2025-26 से शैक्षिक वर्ष एक जुलाई 2025 से 30 अप्रैल 2026 के मध्य निर्धारित किया गया है। इसके लिये तैयारी कर रहे छात्र छात्राएं आवेदन आमंत्रित कर सकते हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी मथुरा कक्ष संख्या 05 राजीव भवन अथवा बीएसए कॉलेज मथुरा से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र में दी गयी सभी प्रतिष्ठियों सही-सही भरकर समस्त संलग्नकों (शैक्षिक योग्यता, आय, जाति एवं निवास) संबंधी प्रमाण पत्रों सहित कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी कक्ष संख्या-05 राजीव भवन मथुरा में सात मई तक जमा करने की अंतिम तिथि है। कोर्स कोऑर्डिनेटर अभ्युदय योजना आभा सिंह से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## मेरठ में उद्योगपति की हत्या; 3 अप्रैल से लापता था उद्यमी, महरौली मार्ग पर नहर में मिला शव

स्वतंत्र प्रभात

यूपी के मेरठ जनपद में महरौली मार्ग पर छोटी नहर में एक उद्योगपित का शव मिला है. उद्योगपति 3 अप्रैल से लापता थे. पुलिस की तीन टीमें उनकी तलाश कर रही थीं. शव की स्थिति देखकर लग रहा है कि उद्योगपति की हत्या की गई है. शरीर पर चोट के निशान हैं और गोली भी लगी है. पुलिस ने मर्डर की गुत्थी सुलझाने के लिए तीन संदिग्ध को हिरासत में लिया है. शव मिलने के बाद उद्योगपित के परिवार में कोहराम मचा है। मेरठ के परतापुर थाना क्षेत्र से रहस्यमयी परिस्थितियों में 3 अप्रैल को 49 वर्षीय उद्योगपति इमरान अली लापता हो गए थे. परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी थी. इस पर पुलिस की 3 टीमें उद्योगपति की तलाश में जुट गई थीं. सोमवार को परतापुर क्षेत्र में उद्योगपति की डेड बॉडी मिली है. महरोली मार्ग पर रजवाहे (छोटी नहर) में एक शव देखा गया था. जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसे बाहर निकाला, लाश फूल चुकी थी, जिससे अंदेशा है कि हत्या दो या तीन दिन पहले की गई है. पुलिस ने जब पड़ताल की तो पता चला कि जो उद्योगपति 3 अप्रैल से लापता थे, शव उन्हीं का है. एसएसपी डॉ. विपिन ताडा का कहना है कि पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इसमें बाकी जानकारी मिलेगी. शरीर पर कई गहरे घाव हैं, गोली के भी निशान हैं. इससे लग रहा है कि हत्या की गई है। उद्योगपति इमरान की मेरठ के शताब्दीनगर इंडस्ट्रियल एरिया में डीआई कंडक्टर कॉपर के नाम से फर्म है. परिजनों के मुताबिक गुरुवार शाम वह नमाज पढ़ने के लिए घर से स्कूटर लेकर निकले थे. लेकिन, उसके बाद जब देर रात तक लौटकर नहीं आए तो बेटे आमिर ने पुलिस को जानकारी दी. जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करके उनकी तलाश शुरू की थी। एसएसपी के मुताबिक परिजनों ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सम्पर्क किया था. पुलिस इस मामले की जांच कर ही रही थी. जांच में कुछ संदिग्ध लोगों के नाम सामने आए हैं. परिजनों ने पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों पर शक जाहिर किया है। पुलिस उनको हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. जांच के दौरान ही पूर्व में इमरान की स्कूटर बरामद हुई थी. सोमवार को शव मिला है. एसएसपी मेरठ का कहना है कि इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीम लगी हैं. जल्द ही पूरे मामले में पुलिस खुलासा करेगी।

## लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग दस्तक अभियान की तैयारी, 80 आशा कार्यकर्ताओं को मिला प्रशिक्षण

स्वतंत्र प्रभात

सीतापुर लहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचारी रोग दस्तक अभियान की तैयारियां शुरू हो गई हैं सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में 80 आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेई ने बताया कि यह अभियान 10 अप्रैल से शुरू होगा इसका मुख्य उद्देश्य संचारी रोगों के प्रति लोगों को जागरूक करना है आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को कई महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देंगी इनमें साफ-सफाई कचरा प्रबंधन और मच्छरों से बचाव के उपाय शामिल हैं। वे जल जनित रोग मच्छर जनित रोग और दिमागी बुखार के बारे में भी बताएंगी जागरूकता अभियान के तहत स्कूलों में रैली निकाली जाएगी साथ ही हैंड वॉश और माता



बैठक का आयोजन किया जाएगा प्रशिक्षण बीसीपीएम मनोज कुमार वर्मा और बीपीएम गौरव सक्सेना ने दिया आशा कार्यकर्ताओं को प्रभावित रोगियों की पहचान करने और उन्हें अस्पताल में इलाज कराने के लिए प्रेरित करने का भी प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में आशा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रहे!!

# स्वतंत्रता के 77 साल बाद भी विकास के स्पर्श से वंचित रामकृष्णनगर क्षेत्र के कई गांवों के लोग

स्वतंत्र प्रभात

**श्रीभूमि।** वर्तमान सरकार सबका साथ सबका विकास इस मुहिम के माध्यम से विकास के लक्ष्य की दिशा में प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्र में विकासात्मक कार्यों द्वारा बेहतर सड़कों का निर्माण, शिक्षा, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं सहित अन्य परियोजनाओं के लिए करोड़ों रुपये आवंटित कर रही है। ताकि सामान्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा सके और नागरिकों को कोई परेशानी न हो, इस पर ध्यान रखते हुए विभिन्न स्थानों पर उत्तम गुणवत्ता के साथ विकासात्मक कार्य चल रहे हैं। लेकिन असम श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा के तहत गांधीनगर और नयाठिला अनिपुर जीपी के अंतर्गत दरगाबंद, नयाठिला, डोलूर बंध, पलटाआला आदि कई गांवों के हिंदू मुस्लिम दोनों समुदायों के लगभग डेढ़ हजार परिवारों की आवाजाही का एकमात्र सहारा है



दरगाबंध थिमाथा से शुरू होकर पलटाआला सहित कई ग्रामीण सड़क। स्कूल कॉलेज पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से लेकर इस क्षेत्र के सामान्य मेहनतकश लोग भी इस ग्रामीण सड़क का उपयोग कर प्रतिदिन आवाजाही करते हैं। लेकिन दुर्भाग्य की बात यह है कि वर्तमान की आधुनिकता के दौर में भी ग्रामीण निवासियों को हाथ में चप्पल और कंधे पर गमछा लेकर चलना पड़ता है। खासकर बारिश के मौसम में छात्रों को स्कूल में नियमित आने-जाने की तो बात छोड़ ही दीजिए, किसी आपातकालीन मरीज को अस्पताल ले जाना हो तो उस प्राचीन तरीके से झूला लेकर ही ले जाना होता है। निवासियों की शिकायत है कि चुनाव आते ही विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता वादे करते हैं और जैसे ही मतदान की नदी पार होती है, सब कुछ भूल जाते हैं। और उनके प्रति कोई जनप्रतिनिधि ध्यान देने की आवश्यकता नहीं समझता।

हालांकि, उल्लेखित ग्रामवासी पहले दक्षिण करिमगंज समष्टि का हिस्सा थे, जब डीलिमिटेशन में रामकृष्णनगर समष्टि में शामिल हुए, तब वे आशान्वित थे कि सत्ताधारी दल के विधायक मंत्री उनकी ओर देखने वाले हैं। लेकिन इस समय किसी मंत्री विधायक ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया और केवल चार किलोमीटर सड़क के मरम्मत कि काम भी अधूरा , इस पर इलाके के लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। अंततः दुख के साथ मीडिया का सामने अपने बात रखी बिफुल राय, नाजिमुद्दीन, बिमल राय, रवी राय, अब्दुल हन्नान, आसब अली सहित गाँव के सैकड़ों पुरुष और महिलाएँ मिलकर राज्य के मुख्यमंत्री और रामकृष्ण नगर विधानसभा के विधायक विजय मालाकार तथा सांसद कृपानाथ मालाह का ध्यान आकर्षित किया।

## खंडेलवाल सेवा सदन में संत सुंदर दास का जयंती महोत्सव धूमधाम से मना

**मथुरा।** श्री खंडेलवाल ग्रुप मथुरा द्वारा खंडेलवाल सेवा सदन में रामनवमी एव संत सुंदर दास की 429 वी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम संत जी के चित्रपट के सामने दीप प्रज्वलन अलीगढ़ से आए उपनिदेशक ऑडिट विकास खंडेलवाल द्वारा किया गया । उसके पश्चात संत सुन्दरदास जी की आरती की गई। कार्यक्रम में वत्स बंधुओं के द्वारा बहुत ही सुंदर भजनों का प्रस्तुतिकरण किया गया। कार्यक्रम में श्री खंडेलवाल ग्रुप द्वारा समाज रत्न के रूप में गिरधारी लाल खंडेलवाल शंकर मिठाई बालों को दुशाला उढ़ाकर एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजेन्द्र चौधरी मुकेश एडवोकेट विनोद रंग बाले बनवारी आनंद प्रकाश, सुरेश चंद सुरेंद्र टोनी अमृत ओम प्रकाश एडवोकेट गोपाल एडवोकेट गिरीश राधेलाल श्रीमती राज श्रीमती मीरा दिनेश दुसाद प्रदीप संजय गुप्ता विष्णु हरिमोहन महेश हाथिया मुकेश बटवारा महेश कोरियर संजीव खंडेलवाल लालाजी सहित सम्माननीय समाज बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुज खंडेलवाल एडवोकेट एवं संचालन राजीव खंडेलवाल द्वारा किया गया।

## शराब की दुकान हटाने की मांग मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र के गजु में सरकार के नियमो को ताक पर रख राष्ट्रीय राजमार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर कंपोजिट एवं देशी विदेशी वीयर की दुकानों को संचालित किया जा रहा है। जिसका ग्रामीणों ने विरोध जताते हुए बताया सरकार की द्वारा ठेकेदारों को शराब की दुकानों के लिए शहरी क्षेत्रों में राजमार्ग से 500 मीटर व ग्रामीण क्षेत्रो 220 मीटर का दायरे में शराब की दुकानों को खोलने के आदेश दिए गए है। जबकि थाना राया क्षेत्र के गाँव गजू में राष्ट्रीय राजमार्ग से महज 100 मीटर की दूरी पर देशी विदेशी बीयर के शराब की दुकानें संचालित हो रही है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगो मे आक्रोश व्याप्त है। गौरब चौधरी ने सीएम हेल्पलाइन नम्बर 1076 व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित ,जिलाधिकारी व जिला आबकारी अधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में देशी विदेशी मदिरा की दुकानों को अन्यंत्र स्थान पर स्थानांतरित कराने की मांग की है।

## राया में आतिशबाजी से आसमान हुआ सतरंगी



स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** राया के गणेशबाग स्थित मनकामेश्वरी देवी मंदिर पर नवमी को राया का प्रसिद्ध आतिशबाजी मेला का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज क्षेत्रों से आये अतिशबाजो ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश और ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एड ने आतिशबाजी का रिमोट चलाकर किया। इस दौरान विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि मेला समाज मे शांति और सौहार्द का वातावरण रखने में मदद करते है। कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि ब्रज के प्रमुख मेले परम्पराओं लोककला और संस्कृति विरासत को बढ़ावा देते है। मेला में आतिशबाज विनोद हाथरस , दुवे हाथरस , महेश सिरसागंज व अन्य अतिशबाजो ने अपनी आतिशबाजी का प्रदर्शन कर आसमान को सतरंगी कर दिया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों का समिति के पदाधिकारियों द्वारा माता की चुनरी ओढ़कर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रात को बनबारी लाल बेसवा अखाड़ा रामादल और साहूकार अतरौली के मध्य रसिया दंगल का रोमांचक मुकावला हुआ जिसमें विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल पूर्व चेयरमैन राकेश शर्मा विकास खण्ड अधिकारी सतेंद्र सिंह भूपेश अग्रवाल नीरज अग्रवाल डॉ नरेंद्र सिंह रावत अभिषेक पाराशर ललितमोहन गुप्ता मनोज वार्ष्णेय कालीचरन अग्रवाल रामकुमार उपाध्याय अनिल रावत विकास चौधरी दीपक चौधरी, सचिन अग्रवाल पुनीत चौबे आदि मौजूद रहे। मेला अध्यक्ष विशाल पाराशर मेला संचालक मनोज नागर ने कार्यक्रम समापन पर सभी लोगो का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन मुकेश अग्रवाल ने किया।